हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

समृद्ध किसान
समृद्ध प्रदेश
किसान
कल्याण वर्ष 2026
सहकार से समृद्धि



सांची Sanchi

गौपालक सम्मेलन

मुख्य अतिथि

अमित शाह

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भूमिपूजन

₹255 करोड़ का डेयरी प्लांट, उज्जैन

लोकार्पण

फर्मेंटेड मिल्क प्रोडक्ट प्लांट एवं
राज्यस्तरीय केन्द्रीय गुणवत्ता लैब, भोपाल
मिनी डेयरी संयंत्र, शिवपुरी

हितलाभ वितरण

दुग्ध संघ के पशुपालकों को बोनस
गौशालाओं को सहायता
कामधेनु योजना स्वीकृति पत्र वितरण

सम्मान

गौपालक दीदियों का

3 अक्टूबर 2026
बीएचईएल, दशहरा मैदान, भोपाल

मिल्क कैपिटल बनेगा
मध्यप्रदेश

9% से 20%
देश के कुल दुग्ध उत्पादन में
मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी
बढ़ाने का लक्ष्य

₹2,973 करोड़ की
दुग्ध उत्पादन और डेयरी क्षेत्र के
विकास के लिए योजनाओं को मंजूरी

26,000 गांवों में
दुग्ध सहकारी समितियों के
नेटवर्क के विस्तार का लक्ष्य

10 लाख से 50 लाख लीटर प्रतिदिन
अगले 5 वर्षों में दुग्ध संकलन
करने का लक्ष्य



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11132/26

स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन का आंदोलन बनाना जरूरी

गांधी जयंती पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जेपी अस्पताल में श्रमदान कर स्टाफ को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जेपी अस्पताल में स्वच्छता का संदेश जनभागीदारी के साथ दिया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया और स्वच्छ अस्पताल को स्वस्थ समाज की पहली जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक आदत बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन का आंदोलन बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। उप मुख्यमंत्री ने मातृ एवं शिशु रोग विभाग के सामने ऑक्सीजन प्लांट के पास साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के स्टाफ को अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने और नियमित रूप से श्रमदान में भाग लेने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे स्थानों पर स्वच्छ वातावरण का सीधा संबंध मरीजों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य से है। गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को जीवन में अपनाकर ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और चिकित्सालय का स्टाफ मौजूद रहा।


जेपी अस्पताल में सफाई करते डिप्टी सीएम शुक्ल।

कायस्थम ने गांधी-शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, भजन भी हुए

कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मप्र ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कायस्थम के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पुरानी विधानसभा मिंटो हाल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर भजन भी प्रस्तुत किए गए। कायस्थम ने कायस्थ कुल के गौरव भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की दोनों महान विभूतियां आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। इस मौके पर कायस्थम के कोषाध्यक्ष मुकुल


कायस्थम

अस्थाना, सचिव आलोक श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य संजय खरे, विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश खरे, अजय कुमार श्रीवास्तव, विष्णु कांत सहाय, उमंग खरे, रत्ना खरे, रचना सक्सेना डेविड, अर्चना भटनागर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

लहारपुर में 51 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक

स्वच्छता के साथ दिया नशामुक्ति का संदेश


स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश देते श्रद्धालु।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को गायत्री शक्तिपीठ में स्वच्छता अभियान, प्रयाज बैठक एवं नशामुक्ति जनजागरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः 10 बजे से शक्तिपीठ परिसर एवं अश्वमेध भवन में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर गांधीजी के स्वच्छता संदेश तथा शास्त्रीजी की सादगी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा को स्मरण करते हुए उन्हें सेवा और श्रमदान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोपहर 2 बजे आगामी 7 से 10 जनवरी 2027 तक लहारपुर दशहरा मैदान, बाग मुगलिया, भोपाल में आयोजित होने वाले 51 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के प्रयाज कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। इसी क्रम में मयंक राव भारद्वाज को प्रचार-प्रसार संयोजन का दायित्व सौंपा गया।

परिसर में श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

जीएमसी में लिया प्लास्टिक, रैगिंग मुक्त का संकल्प


जीएमसी में मौजूद जीएमसी स्टाफ।

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर डीन डॉ कविता एन सिंह के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्षों, छात्रों ने सेवा संकल्प अभियान का संकल्प लेकर मनाया। इस अवसर पर गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय में विभिन्न हाउसेस के विद्यार्थियों के लिए दीवार चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेता रेड हाउस को प्रशस्ति पत्र और सफाई कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । जीएमसी डीन ने संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों अस्पताल परिसर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त, रैगिंग मुक्त रखने की संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में डॉ आरपी कौशल, डॉ संध्या नायर, डॉ भारती परिहार, डॉ मनीष सूलिया, डॉ जेपी अग्रवाल, डॉ पूर्वा गोहिया, डॉ संदीप मास्कोले, डॉ ऋतु बाला सोनी, डॉ अभिजीत यादव, डॉ हुमा नुसरत, सोनम और प्रथम वर्ष के विद्यार्थी एवं संस्था के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलवे में स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी से लेकर श्रमदान तक हुए कार्यक्रम



गांधी जयंती पर शुक्रवार को भोपाल मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, कॉलोनियों और रेलवे प्रतिष्ठानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वच्छता में सहभागिता; स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम पर हुए आयोजनों में प्रभात फेरी, श्रमदान, स्वच्छता शपथ और वृक्षारोपण किया गया। हबीबगंज रेलवे कॉलोनी में निकली प्रभात फेरी में अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेंद्र बघेल समेत अधिकारी शामिल हुए। इटारसी स्टेशन पर भी प्रभात फेरी निकालकर यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। डीजल लोको शेड में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। वहीं भोपाल, बीना, इटारसी और गुना के रेलवे अस्पतालों तथा अन्य परिसरों में सफाईमित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लगाए गए। बीना में सफाईमित्रों को मास्क और पीपीई किट भी वितरित की गईं। रेलवे स्कूल इटारसी में विद्यार्थियों ने सफाई अभियान में भाग लिया।



जयंती पर श्रम और मानव गरिमा का हुआ सम्मान

गोविंदपुरा स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भेल में शुक्रवार को गांधी जयंती श्रद्धा और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। इस दौरान विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया। प्राचार्य डॉ. पूनम अवस्थी ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों का सम्मान केवल उनका सम्मान नहीं, बल्कि श्रम, स्वच्छता और मानव गरिमा का सम्मान है। कार्यक्रम में उप प्राचार्या रेखा श्रीवास्तव, शिक्षकगण और विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने स्वच्छता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

दुर्गा झांकी में न्यू मार्केट में होंगे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन


60 फीट ऊंचा बनेगा मंदिर का प्रतिरूप, 5 हजार वर्गफीट में तैयार हो रहा भव्य पंडाल

रोशनपुरा पर तैयार हो रही झांकी।


अजय देवनानी


पंकज वरदानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट दुर्गा उत्सव समिति की ओर से इस बार रोशनपुरा चौराहे पर देवभूमि द्वारका के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री नागेश्वर मंदिर की करीब 60 फीट ऊंची प्रतिकृति तैयार की जा रही है। पांच हजार वर्गफीट में मुख्य पंडाल बनाया जा रहा है। आयोजक पवन वरदानी, सचिव अजय देवनानी ने बताया कि पंडाल में मां अंबे की स्थापना के साथ समुद्र मंथन के प्रसंगों को भी दर्शाया जाएगा। करीब 40 बाय 12 फीट में समुद्र मंथन के साथ झांकी में 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियां भी स्थापित की जाएंगी। झांकी के निर्माण पर करीब 48 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

दो माह से जुटे 20 कलाकार

बंगाली कलाकार कार्तिकेय के नेतृत्व में 20 कलाकार पिछले दो माह से झांकी निर्माण में जुटे हैं। समिति के अनुसार झांकी का करीब 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संदेश

समिति इस बार स्वदेशी, विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का संदेश भी देगी। परिसर में डस्टबिन रखे जाएंगे और पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सजावट में इको-फ्रेंडली लाइट्स का इस्तेमाल किया जाएगा।

सीसीटीवी से निगरानी, अलग होंगे एंट्री-एग्जिट

पूरे झांकी स्थल पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। फायर सिलेंडर, फर्स्ट एड किट, अन्य सुरक्षा उपकरण के साथ दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर भी होगी। तैयारियां समिति अध्यक्ष सतीश गंगराड़े, कोषाध्यक्ष तरुण सिंह और उपाध्यक्ष गौरव आरतवानी के मार्गदर्शन में चल रही हैं।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने आयोजित किया आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैंप

भोपाल। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मप्र आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 400 से अधिक छात्राओं ने आत्म सुरक्षा की ट्रेनिंग ली। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चला, जिसमें मध्यप्रदेश के दूरस्थ स्थित जिले की 400 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस ट्रेनिंग टाइम कैंप में प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री लक्ष्मीकांत मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित, संभागीय अध्यक्ष ग्वालियर एवं चंबल संभाग अवधेश शर्मा, शिवपुरी के जिला अध्यक्ष रघुनंदन त्यागी, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए।

एम्स में राष्ट्रीय फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह मनाया गया

आम लोगों तक पहुंचा सुरक्षित दवा और सुरक्षित चिकित्सा उपकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स के फामार्कोलॉजी विभाग (औषधि विज्ञान विभाग) ने छठा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया। इस वर्ष का विषय तर्कसंगत दवाएं और सुरक्षित चिकित्सा उपकरणः सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा के लिए फामार्कोविजिलेंस और मैटेरियोविजिलेंस को सशक्त बनाना रहा। सांची के सिविल अस्पताल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और रातीबड़ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम हुए। लोगों को पीवीपीआई की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-3024, मोबाइल एप और उपभोक्ता रिपोर्टिंग फॉर्म की जानकारी दी गई। एम्स भोपाल के अस्पताल परिसर और पास की दवा दुकानों में पोस्टर लगाए गए और पर्चे बांटे गए। ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) के प्रतीक्षा क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम भी हुआ। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में नर्सिंग अधिकारियों, नर्सिंग और फामेर्सी के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। भोपाल के तीन फामेर्सी कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों को फामार्कोविजिलेंस के बारे में जागरूक किया गया।



नीलम पार्क में 6 दिन से चल रहा प्रदर्शन

शिक्षकों ने चलाया चरखा उपवास कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र के आह्वान पर शिक्षक अधिकारों एवं लंबित मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में शिक्षकों ने जिला मुख्यालयों पर उपवास एवं सत्याग्रह कर विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह करते हुए अपनी तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया। वहीं राजधानी के नीलम पार्क में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के छठवें दिन इंदौर एवं भोपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान कुछ शिक्षकों ने चरखा भी चलाया।

चरखा सत्य, अहिंसक संघर्ष का प्रतीक : कौशल

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्य उपेंद्र कौशल ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर आंदोलन को अहिंसक संघर्ष एवं सत्याग्रह का स्वरूप देते हुए शिक्षकों ने धरना स्थल पर चरखा चलाकर सूत काता। शिक्षकों ने कहा कि चरखा सत्य, स्वावलंबन और अहिंसक संघर्ष का प्रतीक है। चरखा चलाकर महात्मा गांधी के सत्याग्रह एवं अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है।

यह हैं शिक्षकों की मांगें

शिक्षकों की तीन प्रमुख मांगों में प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि एवं वरिष्ठता की गणना, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करना तथा ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करना शामिल हैं। शिक्षकों ने कहा कि मांगों के निराकरण तक लोकतांत्रिक, संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

जहांगीराबाद के आठ केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने पूरी की 25 साल की सेवा

नौनिहालों के आंगन में सजा मिलन सेवा का मंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद स्थित बड़वाली मस्जिद के पास यूनानी शफाखाना के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत मिलन सेवा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें केंद्र क्रमांक 560, 571, 579, 569, 575, 584, 553 और 554 की कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी में सेवा के 25 साल पूरे होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड 34 के पार्षद विलास राव धाड़े ने किया। जबकि परियोजना अधिकारी



हिबा खानम ने केंद्रों में काम करने वाली कार्यकर्ता शबाना खान, नाजवर, शादमा, रेशमा को को सम्मानित किया। इस मौके पर पोषण आहार से जुड़ी जानकारी बच्चों के पालकों को दी गई। इसके बाद परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी गर्भवती महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिसके साथ उन्हें जरूरी दवाईयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं की सेहत को लेकर आकर्षक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें कम लागत में पौष्टिक व्यंजन बनाने के तरीके बताए गए।


भोपाल। भारत स्काउट एवं गाइड, मप्र राज्य मुख्यालय में गांधी-शास्त्री की जयंती के अवसर पर गरिमामय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

बाजारों में हाथी सहित पूजन सामग्री की महिलाओं ने की खरीदारी

महालक्ष्मी व्रत आज, महिलाएं करेंगी हाथी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुहागन महिलाएं शनिवार को महालक्ष्मी का व्रत रखेंगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि अश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी शनिवार को महालक्ष्मी जीवत्पुत्रिका व्रत किया जाएगा। महालक्ष्मी पूजन सुहागवती महिलाओं द्वारा की जाएगी। तो वहीं एक दिन पहले यानी शुक्रवार को राजधानी के विभिन्न बाजारों में महिलाएं हाथी व पूजन सामग्री की खरीदारी करती नजर आई। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि महिलाएं प्रातःकाल 16 बार पानी अपने ऊपर गडुआ डालकर स्नान करती हैं। व्रत धारण करती है। सायं काल में 16 प्रकार के पकवान बनाकर मिट्टी के हाथी पर विराजमान महालक्ष्मी की 16 दीप जलाकर पूजा पाठ एवं कथा, हवन, आरती के बाद महालक्ष्मी एवं चन्द्र देवता को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोलती हैं। कच्चे सूत में 16 गठान लगाकर पीले रंग से रंगकर दुर्बा के साथ उस गढ़े को बांधा जाता है।

16 प्रकार के पकवान बनाकर हाथी पर विराजमान महालक्ष्मी को अर्पित करेंगी 16 दीप


न्यू मार्केट में दुकानों पर विक्रय के लिए रखीं प्रतिमाएं।

सुख, समृद्धि, संतान की दीर्घायु के लिए पल्लू में बांधती हैं चीर

महालक्ष्मी जी को पीला वस्त्र पहनाकर पूजा के बाद उस वस्त्र से चीर निकालकर अपने साड़ी के पल्लू में बांधती हैं ताकि परिवार में सुख, समृद्धि, संतान की दीर्घायु मान-सम्मान लक्ष्मी से भरपूर रहे। महालक्ष्मी का व्रत सुहागवती महिलाओं द्वारा मोहल्ला, नगर, शहर, ग्रामीण इलाकों में पूजा जाएगी।

इन स्थानों पर होगी सामूहिक पूजा

शीतलदास की बागिया व खटलापुरा सहित कुछ जगहों पर महिलाएं सामूहिक रूप से पूजन करेंगी। इस दौरान माता लक्ष्मी की मूर्ति के सामने श्रीयंत्र भी रखें। कमल के फूल से पूजन करें। इसके अलावा सोने-चांदी के सिक्के, मिठाई, फल भी रखें। इसके बाद माता लक्ष्मी के आठ रूपों की इन मंत्रों के साथ कुंकुम, अक्षत और फूल चढ़ाते हुए पूजा करें।

श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्वालिटी होम्स, बीमा कुंज, कोलार रोड पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर श्री रूणिचा धाम सरकार, इछावर के कथावाचक आचार्य आनंद मोहन शुक्ला ने अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को गोकुल एवं मथुरा की पावन लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन सुनाया।

कथा का शुभारंभ रूणिचानाथ रामदेव जी सरकार के स्मरण के साथ हुआ। आचार्यश्री ने भगवान श्रीकृष्ण एवं गोपियों के महारास का सुंदर वर्णन करते हुए भगवान की दिव्य लीलाओं से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य श्री ने भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम के गोकुल से मथुरा प्रस्थान के मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया, भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के पश्चात अक्रूर जी का भ्रम दूर हुआ और उन्हें भगवान के दिव्य स्वरूप का साक्षात्कार हुआ। भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम ने कंस के योद्धाओं का संहार कर अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की। आचार्य श्री ने उद्धव जी के ज्ञान के अहंकार से जुड़े प्रसंग के माध्यम से प्रेम और भक्ति की महत्ता को समझाया।


कथा के दौरान राधा-कृष्ण के रूप में सजी युवतियां।

भोपाल
शनिवार, 3 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-7
वर्ष : 13, अंक : 183
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भोपाल में गोपालक सम्मेलन आज

आतंरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर दो घंटे मंथन करेंगे अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात भोपाल पहुंचे। वे शनिवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भेल दशहरा मैदान में वे नए आपराधिक कानूनों पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। साथ ही कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर केंद्र व राज्य के बीच समन्वय को लेकर करीब दो घंटे की बैठक भी करेंगे। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के निदेशक, नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। साइबर अपराध, खासकर वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और ठगी की राशि को समय पर होल्ड कराने के लिए साझा प्रयासों पर भी चर्चा के अलावा आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन, फोरेंसिक मोबाइल वैन ⏭ शेष पेज 4 पर

शाह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और सौगातें भी देंगे

सम्मेलन से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह शनिवार राज्य में गो-पालक सम्मेलन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा आइसर के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी के कौशल विकास ⏭ शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार से की वीडियो कॉल पर बात, कहा-आपकी बहादुरी पर पूरे देश को गर्व

हम 'हिंदुस्तानी' जान लेने वाले नहीं, जान 'बचाने' वाले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संकट के समय यात्रियों की जान बचाकर पूरे देश का गौरव बढ़ाया है।

मोदी ने शुक्रवार को यूएई में इलाज करा रहे मच्छार से वीडियो कॉल पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश गर्व से कह सकता है कि हम हिंदुस्तानी जान लेने वाले लोग नहीं, बल्कि जान बचाने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने और खुद जीवन-मृत्यु से संघर्ष करने के बावजूद स्मित ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि कैप्टन की हिम्मत ने भारतीय पायलटों की साख भी बचाई है। अगर उन्होंने संकट के समय सही कदम नहीं उठाया होता, तो इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते थे। मोदी ने कहा कि स्मित ने बहुत बड़ा काम किया है और उनकी बहादुरी पर पूरे देश को गर्व है।



घायल होने के बावजूद यात्रियों की जान बचाकर देशवासियों का मान बढ़ाया

को-पायलट ने किया था चाकू से हमला

फ्लाईदुबई की यह उड़ान दुबई से इजरायल के तेल अवीव जा रही थी। विमान में करीब 174 यात्री सवार थे। उड़ान के दौरान को-पायलट ने कैप्टन स्मित मच्छार पर चाकू से हमला कर दिया। इजराइली प्रधानमंत्री के बयान के अनुसार, को-पायलट ने विमान को क्रैश कराने की कोशिश की थी। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद स्मित ने हमलावर का सामना किया और कॉकपिट का दरवाजा खोला। इसके बाद यात्रियों और क्रू सदस्यों की मदद से हमलावर को काबू में किया गया। विमान की सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

संकट में भी करते रहे हनुमान चालीसा का पाठ

प्रधानमंत्री से बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित ने उस भयावह घटना को याद किया। उन्होंने बताया कि हमले के दौरान वह हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। स्मित ने कहा कि उस समय मैं हनुमान चालीसा बोल रहा था और मुझे पता है कि मुझे भगवान ने ही बचाया है।

बड़ी राहत चुनाव आयोग उप्र-बंगाल समेत 20 राज्यों में फिर चलाएगा विशेष अभियान

एसआईआर में छूटे और नए वोटर्स के नाम जोड़े जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तीसरे फेज में 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया जारी, इनमें से 7 राज्यों में लिस्ट जारी हो चुकी है

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर चल रहे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में छूट गए पात्र मतदाताओं की पहचान के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। एसआईआर की प्रक्रिया पूरी कर चुके 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर ऐसे मतदाताओं की जांच करेंगे, जिनके नाम पिछली सूची में थे लेकिन नई सूची में शामिल नहीं हैं। इसके साथ ही पहली बार मतदान करने वाले और नए पात्र मतदाताओं को भी सूची में जोड़ने की प्रक्रिया चलेगी।

आयोग ने निर्देश दिए हैं कि अभियान को एक महीने में पूरा किया जाए। बीएलओ एसआईआर से पहले और बाद की मतदाता सूचियों की तुलना कर छूटे नामों की पहचान करेंगे और घर जाकर उनकी स्थिति का सत्यापन करेंगे। पात्र मतदाता मिलने पर उनसे फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। इसके बाद मतदाता पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) नाम ⏭ शेष पेज 4 पर

बीएलओ तलाशेंगे छूटे नाम पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 से दोबारा होगा पंजीयन



फाइल फोटो

मप्र 34.25 लाख नाम कटे जबकि महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 2 करोड़ नाम कटे

बेघर लोगों के लिए भी विशेष कैंप

मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों और अन्य स्थानों पर रहने वाले बेघर लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने राज्यों से इस अभियान की प्रगति की नियमित रिपोर्ट भी मांगी है। आयोग ने यह ⏭ शेष पेज 4 पर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए प्रदर्शन

दिल्ली से मुंबई तक सीईसी के खिलाफ उमड़ा आक्रोश

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को दिल्ली से लेकर मुंबई तक प्रदर्शन हुए। मुंबई के शिवाजी पार्क में सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया और सीईसी के इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर फिल्म अभिनेता नसरुद्दीन शाह, शबाना आजमी और विशाल ददलानी सहित कई बॉलीबुड की हस्तियों ने सीजेपी ⏭ शेष पेज 4 पर ⏭ पढ़ें पेज 09 भी



मुंबई में प्रदर्शन

मुंबई में आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत बोले

राष्ट्र और धर्म अलग नहीं, राष्ट्र कमजोर तो धर्म पर 'खतरा'



- दुनिया की चुनौतियों का समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा में
- विकास-पर्यावरण और स्वतंत्रता-परिवार के बीच संतुलन जरूरी

एजेंसी ⏭ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। दोनों परस्पर निर्भर हैं और एक के कमजोर होने का असर दूसरे पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में सहायक है। धर्म संकट में आया तो देश को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि दुनिया इस समय कई तरह के विरोधाभासों और दुविधाओं से जूझ रही है। विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ पारिवारिक जीवन और धार्मिक ⏭ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री ने गांधी और शास्त्री की जयंती पर किया नमन

गांधी के स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के विचारों को आगे बढ़ा रहे मोदी



- भारतीय मूल के कैप्टन स्मित के शौर्य और मानवता को सराहा
- मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचारों को आगे बढ़ाते हुए देश 'मेक इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र पूरी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वदेशी को प्रोत्साहन देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गांधी जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित जनसमुदाय को ⏭ शेष पेज 4 पर



6 महीने की मेहनत लाई रंग

पत्नी की जिद पर ली खदान से मिले 12 लाख के 4 हीरे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ पन्ना

पन्ना की धरती ने एक बार फिर एक परिवार की किस्मत चमका दी है। इस बार यह किस्मत झांसी जिले के धायपुरा गांव की रहने वाली गुड्डी देवी और उनके पति राजकुमार श्रीवास की खुली है। पति-पत्नी को पन्ना के सरकोहा इलाके में स्थित खदान से एक साथ 4 चमचमाते हीरे मिले हैं। इन चारों हीरों का कुल वजन 5.16 कैरेट है, जिनकी बाजार में कीमत 12 लाख बताई जा रही है। गुड्डी देवी ⏭ शेष पेज 4 पर



■ सरकारी नीलामी में बिक्री के लिए रखे जाएंगे हीरे

नाबालिगों की करतूत

छात्रा को मिलने बुलाया, दोस्तों के साथ मिलकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता को उसका ही नाबालिग दोस्त मिलने के बहाने जीवाजीगंज स्थित अपने एक दोस्त के कमरे पर ले गया। वहां पहले से मौजूद तीन नाबालिग दोस्तों के साथ मिलकर दरिंदगी की। घटना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो फरार ⏭ शेष पेज 4 पर



■ दो आरोपी गिरफ्तार, दो अब भी फरार

पहली बार बढ़ी ट्रेन की स्पीड

चिनाब ब्रिज पर 100 की रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब पर वंदे भारत एक्सप्रेस ने 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन के चिनाब ब्रिज से गुजरने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने इसे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यू ए स बी आ र ए ल) परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। रेल मंत्री के अनुसार ⏭ शेष पेज 4 पर



■ रेल मंत्री वैष्णव ने साझा किया वीडियो

44 साल बाद महिला हॉकी में भारत को सोना, मुक्केबाजों की हैट्रिक

पीएम मोदी ने महिला हॉकी टीम को दी बधाई

चीन को हराकर चैंपियन बनी टीम, लवलीना परवीन-अंकुश ने बॉक्सिंग में रचा इतिहास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की महिला हॉकी टीम ने 2026 एशियन गेम्स में इतिहास रच दिया। टीम इंडिया ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने 2028 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। 1982 के बाद पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीती है। एशियन गेम्स में महिला हॉकी में भारत के हिस्से पहली बार ⏭ शेष पेज 4 पर



जीत का जश्न

भारत अब मेडल टैली में 5वें स्थान पर

एशियन गेम्स 2026 में 14वें दिन भारत ने कुल 6 स्वर्ण पदक जीते। इस 6 गोल्ड के दम पर भारत अब मेडल टैली में 5वें स्थान पर आ गया। भारत ने ⏭ शेष पेज 4 पर

बॉक्सिंग, कुश्ती और तीरंदाजी में भी भारत का शानदार प्रदर्शन

बॉक्सिंग में भारत ने तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। लवलीना बोरगोहेन ने महिलाओं के 75 किग्रा फाइनल में चीन की बाओ जिया को 5-0 से हराया। अपने जन्मदिन पर मिली यह उपलब्धि खास रही। परवीन हुड्डा ने 65 किग्रा वर्ग में चीन की चेन निएन-चेन को 3-2 से शिकस्त दी। पुरुषों के 80 किग्रा में अंकुश पंघाल ⏭ शेष पेज 4 पर ⏭ पढ़ें पेज 11 भी



लवलीना



सुजीत

राजधानी में 3 हजार पुलिसकर्मियों की चप्पे-चप्पे पर नजर, देहात पुलिस ने भी चेकिंग व्यवस्था बढ़ाई

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह का आज आगमन, भारी पुलिस बल सुरक्षा में तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दो दिन भोपाल दौरे पर शुक्रवार रात पहुंचे। उनके लगभग 23 घंटे के दौरे को लेकर राजधानी भोपाल ने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। आयोजन स्थलों को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। शुक्रवार रात वह भोपाल पहुंचे थे।

आज शनिवार को शाह भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में शामिल होंगे और 35 हजार से अधिक गोपालकों से सीधा संवाद करेंगे। मैदान पर लगभग 50 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले तीन विशाल डोम तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही करीब 20 फीट ऊंचा मंच बनाया गया है, जहां अमित शाह के साथ प्रदेश के चुनिंदा राजनेता और विशिष्ट मेहमान मौजूद रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर भेल मैदान को पूरी तरह पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और दो दिन पहले ही वहां 700 से अधिक जवानों की तैनाती कर दी गई है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए डॉग स्क्वॉड, बम डिस्पोजल स्क्वॉड, मेटल डिटेक्टर्स और लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसके अलावा सभी डोम में विशाल स्क्रीन भी लगाई गई। सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा आलाधिकारियों के अलावा तीन हजार पुलिसकर्मियों ने संभाल रखा है।


भेल दशहरा मैदान में केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी।

देहात में भी चेकिंग व्यवस्था पुख्ता

राजधानी पुलिस के अलावा देहात पुलिस ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए हैं। उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल ग्रामीण (रेंज) राजेश सिंह चंदेल एवं पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पांडेय ने भोपाल (देहात) की नगरीय सीमा से लगे थाना परवलिया सड़क, थाना ईंटखेड़ी, थाना सूखी सेवनिया एव थाना बिलखिरिया क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रमुख आवागमन मार्गों, नगरीय सीमा से जुड़े मार्गों, संवेदनशील स्थानों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस बल को वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

प्रमुख मार्गों व नगरीय प्रवेश पर सघन वाहन चेकिंग

सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भोपाल देहात की नगरीय सीमा से जुड़े प्रमुख मार्गों एवं प्रवेश पर वाहन चेकिंग प्वाइंट सक्रिय किए गए। पुलिस बल द्वारा संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की प्रभावी जांच, वाहनों की जांच तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही थाना क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग, नाकाबंदी एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की निगरानी की जा रही है, ताकि वीवीआईपी प्रवास के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित रहे।

शाह के भोपाल दौरे से पहले कांग्रेस नेता शुक्ला नज़रबंद

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित भोपाल दौरे के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके कार्यालय पर नज़रबंद कर दिया गया है। दौरे से ठीक एक दिन पहले की गई इस प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। शाह के आगमन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के हवाले से पुलिस बल ने शाम मनोज शुक्ला के कार्यालय पर पहुंच कर उनकी आवाजाही पर रोक लगा दी। इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम जनता के मुद्दों, वादों और समस्याओं को सामने रखना है। सरकार विरोध और सवालों से घबराकर प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। विपक्ष के नेता को बिना किसी वैधानिक आधार के घरों में क़ैद करना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कदम है। दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीआईपी दौरे की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह एहतियातन कदम उठाया गया है।


केंद्रीय गृह मंत्री शाह के भोपाल दौरे से पहले कांग्रेस नेता शुक्ला नज़रबंद कर दिए गए।

प्रदेशभर के नगरीय निकायों में लगेंगे बीएलसी कैंप

भोपाल। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। यह विशेष अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आगामी 17 अक्टूबर तक प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 30 हजार नवीन आवासों की स्वीकृति देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की समयसीमा में पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों में विशेष बीएलसी (बेनीफिसरी लेड कंस्ट्रक्शन) कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक योजना की संपूर्ण जानकारी पहुंचाना, पात्रता मानदंडों और आवश्यक दस्तावेजों से अवगत कराना तथा आवास स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाना है।

नगरीय निकायों के लिए निर्धारित किए गए न्यूनतम लक्ष्यः नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे ने सभी नगरीय निकायों को समयसीमा में लक्ष्य हासिल करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रशासनिक स्तर पर नगर परिषदों को न्यूनतम 50 नवीन आवास, नगर पालिकाओं को न्यूनतम 100 नवीन आवास तथा नगर पालिका निगमों को न्यूनतम 500 नवीन आवासों की स्वीकृति का लक्ष्य दिया गया है।

3 से 7 अक्टूबर तक भेल दशहरा मैदान में लगेगी पांच दिवसीय प्रदर्शनी

केंद्रीय मंत्री शाह आज नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में नवीन न्याय संहिताओं के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से भोपाल में पांच दिवसीय भव्य प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 3 से 7 अक्टूबर तक बीएचईएल दशहरा मैदान, गोविंदपुरा, भोपाल में आयोजित होगी।



प्रदर्शनी में नवीन न्यायिक संहिता के अनुरूप अपराध नियंत्रण, अन्वेषण तथा वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल, सहज एवं सजीव रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें घटना घटित होने से लेकर साक्ष्य संकलन, वैज्ञानिक परीक्षण, अपराधियों की पहचान तथा न्याय दिलाने तक की कार्रवाई को क्रमबद्ध तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अंतर्गत घटना की सूचना डायल-112 अथवा ई-एफआईआर के माध्यम से प्राप्त होने के बाद पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया, थाना स्टाफ के घटनास्थल पर पहुंचने तथा आवश्यकता के अनुसार फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड एवं फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का सजीव प्रदर्शन होगा। घटनास्थल से तकनीकी एवं वैज्ञानिक विधियों से साक्ष्य एवं नमूने एकत्र करने तथा उनकी सुरक्षित प्रक्रिया को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

तकनीक और लाइव डेमो होंगे प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण

प्रदर्शनी में क्राइम सीन के 3डी मॉडल, वीडियो तथा लाइव डेमो के माध्यम से आधुनिक अन्वेषण प्रणाली को प्रदर्शित किया जाएगा। क्राइम सीन पर साक्ष्य संकलन और वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। साइबर सुरक्षा के लिए सेफ क्लिक अभियान तथा ऑनलाइन ई-जीरो एफआईआर की जानकारी भी दी जाएगी। इसके साथ ही ऑपरेशन मुस्कान, महिला हेल्प डेस्क एवं से नो ड्रग जैसे अभियानों के माध्यम से पुलिस की नागरिक-केंद्रित भूमिका को प्रदर्शित किया जाएगा।

वैज्ञानिक साक्ष्यों से अपराध के खुलासे तक की पूरी प्रक्रिया

प्रदर्शनी में संकलित साक्ष्यों एवं प्राप्त चिन्हों के परीक्षण और उपलब्ध पुलिस प्रणालियों के माध्यम से मिलान की प्रक्रिया को समझाया जाएगा। साक्ष्यों को फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी और मेडिको-लीगल जांच के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की जाएगी। अपराध की विवेचना को मजबूत बनाने तथा प्राप्त निष्कर्षों को प्रभावी ढंग से न्यायिक प्रक्रिया के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की कार्यप्रणाली को भी सजीव दर्शाया जाएगा।

पुलिस की प्रमुख उपलब्धियों की भी होगी प्रस्तुति

प्रदर्शनी में आधुनिक एवं वैज्ञानिक अन्वेषण प्रणाली के सजीव प्रदर्शन के साथ मप्र पुलिस की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं उनके खुलासे में किए गए चलाये गए 'सेफ क्लिक अभियान,के माध्यम से तकनीकी नवाचार एवं नेटवर्क के सफल क्रियान्वयन तथा नारकोटिक्स द्वारा चलाए गए नशे से दूरी हे जरूरी अभियानों और उनमें प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को नवीन न्याय संहिताओं में हुए बदलावों, तकनीक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के बढ़ते उपयोग तथा अपराध नियंत्रण की आधुनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री शाह के आगमन की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की शनिवार 3 अक्टूबर को प्रस्तावित भोपाल यात्रा से प्रदेश को कई सौगातें मिलने जा रही है। इस दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गौपालक सम्मेलन में बड़ी संख्या में दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्य शामिल होंगे। इसके साथ ही मौरी स्थित आइसर (इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च) में आयोजित कार्यक्रम युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करेगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री शाह के भोपाल आगमन और गौपालक सम्मेलन की व्यवस्थाओं की मुख्यमंत्री निवास में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गौपालक सम्मेलन भेल दशहरा मैदान पर आयोजित है। जिसमें आस-पास के जिलों की दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों के बड़ी संख्या में भाग लेने की संभावना है। ने सम्मेलन की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए कि सदस्यों के आवागमन, बसों की पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रत्येक जिले से आने वाली बसों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त हो तथा व्यवस्था में लगे सभी लोग कंट्रोल रूम के माध्यम से परस्पर समन्वय में रहें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर सफाई, पेयजल, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, फायर बिग्रेड आदि की व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में निर्बाध ट्रेफिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सरकार आपके द्वार के तहत लगेंगे शिविर

गांव और वार्ड स्तर पर नागरिकों को मिलेंगी शासकीय सेवाएं, 3 एवं 4 को लगेंगे मेगा सेवा सेतु शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नागरिकों को शासकीय सेवाएं उनके गांव और वार्ड स्तर पर सहज, पारदर्शी, संवेदनशील एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश में संचालित सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर से 17 अक्टूबर) का महत्वपूर्ण घटक है। अभियान में 3 अक्टूबर को ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड स्तर पर और 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में वार्ड एवं जोन स्तर पर मेगा सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचितों एवं कमजोर वर्गों को विभिन्न शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता से मुक्त करना है। शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं और राजस्व विभाग से संबंधित नागरिक सेवाओं का मौके पर ही निराकरण, स्वीकृति अथवा प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा।

एक ही स्थान पर अनेक विभागों की सेवाएं होंगी उपलब्ध

शिविरों में राजस्व के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य पालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वित्त, श्रम, कौशल विकास एवं उद्यमिता, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय और स्कूल शिक्षा सहित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं को शामिल किया गया है। शिविरों में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना, किसान फार्मर आईडी, नामांतरण, बंटवारा सीमांकन, आय प्रमाण-पत्र, निवासी प्रमाण-पत्र, खसरा एवं नक्शा आदि राजस्व सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय- आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी, ई-केवाईसी, आदि के आवेदन लिए जाएंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं के साथ योजनाओं की प्रदर्शनी

प्रत्येक सेवा सेतु शिविर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर स्थल पर केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इससे नागरिकों को विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकेगी।

कानों-कान



दिखावा बनी नवाब सम्पत्ति को लेकर कार्रवाई...

पिछले एक महीने से भोपाल के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की दूसरी पत्नी की प्रॉपर्टी को लेकर चल रही कार्रवाई दिखावा साबित हो रही है, दरअसल, दो साल पहले शत्रु संपत्ति कार्यालय ने एक सर्टिफिकेट जारी किया था, लेकिन जिला प्रशासन के अफसरों ने कुछ नहीं किया। जब एक बाहरी व्यक्ति ने इसकी शिकायत दर्ज कराई तो कार्रवाई के नाम पर नोटिस जारी कर दिए गए। इधर, इन प्रॉपर्टीयों पर काबिल लोगों का कहना है कि हमने तो रजिस्ट्री के बाद नामांतरण भी करवाया था। फिर ये प्रॉपर्टी विवादित कैसे हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई भी दिखावा साबित हो सकती है। पता तो यह भी चला है कि जिला प्रशासन इसके पहले भोपाल में शत्रु सम्पत्ति नहीं होने की जानकारी भी सरकार को भेज चुका है।

पटवारियों के आगे झुके अफसर

स्वामित्व योजना कहते हैं, गांव में सरकारी जमीन पर काबिज लोगों को भु अधिकार पत्र दिए गए हैं। सरकार ने अब इन लोगों की अलग से रजिस्ट्री कराने का फैसला लिया है। जिसको लेकर इसकी जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई, लेकिन कानूनी पेचीदगियों को देखते हुए, पटवारियों ने रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया। अफसरों ने सभी तरह से दबाव बनाया, लेकिन पटवारी इधर से उधर नहीं हिले। इधर, तहसीलदारों के समर्थन के बाद पटवारियों ने अपना आंदोलन और बढ़ा दिया। सरकार ने रजिस्ट्री कराने वाले पटवारी का पद पदेन कर दिया। लेकिन अब तक रजिस्ट्री शुरू नहीं हो पाई हैं।

साहब ने खूब खेला 'खेल', अब खुलने लगी पोल!

गड़बड़ी के खेल में कितना ही पर्दा डाल लीजिए, सच्चाई कभी न कभी बाहर आ ही जाती है। इन दिनों भोपाल रेल मंडल में भी कुछ ऐसी ही चचाएं गर्म हैं। गलियारों में एक सेक्शन अधिकारी की खरीदारी और टेंडर प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि साहब लंबे समय से अपने अंदाज में कामकाज कर रहे थे, लेकिन अब उनके कामकाज की परतें खुलने लगी हैं। हालांकि, अभी तक इन चचाओं के समर्थन में कोई दस्तावेज सार्वजनिक नहीं हुए हैं, लेकिन कर्मचारियों के बीच कानाफूसी है कि मामला बड़े साहब तक पहुंच चुका है। अब देखना यह है कि बड़े साहब इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं। जांच होती है या मामला फाइलों में ही उलझकर रह जाता है। अब सवाल यही है कि साहब के कामकाज का हिसाब होगा या फिर मामला यूं ही ठंडे बस्ते में चला जाएगा!

केंद्रीय मंत्री के बयान से परिवहन विभाग के गलियारों में हलचल

राजधानी में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा' और 'पीएम ई-बस सेवा' के उद्घाटन समारोह में पहुंचे मंत्री जी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों पर तंज कसते हुए उन्हें गांधीवादी बता दिया था। उनका इशारा गांधीजी की तस्वीर वाले नोटों को देखकर काम में तेजी आने की ओर था। मंत्री जी के इस बयान की गूंज अब प्रदेशभर आरटीओ तक सुनाई देने की चर्चा है। कहा जा रहा है कि बयान के बाद कुछ बाबू आवेदकों के कामकाज में अतिरिक्त सावधानी बरतते नजर आ रहे हैं। अब आवेदक दफ्तर पहुंचते हैं तो उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया का हवाला देकर समझाया जाने लगा है। फिलहाल आरटीओ के गलियारों में इस बयान को लेकर खूब चुटकियां ली जा रही हैं।

-वहीद खान, कपिलदेव श्रीवास्तव

गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रदेश संगठन महामंत्री ने खरीदे खादी उत्पाद, चलाया चरखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने महात्मा गांधी की जयंती पर खादी ग्रामोद्योग भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। खादी ग्रामोद्योग भवन व विंध्या वैली में खादी एवं उत्पादों की खरीदारी कर चरखा चलाया। इस दौरान राजेन्द्र सिंह राजपूत, जयपाल सिंह चावड़ा, मुकेश राय सोनू पालीवाल सहित जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खंडेलवाल ने किया माल्यार्पण



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बैतूल के कोठी बाजार स्थित गांधी चौक पर दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिसके बाद स्वच्छता अभियान में शामिल होकर स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया एवं उपस्थितजनों के साथ स्वच्छता की शपथ ली।

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने केंद्रीय मंत्री शाह से की बालाघाट प्रशासन की शिकायत

भोपाल। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे के दौरान बालाघाट कलेक्टर और एसपी के अनुपस्थित रहने की शिकायत की है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष, दस्तावेज-आधारित प्रशासनिक जांच करवाई जाए। सिंघार ने पत्र में लिखा कि दौरे से पहले 29 सितंबर को बालाघाट जिला पुलिस की ओर से बैहर विधायक एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय उईके जी को पत्र भेजा गया। पत्र में राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी मांगी गई थी तथा संभावित भीड़, स्वयंसेवकों, पार्किंग, यातायात और उनसे मिलने वाले लोगों सहित सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विवरण मांगे गए थे।

पूर्व सूचना और मुख्य सचिव से संवाद के बावजूद अनुपस्थित रहे

राहुल के दौरे के दौरान बालाघाट कलेक्टर एसपी ने किया प्रोटोकॉल का उल्लंघनः पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे के दौरान बालाघाट कलेक्टर और एसपी पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि दौरे के संबंध में पूर्व सूचना और मुख्य सचिव से संवाद के बावजूद दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति गंभीर विषय है और प्रशासनिक समन्वय तथा स्थापित प्रोटोकॉल को लेकर सवाल खड़े करती है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले को विभिन्न सक्षम मंचों पर उठाएगी। उन्होंने विधानसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने, आईएएस और आईपीएस एसोसिएशनों के समक्ष विषय उठाने तथा राष्ट्रपति और केंद्रीय गृहमंत्री को लिखित शिकायत भेजने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई की मांग तथ्यों और लागू नियमों के आधार पर की जाएगी। पटवारी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण है। ऐसे दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका, सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक समन्वय को लेकर स्पष्टता होनी चाहिए।

प्रदेश सरकार की जवाबदेही पर सवाल

पटवारी ने कहा कि प्रदेश में प्रशासनिक, स्वास्थ्य सेवाओं, आदिवासी कल्याण और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। मासूम आदिवासी बच्चों की मौत, जहरीली शराब से लोगों की जान जाने और दूषित पानी से नागरिकों की मृत्यु जैसी घटनाएं जवाबदेही पर सवाल खड़े करती हैं। मुख्यमंत्री को इन मामलों में बयान देने के बजाय स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासी परिवारों, पीड़ित बच्चों के परिजनों और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे नागरिकों की आवाज उठाती रहेगी। प्रदेश की जनता के जीवन, सम्मान, स्वास्थ्य और अधिकारों से जुड़े सवालों पर सरकार को जवाब देना ही होगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने कहा, खादी अपनाएं, स्वदेशी अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती पर जवाहर चौक स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला पहनाकर नमन किया।

- वोकल फॉर लोकल होने पर दिया सीएम ने जोर

मुख्यमंत्री ने यहां चरखा चलाया, खादी वस्त्रों की खरीदारी की और विजिटर बुक में अपना अनुभव संदेश भी अंकित किया। उन्होंने यहां खादी वस्त्रों के निर्माण से लेकर उनकी मार्केटिंग और इन वस्त्रों के विक्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गांधी जयंती पर खादी एवं ग्रामोद्योग भवन पहुंचें थे।



उन्होंने खादी भंडार आए खरीदारों से चर्चा की और कहा कि खादी से प्रेम बनाए रखें, हमेशा खादी अपनाएं और स्वदेशी की ओर बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको वोकल फॉर लोकल होने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपिता को नमन किया, चरखा चलाया, खादी वस्त्रों की खरीदारी की और विजिटर बुक में लिखा संदेश

सर, मेरा आज ही बीएससी बीएड का रिजल्ट आया है

डॉ. यादव ने खादी भंडार में खरीदारी कर रहे लोगों से चर्चा की और खादी के प्रति लगाव की सराहना की। मुख्यमंत्री ने खरीदारी कर रही विजयलक्ष्मी यादव से पूछा किस कक्षा में पढ़ती हो? बालिका ने बताया सर, मेरा आज ही बीएससी बीएड का रिजल्ट आया है, जिसमें वह पास हो गई है। इसपर मुख्यमंत्री ने प्रसन्न होकर विजयलक्ष्मी को आशीर्वाद देकर उपहार स्वरूप अपना पेन दिया।

भारत स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के साथ विकास के पथ पर अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने जीवन में स्वदेशी को मूलमंत्र बनाया था। उन्होंने विदेशी वस्तुओं और कपड़ों का बहिष्कार कर कपास से निर्मित स्वदेशी खादी को प्रोत्साहित किया। ब्रिटिश सत्ता को उखाड़ फेकने और भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जन-जन को जोड़ने के लिए यही खादी गांधी जी का अमोघ अस्त्र सिद्ध हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से प्रदेश के कपास उत्पादक किसानों को भी अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। स्वदेशी खादी को प्रोत्साहन मिलने से हमारी भारतीय मुद्रा देश से बाहर नहीं जाती है। इसी से हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

गांधी जयंती, उच्चादर्शों को जीवन में उतारने का प्रेरणा दिवसः राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि गांधी जयंती केवल महात्मा गांधी को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके उच्चादर्शों को अपने आचरण में उतारने का प्रेरणा दिवस है। उन्होंने कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गाए जाने वाले भजनों के संदेश का प्रतिदिन चिंतन करें और उन्हें जीवन में उतारने का प्रयास करें। यही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



राज्यपाल की प्रेरणा पर उपस्थित जनों ने क्रोध नहीं करने का संकल्प भी लिया। राज्यपाल पटेल शुक्रवार को गांधी भवन में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने स्मार्ट टीवी का लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने 'आओ जानें गांधी को' के पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के साथ समूह चित्र में सहभागिता की।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

7 कहीं झाड़ लगाई, कहीं पौधे रोपकर मनाई ...



8 सात साल बाद फिर से भारत भवन में सजेगी बच्चों की ...



आगरा में दोस्त के घर राकेश अग्रवाल का मोबाइल छोड़कर गया था हत्यारा वरुण

यूएस से बेटे के भोपाल लौटने के बाद रिटायर्ड आईएएस अग्रवाल का भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ स्थित सूरज नगर, पनघट कॉलोनी के पीछे फार्म हाउस में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल की गला रेतकर हत्या करने वाले नौकर वरुण का अब तक सुराग नहीं लग सका है। बदमाश हत्या के बाद घर से कुछ नगदी और जेवर अपने साथ ले गया था।

साथ ही राकेश अग्रवाल का मोबाइल भी साथ ले गया था। राकेश अग्रवाल का मोबाइल जब तक आरोपी के पास था, तब तक उसकी लोकेशन ट्रेक होती रही और पुलिस की टीम उसकी तलाश करते हुए बीना, आगरा और ग्वालियर में करती रही, लेकिन आरोपी ने आगरा में अपने दोस्त के घर मोबाइल छोड़ दिया था। मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिया है। इधर यूएस से बेटे के भोपाल लौटने के बाद शुक्रवार को भदभदा विश्राम घाट में राकेश अग्रवाल का अंतिम संस्कार किया गया।



राकेश अग्रवाल



हत्यारा वरुण

मोबाइल से आरोपी की लोकेशन पुलिस करती रही ट्रेक

मोबाइल नहीं रखता है वरुण आरोपी का है बिगड़ैल स्वभाव

शातिर बदमाश वरुण की अलग-अलग टीम कर रही तलाश



सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी वरुण।

शातिर बदमाश वरुण की तलाश में क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस के अलावा अनुभवी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अलग-अलग टीम पटियाला, पंजाब में वरुण की तलाश में दबिश दे रही है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने साथ मोबाइल नहीं रखता है। साथ ही परिवार के सदस्यों से भी उसकी करीबी नहीं है। वह बिगड़ैल स्वभाव का है और किसी से मतलब नहीं रखता है।

दोस्त ने कहा- साथ काम करता था वरुण

आगरा में जिस युवक के घर से मोबाइल मिला है उसे पुलिस ने हिरासत में लिया था। वरुण की तरह दिखने वाले युवक को हिरासत में लेने बाद पुलिस को एक पल लगा था कि वरुण गिरफ्तार हो गया है। हालांकि वरुण का साथी लगातार पुलिस को कहता रहा कि मैं वरुण नहीं हूं। मुझे वरुण के बारे में कोई जानकारी भी नहीं है। कभी उसके साथ काम किया था, इसलिए उसे जानता जरूर हूं। वह आया था और यह मोबाइल छोड़कर गया है। इससे ज्यादा मुझे कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने आधार कार्ड और सीसीटीवी फुटेज से मिलान करने के बाद वरुण के दोस्त को छोड़ दिया। पुलिस मोबाइल जब्त कर ले आई है। वरुण के साथी को चेताया गया है कि यदि वरुण के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो पुलिस से सीधा संपर्क करें।



विभिन्न पहलुओं पर पुलिस कर रही जांच

पुलिस की टीम राकेश अग्रवाल की हत्या के मामले में लूटपाट के अलावा पुराना विवाद और लेनदेन सहित अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है आरोपी वरुण की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि हत्या क्यों की गई है।



कार्यपालन यंत्री आशीष श्रीवास्तव को सस्पेंड करने का भेजा प्रस्ताव

निगम के सहायक व सीनियर इंजीनियर की लापरवाही ने ली दिव्यऋषि की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा नेता और अधिवक्ता दिव्यऋषि की मौत नगर निगम के सहायक इंजीनियर (एई) सुमित सिंह और निगम के कार्यपालन यंत्री आशीष श्रीवास्तव की लापरवाही से हुई है। चार सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने सहायक इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया है, वहीं निगम के कार्यपालन यंत्री आशीष श्रीवास्तव पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग को भेजा गया है।

जांच में पता चला कि नगर निगम ने यहां पर सड़क के बीच में डिवाइटर से सटाकर स्ट्रीट लाइट के लिए पोल खड़े किए हैं। जिनके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी नगर निगम ने सहायक इंजीनियर विद्युत की थी, लेकिन सिंह ने यहां के पोल में आ रहे करंट की देखरेख नहीं की, जिसके बाद 27 सितंबर को दिव्यऋषि की मौत हो गई थी। एई सिंह मूल रूप में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर हैं और राजगढ़ में पदस्थ थे। 25 नवंबर 2022 को उन्हें प्रतिनियुक्ति पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग में लेते हुए नगर निगम भोपाल में रिक्त पद पर समान वेतनमान पर पदस्थ किया गया था, तभी से वे निगम में पदस्थ हैं।

जांच में सुमित सिंह की जिम्मेदारी तय, निगम कमिश्नर ने किया सस्पेंड

डीबी मॉल के सामने खंभे से लगे करंट से मौत का मामला

बिजली कंपनी ने पोल पर पॉलीथिन का टेप लपेट दिया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को दिवंगत युवा अधिवक्ता स्व. दिव्यऋषि तिवारी के पत्रकार कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

डीबी मॉल से आरकेएमपी तिराहे तक सड़क के बीच में डिवाइटर के साथ स्ट्रीट लाइट के पोल लगाए गए हैं। अकसर सड़क पार करने वाले लोग पोल के पास की जगह से सड़क पार करते हैं। ऐसे में वह पोल को पकड़कर दूसरी तरफ जाने का प्रयास करते हैं। ऐसे में लोहे के पोल पर करंट आने से हादसे का खतरा बना रहता है। जिसको देखते हुए निगम के बिजली अमले ने पोल के ऊपर पॉलिथीन का टैप लपेट दिया है, जिससे पोल को पकड़ने वाले को करंट से बचाया जा सके। इसके साथ करंट के खतरे के पोस्टर भी पोल पर लगाए गए हैं।



लोगों को पहले भी लगे थे करंट के झटके

पड़ताल में सामने आया कि जिस पोल से उन्हें करंट लगा, उसी जगह पर कई लोगों को झटका लग चुका था। इसके बावजूद सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। हादसे के बाद पोल को त्रिपाल से ढंककर बैरिकेडिंग की गई। पड़ताल में करीब 500 मीटर के दायरे में कई पोल पर खुले तार और कनेक्शन मिले। पुलिस का दावा है कि 3-4 दिन में 7 से ज्यादा लोगों को करंट लगा था, जबकि निगम का कहना था कि उसे कोई शिकायत नहीं मिली।

बिलखिरिया पुलिस ने दर्ज की सीनियर छात्र पर मारपीट की धाराओं में एफआईआर

कॉलेज में सीनियर छात्र ने जूनियर से की मारपीट प्रबंधन ने लिखवाया- फुटबॉल खेलते समय गिरा

छात्र और उसके पिता ने रेगिंग के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित निजी विश्वविद्यालय में सीनियर छात्र द्वारा जूनियर छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। जूनियर छात्र ने रेगिंग का आरोप लगाते हुए छात्रों की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर सीनियर छात्र के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार उदयवीर सिंह पिता बलराज सिंह (19) शिवालय परिसर, डीके-5 कोलार में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बिलखिरिया के निजी निजि विश्वविद्यालय में बीटेक फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा है। गुरुवार दोपहर वह करीब साढ़े 12 बजे कॉलेज की केंटिन में चाय पी रहा था। इसी दौरान वहां सीनियर छात्र कार्तिक पहुंच गया। कार्तिक ने कहा तुम कॉलेज में नए आए हो और ठीक से बात किया करों। इसके बाद उसने पीछे से थप्पड़ मारा और चला गया। उदयवीर भी चाय पीकर क्लास में चला गया। क्लास छूटने पर दोपहर करीब ढाई बजे उदयवीर बाहर निकला। बाहर निकलते ही उसे कार्तिक और उसके साथ दो अन्य छात्र मिलें। उदयवीर को देखते ही तीनों गालीगलौज करने लगे। उदयवीर ने उन्हें गाली देने से मना किया। इस पर कार्तिक ने कहा कि तुम्हे बात करनी नहीं आती है। इसी बीच किसी छात्र ने सिर में पीछे की तरफ डंडे से हमला कर दिया। उदयवीर ने शोर मचाया तो उसके दोस्त पहुंचे और उसे बचाया। डंडा सिर में लगने से उदयवीर को गंभीर चोट आई हैं। उदयवीर ने बताया कि रेगिंग का विरोध करने के कारण उसके साथ मारपीट की गई है।





पीड़ित छात्र उदयवीर सिंह

पिता ने घटना की शिकायत एंटी रेगिंग समिति से भी की

उदयवीर के पिता बलराज सिंह ने बताया कि उनके बेटे से बातचीत करने पर उसने बताया कि दर्जन भर छात्रों ने मारपीट की है। कैंटिन में चाय पीते समय कार्तिक और छात्र उसे कॉलर पकड़कर बाहर ले गए थे और मारपीट की। बाद में क्लास छूटने के बाद भी बेटे के साथ डंडे से मारपीट की गई। उसे सिर में पांच टांके आए हैं। विश्व विद्यालय प्रबंधन ने बेटे से लिखवा लिया कि कॉलेज में फुटबॉल खेलते समय गिरने से चोट आई हैं। बलराज सिंह के बेटे उदयवीर सिंह ने घटना की शिकायत एंटी रेगिंग समिति से भी की है।

दिल्ली रूट पर कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित

अक्टूबर में श्रीधाम, इंटरसिटी समेत 22 ट्रेनें कैंसिल, 2 आंशिक निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेलवे के अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर और रीमॉडलिंग कार्यों के कारण अक्टूबर में भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। बीना-आगासौद यार्ड रीमॉडलिंग, कसारा में तीसरी रेल लाइन और कोटा जंक्शन पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण 22 ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

जबकि 2 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी। बीना स्टेशन पर प्री-एनआई/एनआई कार्य और



आगासौद यार्ड के काम के कारण दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के कुल 12 फेरे भी निरस्त रहेंगे। इस काम के कारण दिल्ली ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेन में शामिल श्रीधाम एक्सप्रेस को दोनों ओर से निरस्त किया गया। दिल्ली ग्वालियर जाने वाली भी कुछ ट्रेनें निरस्त की गई।

रेलवे ने यह 22 ट्रेनें पूरी तरह निरस्त की

- 64618 ललितपुर-बीना मेमू: 15 अक्टूबर तक
- 64617 बीना-ललितपुर मेमू: 15 अक्टूबर तक
- 61619 बीना-कटनी मुड़वारा मेमू: 15 अक्टूबर तक
- 61620 कटनी मुड़वारा-बीना मेमू: 15 अक्टूबर तक
- 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस: 14 अक्टूबर तक
- 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस: 15 अक्टूबर तक
- 61625 बीना-रूठियाई मेमू: 16 अक्टूबर तक
- 61626 रूठियाई-बीना मेमू: 16 अक्टूबर तक
- 12197 भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी: 15 अक्टूबर तक
- 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी: 15 अक्टूबर तक
- 11086 ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस: 9 अक्टूबर को
- 11085 एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस: 4 और 11 अक्टूबर को
- 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस: 9 से 15 अक्टूबर तक
- 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस: 10 से 16 अक्टूबर तक
- 22163 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस: 15 अक्टूबर को
- 22164 खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस: 15 अक्टूबर को
- 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरै स्पेशल: 7 और 14 अक्टूबर को
- 01926 मदुरै-कानपुर सेंट्रल स्पेशल: 3, 10 और 17 अक्टूबर को
- 04149 प्रयागराज-यशवंतपुर स्पेशल: 7 और 14 अक्टूबर को
- 04150 यशवंतपुर-प्रयागराज स्पेशल: 3, 10 और 17 अक्टूबर को

ये 2 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त

- 11271 इटारसी-भोपाल एक्सप्रेस: 9 से 15 अक्टूबर तक दमोह पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। दमोह-भोपाल के बीच संचालन निरस्त रहेगा। कुल 7 ट्रिप।
- 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस: 9 से 15 अक्टूबर तक दमोह से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। भोपाल-दमोह के बीच संचालन निरस्त रहेगा। कुल 7 ट्रिप।

दो दर्जन को 200 से एक हजार कारतूस का कोटा

सेल्फ डिफेंस लाइसेंस में 200 से अधिक कारतूस रखने वालों पर अब रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

61 शूटर्स के लाइसेंस निरस्त करने के बाद जिला प्रशासन ने सेल्फ डिफेंस के लिए लाइसेंस रखने वालों पर भी नजरें गढ़ा दी हैं।

इसमें ऐसे लोगों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है, जिसके पास दो सौ से लेकर एक हजार कारतूस का कोटा जारी किया गया है। जिले के करीब छह हजार लाइसेंसधारियों में से 25 लाइसेंसधारियों को 200 से एक हजार कारतूस का सालाना कोटा जारी किया गया है। इसके पहले भी दो दर्जन से अधिक लाइसेंसधारियों को बुलाकर उनसे सवाल जवाब किए गए थे। जांच में अगर किसी लाइसेंसधारी के पास कारतूस की खरीदी या उपयोग को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो उनके लाइसेंस की समीक्षा की जा सकती है। जिला प्रशासन के अफसरों ने बताया कि ऐसा इनपुट मिला था कि बहुत सारे लोग ऐसे हैं। जिन्होंने कारतूस का कोटा ले रखा है, लेकिन उनको कहां पर चलाया जा रहा है, इसकी जानकारी नहीं दे रहे हैं।



संभाग कमिश्नर के बाद अब हाईकोर्ट पहुंचेंगे शूटर्स

जिले के नेशनल और इंटरनेशनल शूटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले 130 शूटर्स में से 61 शूटर्स के लाइसेंस निरस्त होने के बाद शूटर्स ने संभाग कमिश्नर का रुख किया है। जिसमें से कई शूटर्स की अपील को खारिज कर दिया गया है। अब शूटर्स ने हाईकोर्ट में अपील करने की तैयारी कर ली है।

रेलवे अंडरपास 64 दिन बंद आज से 6 दिसंबर तक नहीं गुजर सकेंगे वाहन

भोपाल। रेलवे पुल संख्या 835/1 (अंडरपास) पर मरम्मत और संरचनात्मक सुधार कार्य के चलते यहां से सड़क यातायात करीब दो महीने तक पूरी तरह बंद रहेगा। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा पुल की बैरल लंबाई बढ़ाने के साथ जरूरी संरचनात्मक कार्य कराया जाएगा। रेल प्रशासन के अनुसार अंडरपास पर 3 अक्टूबर की रात 12 बजे से 6 दिसंबर की रात 12 बजे तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करना होगा। रेल प्रशासन ने जिला प्रशासन और यातायात पुलिस से समन्वय कर वैकल्पिक मार्गों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का अनुरोध किया है। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि निर्माण अवधि में बंद अंडरपास से आवागमन न करें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

एम्सः नेत्र ओपीडी में आने वाले पहले 100 मरीजों को प्राथमिकता

विश्व दृष्टि दिवस पर मिलेगा 'आई हेल्थ पासपोर्ट', आंखों की होगी मुफ्त जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल का नेत्र रोग विभाग 8 अक्टूबर को विश्व दृष्टि दिवस पर एम्स की अनोखी पहल के तहत आई हेल्थ पासपोर्ट जारी करेगा। यह सुविधा मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के मूल निवासियों के लिए है। नेत्र ओपीडी में आने वाले पहले 100 मरीजों को प्राथमिकता मिलेगी। मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए कतार में नहीं लगना होगा। वे सीधे वॉक-इन के जरिए ओपीडी में जांच करा सकेंगे। विजन टेस्ट, एनसीटी जांच और ऑटोरैफ जांच निःशुल्क होगी। इनके आंकड़े आई हेल्थ पासपोर्ट में दर्ज किए जाएंगे।

आई हेल्थ पासपोर्ट आपके स्वास्थ्य दस्तावेज की तरह काम करेगा। इसमें आंखों की जांच के सभी बुनियादी आंकड़े, यानी दृष्टि, दबाव और रिफ्रैक्शन दर्ज रहेंगे। इसे संभालकर रखने से भविष्य में जब भी आप किसी चिकित्सक के पास जाएंगे, आपकी आंखों का पिछला चिकित्सा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर मिलेगा।

एम्स में तीन चरणों में होगी आंखों की जांच

- **पहली जांच विजन टेस्टः** बिना चश्मे के और सबसे उपयुक्त चश्मे के साथ देखने की क्षमता की जांच। इससे चश्मे के नंबर की शुरूआती परख होती है।
- **दूसरी जांच नॉन-कॉन्टैक्ट टोनोमेट्रीः** इसमें आंख को छुए बिना हवा के हल्के दबाव से आंख के अंदरूनी दबाव की जांच की जाती है। यह काला पानी (ग्लूकोमा) की स्क्रीनिंग (शुरूआती जांच) में काम आती है।
- **तीसरी जांच ऑब्जेक्टिव रिफ्रैक्शनः** इसमें आधुनिक कंप्यूटरीकृत मशीन आंखों की फोकसिंग क्षमता और दृष्टि दोष की स्वचालित जांच करती है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भोपाल दौरे के चलते आज बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

कार्यक्रम के दौरान सुबह 9 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक भेल क्षेत्र के कई प्रमुख मार्ग प्रभावित रहेंगे

अवधपुरी से एमपी नगर की ओर आने वाले वाहन सेंट जेवियर स्कूल के पीछे से बरखेड़ा मार्केट और एम्स होकर जा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 3 अक्टूबर शनिवार को भेल दशहरा मैदान में होने वाले कार्यक्रम के दौरान सुबह 9 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक भेल क्षेत्र के कई प्रमुख मार्ग प्रभावित रहेंगे। इस दौरान भेल क्षेत्र में भारी वाहनों की नो-एंट्री रहेगी।

भेल दशहरा मैदान में होगा केंद्रीय गृह मंत्री शाह का कार्यक्रम

भेल क्षेत्र में भारी वाहनों की रहेगी नो एंट्री, आज ट्रैफिक प्लान देख निकलिए



यातायात परिवर्तन के लिए सड़क किनारे रखे गए बेरिकेड्स।

इन रास्तों पर रहेगा यातायात दबाव

गोविंदपुरा टर्निंग, अन्ना नगर तिराहा, करियर कॉलेज, सद्भावना चौराहा, भेल गेट नंबर-6, महात्मा गांधी चौराहा और सिक्योरिटी लाइन चौराहे के आसपास यातायात का दबाव रहेगा। वाहन चालकों को इन मार्गों पर अनावश्यक आवागमन से बचने की सलाह दी गई है।

यह रहेगा ट्रैफिक प्लान

कार्यक्रम में आने वाली यात्री बसें भेल गेट नंबर-6 के पास यात्रियों को उतारेंगी। इसके बाद बसों को निर्धारित पार्किंग स्थलों, जिसमें जंबूरी मैदान भी शामिल है, में खड़ा कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के आसपास भारी और व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। अन्नानगर, करियर कॉलेज, सद्भावना चौराहा, भेल गेट नंबर-6 और सिक्योरिटी लाइन चौराहे के आसपास यातायात प्रभावित रहेगा।

इन वैकल्पिक मार्गों का करें इस्तेमाल

महात्मा गांधी चौराहे से करियर कॉलेज की ओर जाने वाले वाहन बरखेड़ी, गुलाब उद्यान तिराहा, कस्तूरबा अस्पताल होते हुए आईएसबीटी-चेतक ब्रिज की ओर जा सकेंगे। चेतक ब्रिज/गोविंदपुरा से महात्मा गांधी चौराहे की ओर जाने वाले वाहन सांची डेयरी कट, कस्तूरबा अस्पताल, गुलाब उद्यान रोड और बरखेड़ा मार्केट होकर जा सकेंगे। अवधपुरी से एमपी नगर की ओर आने वाले वाहन सेंट जेवियर स्कूल के पीछे से बरखेड़ा मार्केट और एम्स अस्पताल होकर जा सकेंगे। आईटीआई तिराहे से करियर कॉलेज होकर चेतक ब्रिज जाने वाले वाहन सिक्योरिटी लाइन चौराहे से सावंतिका पेट्रोल पंप तिराहा होकर निकल सकेंगे।

बाहर से आने वाली बसों के लिए भी रूट तय

होशंगाबाद, जबलपुर, छिंदवाड़ा और बैतूल की ओर से आने वाली बसें 11 मील-हबीबगंज नाका-आईएसबीटी मार्ग से चलेंगी। सागर, छतरपुर और दमोह की ओर से आने वाली बसों के लिए पटेल नगर बायपास मार्ग निर्धारित किया गया है।

पेज 1 का शेष

आतंरिक सुरक्षा और ...

सहित संसाधनों की उपलब्धता, देशविरोधी गतिविधियों, माओवादी हिंसा के बाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा व्यवस्था, नशामुक्ति अभियान तथा विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा शाह, राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मौरी स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) के विस्तारित 'अत्रि' परिसर का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे देर शाम नई दिल्ली रवाना होंगे।

पांच दिन आमजन के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी: भेल दशहरा मैदान में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका अवलोकन करेंगे। यह प्रदर्शनी पांच दिनों तक आमजन के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

सम्मेलन से प्रदेश ...

को प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही साथ भोपाल के मौरी स्थित आइसर के मुख्य परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के उद्घाटन समेत विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र नक्सल मुक्त हो चुका है। मप्र अब नशामुक्ति की ओर अग्रसर है।

एसआईआर में छूटे ...

शामिल करने पर अंतिम निर्णय लेंगे।

राजनीतिक दलों के बीएलए को भी मिलेगी जानकारी: आयोग के अनुसार, दोबारा पंजीयन के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ साझा की जाएगी, ताकि दावे या नाम को लेकर कोई आपत्ति होने पर उसका निराकरण किया जा सके। नाम जोड़ने की प्रक्रिया संबंधित चुनावी कानूनों और नियमों के तहत होगी।

हटाए गए नामों की भी जांच होगी : इसके अलावा आयोग ने समीक्षा के लिए एक कमेटी बनाने का फैसला किया है। इसमें आईआईटी या ट्रिपल आईटी का एक स्वतंत्र विशेषज्ञ भी शामिल होगा। जरूरत के मुताबिक सॉफ्टवेयर में बदलाव किए जाएंगे। चुनाव आयोग एसआईआर से पहले और बाद की मतदाता सूचियों की तुलना कराएगा, ताकि गलती से हटे पात्र मतदाताओं की पहचान हो सके। बीएलओ घर जाकर ऐसे लोगों की जांच करेंगे। डुप्लीकेट या मृत नहीं पाए जाने पर फॉर्म 6 के जरिए नाम दोबारा जोड़ा जाएगा। इसमें राजनीतिक दलों और बूथ लेवल एजेंटों की मदद भी ली जाएगी।

7 राज्यों में लिस्ट जारी हो चुकी : पहले और दूसरे फेज में 13 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, तीसरे फेज में 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया जारी है। इनमें से 7 राज्यों में लिस्ट जारी हो चुकी है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा दो करोड़ मप्र में 34.25 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से बाहर हुए हैं।

बेघर लोगों के लिए ...

भी तय किया है कि एसआईआर से पहले और बाद की मतदाता सूचियों की समीक्षा के लिए विशेषज्ञों वाली समिति बनाई जाएगी। जरूरत के अनुसार संबंधित सॉफ्टवेयर में बदलाव भी किए जाएंगे।

दिल्ली से मुंबई तक ...

का समर्थन किया। शिवाजी पार्क में हुए इस प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए, जिनके हाथों में नारे लिखीं तख्तियां थी। एक में लिखा था ज्ञानेश बो बस इस्तीफा दे दो। अभिजीत दीपके ने कहा कि जब भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका जाते हैं, तब भी वहां कहा जाता है कि ये गांधी के देश से आए हैं। गांधी देश की आत्मा हैं, आंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं। यह भी कहा कि मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे। हमारा वोट हमारा अधिकार है, हमारी आवाज है। जब मतदाता सूची से हमारे नाम हटा दिए जाएं, तो हम क्या करेंगे? पार्क में आए गायक विशाल ददलानी ने प्रदर्शन के दौरान गाना गाया। शिवाजी पार्क में प्रदर्शन के दौरान 75 वर्षीय एक बुजुर्ग की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपालकृष्ण सुब्बैया पिल्लई के रूप में की। वहीं, दिल्ली के जंतर मंतर पर आम आदमी पार्टी ने इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। यहां तैनात सुरक्षा बलों ने 11 सौ लोगों को हिरासत में लिया और क्षेत्र की इंटरनेट सेवा बंद कर दी।

राष्ट्र और धर्म अलग...

आस्था के साथ संघर्ष जैसी चुनौतियां सामने हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान किसी एक पक्ष को चुनकर दूसरे की कीमत पर नहीं किया जा सकता। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा में इन चुनौतियों से निपटने के लिए मार्गदर्शन मौजूद है। उनके अनुसार भारत ने लंबे समय तक किसी देश पर विजय प्राप्त किए या लोगों का धर्म परिवर्तन कराए बिना शांति और सह-अस्तित्व का रास्ता दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि इसी कारण दुनिया की भारत से अपेक्षाएं हैं।

जीवन में उतरे ज्ञान : संघ प्रमुख ने कहा कि भारत के वेद, पुराण, उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता, षड्दर्शन, जैन आगम, त्रिपिटक और गुरु ग्रंथ सहित विभिन्न परंपराओं का ज्ञान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस ज्ञान को केवल पढ़ना पर्याप्त नहीं, बल्कि जीवन में उतारना जरूरी है।

गांधी के स्वदेशी...

संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ओल्ड विधानसभा चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

डॉ. यादव ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज हम देश की आजादी के 2 महान नायकों की जयंती मना रहे हैं। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्श स्थापित किए। इन महापुरुषों के विचार आज भी देश को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक देश में रहे दल विशेष के शासन में अंग्रेजों की सोच और उनकी व्यवस्थाओं की विरासत को आगे बढ़ाया गया।

मुख्यमंत्री ने कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी को सराहा: डॉ. यादव ने भारतीय मूल के कैप्टन स्मित मछार की वीरता और मानवीय भावना की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यात्री विमान में इजराइली यात्रियों की जान बचाने के लिए कैप्टन स्मित ने अपनी जान की परवाह किए बिना अद्भय साहस का परिचय दिया। उनका यह कार्य मानवता, कर्तव्य निष्ठा और साहस का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

पत्नी की जिद पर ली ...

मूल रूप से पन्ना की ही रहने वाली हैं और उनकी शादी झांसी में हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर हीरे मिलने की खबरें देखकर अपने पति को पन्ना में खदान लगाने की जिद की थी। इसके बाद राजकुमार ने पन्ना हीरा दफ्तर से नियम के मुताबिक पट्टा बनवाया और सरकोहा में खदान खोदना शुरू किया। पति-पत्नी पिछले 6 महीनों से खदान में लगातार मेहनत कर रहे थे। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और गुरुवार (1 अक्टूबर) को उन्हें 2 हीरे मिले, जिसके बाद शुक्रवार (2 अक्टूबर) को फिर 2 और हीरे मिल गए। राजकुमार श्रीवास का कहना है कि यह सब माता रानी की कृपा और परिवार की मेहनत का फल है। राजकुमार ने बताया कि हीरों की सरकारी नीलामी से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल वे अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई, उनके भविष्य को बेहतर बनाने और अपने काम-धंधे को आगे बढ़ाने में करेंगे।

छात्रा को मिलने ...

हैं। पुलिस के अनुसार, छात्रा 26 सितंबर को अचानक लापता हो गई थी। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने शुरुआत में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। अगले दिन यानी 27 सितंबर को छात्रा किसी तरह अपने घर लौट आई। शुरुआत में डर के मारे छात्रा ने परिजन को यही बताया कि उसका अपहरण हो गया था। हालांकि, घर लौटने के बाद भी वह लगातार गुमसुम और सहमी हुई रह रही थी। परिजन को जब उसकी हालत देखकर संदेह हुआ तो उन्होंने पूछताछ की। इसके बाद पीड़िता ने रोते हुए अपने साथ हुई दरिंदगी की आपबीती सुनाई।

चिनाब ब्रिज पर ...

श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल के 111 किलोमीटर लंबे सेक्शन पर ट्रेनों की अधिकतम अनुमत गति अब 75 से बढ़ाकर 100 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई है। यह बदलाव सफल परीक्षण के बाद किया गया है।

अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि सफल ट्रायल के बाद कटरा-बनिहाल सेक्शन पर ट्रेन संचालन की अधिकतम गति बढ़ाई गई है। गति में यह बढ़ोतरी यूएसबीआरएल परियोजना के तहत रेल संपर्क और संचालन क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इससे यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट पर ट्रेन का संचालन आसान होगा, यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

चीन को हराकर ...

गोल्ड मेडल आया। शुक्रवार को 44 सालों के लंबे इंतजार के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) जीता। आइची-नागोया में खेले गए फाइनल में भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन चीन को 1-0 से हराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह भारतीय हॉकी के लिए बेहद खास पल है। चार दशक से अधिक समय बाद एशियन गेम्स में स्वर्ण हासिल करना टीम के शानदार कौशल और बेहतरीन तालमेल का परिणाम है। खिलाड़ियों का दृढ़ संकल्प भी प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री ने टीम को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता देशभर में हॉकी की लोकप्रियता बढ़ाने में योगदान देगी।

भारत अब मेडल ...

इस एशियन गेम्स में अब तक कुल 16 गोल्ड, 25 सिल्वर और 35 ब्रॉन्ज मेडल समेत कुल 76 मेडल जीते हैं।

बॉक्सिंग, कुश्ती और ...

ने दक्षिण कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कुश्ती में सुजीत कलकल ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल के फाइनल में 2-9 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुडिएव को 10-9 से हराया। आखिरी 11 सेकंड में निर्णायक टेकडाउन से सुजीत ने मुकाबला पलट दिया। तीरंदाजी में कुमकुम मोहोड, अंकिता भक्त और कीर्ति की महिला रिकर्व टीम ने पहली बार एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। पुरुष रिकर्व और मिश्रित टीम को रजत मिला। सेलिंग और सेपकटकरा में भारत ने कांस्य पदक हासिल किया।

संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश
(भू-तल "डी" विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004
www.ayush.mp.gov.in
Email-id- dirstoreayush.mp@mp.gov.in, mp_dismh@yahoo.com
PHONE: 2760225
क्रमॉक /7/ स्टोर/2026-27/494 भोपाल, दिनांक 30/09/2026
:: ई-निविदा सूचना ::

संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश भोपाल के अंतर्गत फोटोकॉपी संबंधी कार्यों के लिये दरों के अनुबंध हेतु ई-टेंडर पोर्टल http://mptenders.gov.in पर ई-निविदा दिनांक 01/10/2026 से दिनांक 21/10/2026 तक आमंत्रित की जा रही है। ई-निविदा से संबंधित अभिलेख, प्रपत्र आदि पोर्टल http://mptenders.gov.in/ तथा विभागीय बेबसाईट www.ayush.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें।

प्रभारी अधिकारी (स्टोर)
संचालनालय आयुष म.प्र. भोपाल

G-19350/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-3, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल,
प्रकरण क्रमांक-9496/अ-6/2025-26
मौजा- तूमड़ा
तहसील हुजूर, भोपाल
// उद्घोषणा पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नर्वदी बाई पत्नि / स्व. श्री मनोहर लाल किरार 02 कमलेश बाई धाकड़ 03 ब्रजमोहन किरार 04 राधा बाई धाकड़ 05 गोविन्द प्रसाद किरार निवासी ग्राम तूमड़ा तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम तूमड़ा स्थित प.ह.न. 57 भूमि खसरा क्रमांक 1119, 1084 कुल रकबा 0.6070 हे., 1.4160 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेखों स्व. श्री मनोहर लाल किरार आत्मज स्व. श्री रामप्रसाद के नाम से भूमि दर्ज है। जिस आधार पर फौतीनामातंरण किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 07/10/26 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/9/26 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकरी
उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर (म.प्र.)
E-Mail : sdoftsehore@mp.gov.in, M.no. 9424790851
क्रमांक/2315 सीहोर, दिनांक 29/09/2026
:: विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन एवं अतिक्रमण करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5(1)15, 16 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 41 एवं 26 (1) क के अन्तर्गत जप्त किये गये हैं। कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नहीं हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहन को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	परिक्षेत्र का नाम	वन अपराध प्रकरण क्रमांक / दिनांक	वाहन का विवरण	वाहन का पंजीयन / चेचिस / इंजन / क्रमांक	वाहन मालिक /आरोपी का नाम/पता	अपराध का प्रकार	जप्ती स्थल
1	2	3	4	5	6	7	8
1	इछावर	42756/03 17.09.2026	मोटर साइकिल हीरो एच एफ डीलक्स	MP-37-ZH-8504	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	रामनगर से ढाबलाराय के पास मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।
2	इछावर	42754/12 18.09.2026	मोटर साइकिल होण्डा साईन	बिना नम्बर, चेचिस, इंजन नंबर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	सिरालीघाट से डुण्डालाबा मार्ग पर इमली के पास मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।
3	इछावर	42757/02 20.09.2026	मोटर साइकिल हीरा स्पलेण्डर प्लस	बिना नम्बर	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	शनिदेव मार्ग व भाटिया देव के पास मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।
4	इछावर	42245/18 21.09.2026	मोटर साइकिल हीरा स्पलेण्डर	बिना नम्बर, चेचिस, इंजन नंबर अस्पष्ट	अज्ञात	सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन	बाराखम्बा मंदिर के पास कक्ष क्रमांक 219 में मोटर साइकिल द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त।

कृतिका जायसवाल
प्राधिकृत अधिकारी /
उपवनमंडलाधिकारी (सामान्य) सीहोर

G-19364/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं सचिव जिला रोगी कल्याण समिति, जयप्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल (मध्यप्रदेश), (1250, तुलसी नगर भोपाल, परिसर, भोपाल)
क्र/ज.प्र.जि.चि./रो.क.स./2026/125 भोपाल दिनांकः 24/09/2026
:: निविदा सूचना (तृतीय अवसर) ::

जयप्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल हेतु पार्किंग व्यवस्था वर्ष 2026-27 की ई-निविदा एम पी टेण्डर पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा मे इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन निविदा जमा कर सकते है। निविदा से संबंधित शर्तें, नियम, संशोधित पत्र आदि का विस्तृत ब्यौरा समय-समय पर MP Tender Portal WebSite https://mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन देखा जा सकता हैं। निविदा का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.	विवरण	तिथि एवं समय
01	प्रकाशन तिथि	03-10-2026, at 11:30
02	दस्तावेज डाउनलोड / विक्रय प्रारंभ तिथि	03-10-2026, at 12:30
03	दस्तावेज डाउनलोड/विक्रय समाप्ति तिथि	23-10-2026, at 05:30
04	निविदा (बिड) जमा करने की प्रारंभ तिथि	04-10-2026, at 02:30
05	निविदा (बिड) जमा करने की अंतिम तिथि	24-10-2026, at 05:45
06	प्री-बिड बैठक की तिथि	07-10-2026, at 11:30
07	तकनीकी निविदा (बिड) खोलने की तिथि	27-10-2026, at 11:30
08	वित्तीय निविदा (बिड) खोलने की तिथि	समिति द्वारा निर्धारित

(डॉ संजय जैन), सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक एवं सचिव जिला रोगी कल्याण समिति, जयप्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल (म.प्र.)

G-19355/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल
पुलिस विभाग के वाहनों में एसी रिपेयर संबंधी कार्य हेतु 01 वर्ष के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित

पीटीएस (एमटी) भोपाल में मरम्मत के लिए पुलिस मुख्यालय से आने वाले पुलिस वाहनों में आवश्यकतानुसार एसी रिपेयर संबंधी कार्य (रख-रखाव) हेतु पुलिस अधीक्षक पीटीएस (एमटी) भोपाल के द्वारा 01 वर्ष के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्तें तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रकाशन की दिनांक	24/09/2026 के 18:00 बजे
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक	24/09/2026 के 18:00 बजे
प्री-बिड मीटिंग दिनांक	29/09/2026 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	30/09/2026 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	15/10/2026 के 16:00 बजे
तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक	16/10/2026 के 17:00 बजे

पुलिस अधीक्षक
पीटीएस (एमटी), भोपाल

G-19358/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य शाखा, भोपाल
No.: C/BPL/PNU/NDPM/E-Auction/2026-02
Date: 01.10.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल में नार्मल पे एंड यूज शौचालयों के ठेके के लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई–ऑक्शन के कैटलॉग IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध हैं। कैटलॉग का विवरण इस प्रकार है। **Catalogue number:** C-BPL-PNU-NDPM, **Type contract of:** Pay & Use, **Lot No./ Bid No.:** PnU-BPL-NDPM-Toi 25-26-1 (Pay and Use - Toilets), **Contract Period :** 3 Years (1096 day) **Date and time of close of E-auction:** 14-10-2026, 14:30:00, सम्पूर्ण जानकारी अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।

कृते मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर









बेचना है

बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)

(RO-41750) 02/09/26 to 05/10/26

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक



R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

राशिफल

मेष आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

वृष रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

मिथुन नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

कर्क कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

सिंह लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

कन्या मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

तुला पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

धनु किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

मकर नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

कुंभ स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

मीन कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 6366



बाएँ से दाए
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6365 का हल

	बि	ज	ली	घ	र		मा	न	सि	क
दि	ल		ड		ख	न	न		ना	रा
ल		धा	र	दा	र		क	ली		मा
दु	ला	रा			खा	स		ख	प	त
ख		धा		ना	ब		ग		र	
ना	म	र	ख	ना		च	म	क	दा	र
	यू		त		स	र		ट		वा
ह	र	म		शा	म			पी	स	ना
ड़		थ	श		का	रा	वा	स		हो
ता	न		प	ग	ली		न		म	ना
ल	थ	प	थ		न	ग	र	व	धु	

सूडोकु नवताल - 6376

कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6375 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8

खबर संक्षेप

डॉव सॉफ्ट आईपीओ से जुटाएगी 73.26 करोड़

मुंबई। डॉव सॉफ्ट लिमिटेड आईपीओ के जरिए 73.26 करोड़ रुपए जुटा रही है। कंपनी का आईपीओ सोमवार, 5 अक्टूबर को बंद होगा। इसके लिए शेयर का मूल्य दायरा 104 से 111 रुपए तय किया गया है और कंपनी की बीएसई एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होने की योजना है। आईपीओ में 53.28 लाख नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि 12.72 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। आईपीओ से जुड़ी जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 से 2026 के बीच कंपनी का राजस्व 46 प्रतिशत और कर पश्चात लाभ 42 प्रतिशत बढ़ा।

सैमसंग ने पेश की गैलेक्सी टैब एस12 श्रृंखला

सियोल। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी टैब एस12 श्रृंखला पेश कर दी है। इसमें गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और गैलेक्सी टैब एस12 प्लस शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक नई श्रृंखला को बेहद पतले डिजाइन के साथ दमदार प्रदर्शन, लंबी बैटरी क्षमता और नवीनतम गैलेक्सी एआई सुविधाओं से लैस किया गया है। गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा की मोटाई महज 5.1 मिलीमीटर है। कंपनी का दावा है कि यह उसका अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी टैब है।

सुमित ने 'नमस्ते बडी' पेशकश की

नई दिल्ली। कॉइनडीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता ने एआई आधारित स्टार्टअप 'नमस्ते बडी' के संस्थापकों को मार्गदर्शन और सलाह देने की पेशकश की है। यह स्टार्टअप छोटे शहरों और गांवों के बच्चों को एआई की मदद से अंग्रेजी में बातचीत का अभ्यास कराने पर काम कर रहा है। गुप्ता की नजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नमस्ते बडी से जुड़ी एक पोस्ट पर पड़ी। उन्होंने इस पहल को अपने बचपन से जोड़ते हुए कहा कि स्टार्टअप जिस समस्या पर काम कर रहा है।

आर्मा कैपिटल ने किया 10 करोड़ का निवेश

मुंबई । महाराष्ट्र स्थित आर्मा कैपिटल ने हैदराबाद मुख्यालय वाले ईबीजी समूह के स्वास्थ्य, खान-पान और पारिवारिक मनोरंजन कारोबार में 10 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही आर्मा कैपिटल की समूह के कई उपभोक्ता-केंद्रित ब्रांडों में भागीदारी हो गई है। निवेश के तहत मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ स्थित तीन कार्लटन वेलनेस सेंटर के साथ हैदराबाद में नाटुफ कैफे, अधिरा एंड अप्पा कैफे और छोटा भीम फैमिली कैफे के लिए फ्रेंचाइजी साझेदारी शामिल है।

मोर रिटेल की मोंट्रा इलेक्ट्रिक से साझेदारी

बेंगलुरु। प्रमुख सुपरमार्केट चेन मोर रिटेल अपनी मिड-माइल लॉजिस्टिक्स फ्लीट को इलेक्ट्रिक बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। कंपनी ने मोंट्रा इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी कर अपने 600 मिड-माइल वाहनों में से 150 को इलेक्ट्रिक कर लिया है। इनमें मोंट्रा इलेक्ट्रिक एविएटर के 110 ई-एससीवी शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, 110 एविएटर वाहन प्रतिदिन करीब 22 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं और सालाना 1,750 टन से अधिक टेलपाइप सीओ2 उत्सर्जन में कमी ला सकते हैं।

बिमटेक ने मनाया 39वां स्थापना दिवस

नोएडा। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने अपना 39वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समुदाय ने संस्थान की उपलब्धियों और प्रबंधन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में योगदान को याद किया। समारोह में चेतना विकास स्वराज्य ट्रस्ट के पद्मश्री डॉ. भारत भूषण त्यागी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार 2025 प्रदान किए गए। इसके अलावा एक और दो दशक की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया गया ।

ट्रांसपोर्टरों ने कहा-कोकता को मुख्य ट्रक टर्मिनल एवं लॉजिस्टिक हब विकसित करने की मांग

ट्रांसपोर्ट नगर को आवासीय बनाने पर भड़के ट्रांसपोर्टर पदाधिकारी बोले-इंदौर वाली गलती भोपाल में न हो

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मास्टर प्लान-2047 में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था के प्रस्तावों को लेकर भोपाल ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन ने आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने सवाल उठाया है कि जब कोकता में रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर पहले से विकसित है, तो मुख्य ट्रक टर्मिनल को शहर से बाहर अवारपुर, बंगरसिया, भैरोपुर, सतगड़ी, भानपुर और आदमपुर जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में प्रस्तावित करने की जरूरत क्यों है? एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री और परिवहन विभाग से मांग की है कि कोकता स्थित रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर को ही भोपाल का मुख्य ट्रक टर्मिनल रखा जाए। इसके आसपास की जमीन को आवासीय उपयोग के बजाय थोक व्यापारियों के गोदाम, लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट गतिविधियों के लिए आरक्षित किया जाए।

एसोसिएशन ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट गतिविधियों के आसपास आवासीय कॉलोनियां विकसित होने से बाद में भारी वाहनों की आवाजाही और रहवासी क्षेत्रों के बीच टकराव की स्थिति बनती है। संगठन का सवाल है कि जिस तरह की समस्या इंदौर में सामने आई, वही स्थिति भोपाल में क्यों तैयार की जा रही है? एसोसिएशन के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर का मूल उद्देश्य ट्रांसपोर्ट, गोदाम, लोडिंग-अनलोडिंग और उससे जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए जगह उपलब्ध कराना है। ऐसे में इसके आसपास आवासीय उपयोग बढ़ाने के बजाय इसे एकीकृत कमर्शियल और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

1. थोक व्यापारियों के गोदाम लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट गतिविधियों के लिए आरक्षित किया जाए
2. आवासीय के बजाए एकीकृत कमर्शियल और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जाए



गोदाम शहर से बाहर हों ट्रक टर्मिनल नहीं

ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने मास्टर प्लान के लिए अलग मॉडल सुझाया है। उनका कहना है कि शहर के भीतर संचालित थोक व्यापारियों के गोदामों को चरणबद्ध तरीके से बाहर निर्धारित व्यावसायिक क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाए, लेकिन मौजूदा ट्रांसपोर्ट टर्मिनल को और दूर ले जाने के बजाय कोकता में ही मजबूत किया जाए। एसोसिएशन का तर्क है कि इससे भारी वाहनों की शहर के अंदर आवाजाही कम होगी। कोकता में ट्रांसपोर्ट नगर, गोदाम, थोक व्यापार और लॉजिस्टिक गतिविधियों को एक ही कॉरिडोर में विकसित करने से माल की लोडिंग-अनलोडिंग और परिवहन व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित हो सकती है।

बाहरी इलाकों में टर्मिनल बनाने पर अतिरिक्त दूरी का दिया तर्क



एसोसिएशन के अनुसार मास्टर प्लान में अवारपुर, बंगरसिया, भैरोपुर, सतगड़ी, भानपुर और आदमपुर जैसे बाहरी क्षेत्रों में ट्रक टर्मिनल प्रस्तावित किए गए हैं। संगठन का कहना है कि ऐसे स्थानों पर टर्मिनल बनने से भोपाल के व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को माल लाने-ले जाने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे समय और परिवहन लागत बढ़ सकती है। व्यापारियों का कहना है कि भोपाल के बाहर से आने वाला और शहर से बाहर जाने वाला माल यदि कोकता स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के माध्यम से व्यवस्थित किया जाए तो ट्रांसपोर्ट, थोक व्यापार और वेयरहाउसिंग को एक ही क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है।

ठाकुरलाल राजपूत बोले नाम का नहीं, काम का ट्रांसपोर्ट नगर चाहिए



भोपाल ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहा कि मास्टर प्लान-2047 को अंतिम रूप देने से पहले ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों की आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। एसोसिएशन की मांग है कि रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर, कोकता को केवल नाम का ट्रांसपोर्ट नगर न रखा जाए, बल्कि इसे भोपाल के मुख्य ट्रक टर्मिनल, थोक व्यापार, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक गतिविधियों के एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। कोकता के आसपास कमर्शियल, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक जोन विकसित कर भोपाल की माल परिवहन व्यवस्था को एकीकृत स्वरूप देने की मांग की गई है।

अशोक गुप्ता (असाटी)बोले-आज का फैसला, कल की परेशानी न बने



भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर कोकता अध्यक्ष, अशोक गुप्ता (असाटी) का कहना है कि मास्टर प्लान आने वाले दशकों में शहर की दिशा तय करता है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास अभी आवासीय उपयोग बढ़ाया गया तो भविष्य में रहवासियों और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच विवाद, यातायात दबाव और समस्याएं बढ़ सकती हैं। गुप्ता ने दो टूक कहा है कि शहर के भीतर के थोक गोदाम बाहर किए जाएं, लेकिन ट्रांसपोर्ट टर्मिनल को कोकता से और दूर ले जाने के बजाय यहीं मजबूत किया जाए।

दशहरे से पहले चीनी का नया कोटा जारी, कीमतों पर सरकार की नजर

13 लाख टन का आवंटन, डीलरों की स्टॉक की सीमा 1,000 क्विंटल हुई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नवरात्र और दशहरा से पहले सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए 13 लाख टन चीनी का नया बिक्री कोटा जारी किया है। कुल आवंटन का करीब 83 फीसदी हिस्सा देश के तीन प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक को मिला है। राज्यवार आवंटन में महाराष्ट्र को 4.39 लाख टन, उत्तर प्रदेश को 4.18 लाख टन और कर्नाटक को 2.20 लाख टन चीनी दी गई है। वहीं, जिन रिफाइनरियों को पहले घरेलू बाजार में सीमित मात्रा में आयातित चीनी बेचने की अनुमति मिली थी, उन्हें पिछले दो आवंटनों की तरह इस बार भी 1 लाख टन का कोटा दिया गया है।



आपूर्ति मजबूत रखने की कवायद

सरकार के इस कदम को त्योहारों से पहले बाजार में आपूर्ति मजबूत रखने की कवायद माना जा रहा है। दशहरा 20 अक्टूबर को है और इस दौरान मिठाई तथा अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने की संभावना रहती है। चीनी की कीमतों पर दबाव बनाए रखने के साथ सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए डीलरों की स्टॉक सीमा भी घटाई है। 15 अक्टूबर से देशभर में डीलर अधिकतम 1,000 क्विंटल चीनी रख सकेंगे। कोलकाता के विस्तारित महानगरीय क्षेत्र और असम में यह सीमा 2,000 क्विंटल होगी।

कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई

अगस्त में डीलरों की स्टॉक सीमा 4,000 क्विंटल थी, जिसे 15 सितंबर से घटाकर 2,000 क्विंटल किया गया था। अब इसमें फिर कटौती की गई है। अगस्त में चीनी की औसत खुदरा कीमत करीब 15 फीसदी, जबकि मिलों से निकलने वाली कीमत करीब 28 फीसदी घट चुकी थी। हालांकि पिछले तीन महीनों से कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई हैं। नए कोटे और घटती स्टॉक सीमा से त्योहारों के दौरान आपूर्ति बनाए रखने के साथ कीमतों में और नरमी लाने की कोशिश की जा रही है।

---

424 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद विभाग को जांच का आदेश

हाईकोर्ट का फैसला: सप्लायर की गलती पर व्यापारी का जीएसटी क्रेडिट नहीं कटेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



जीएसटी के इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने व्यापारियों के लिए अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सिर्फ सप्लायर द्वारा कर जमा नहीं करने, रिटर्न दाखिल न करने या उसका पंजीकरण रद्द होने के आधार पर खरीदार का इनपुट टैक्स क्रेडिट अपने-आप नहीं काटा जा सकता।

अदालत ने 1 अक्टूबर 2026 को शौर्या अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य से जुड़े मामलों में यह व्यवस्था दी। मुख्य मामला सीडब्ल्यूपी-34296-2024 है। अदालत ने जीएसटी कानून की धारा 16(2)(सी) की वैधता बरकरार रखी, लेकिन कहा कि इसका इस्तेमाल बिना जांच के यांत्रिक तरीके से नहीं किया जा सकता। अदालत के मुताबिक कर अधिकारियों को यह देखना होगा कि लेन-देन वास्तविक था या नहीं, माल या सेवा वास्तव में खरीदार को मिली या नहीं और खरीदार की भूमिका क्या थी।

सप्लायर की गलती जांच शुरू करने का आधार हो सकती है, लेकिन अकेले सप्लायर का चूक करना इनपुट टैक्स क्रेडिट काटने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। अदालत ने विभाग को यह भी निर्देश दिया कि कर नोटिस में जरूरी साक्ष्य दिए जाएं, खरीदार को अपना पक्ष रखने और सुनवाई का पूरा अवसर मिले तथा अंतिम आदेश तर्कसंगत हो।

इस फैसले से उन कारोबारियों को राहत मिल सकती है जिनका कर क्रेडिट केवल सप्लायर की चूक के चलते विवाद में फंस गया था। अब विभाग को कार्रवाई से पहले लेन-देन की वास्तविकता और खरीदार की भूमिका की जांच करनी होगी।

बिजनेस न्यूज

अरुग्न क्लीनिक के शिविर में 200 से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन



भोपाल । गांधी जयंती के अवसर पर अरुग्न क्लिनिक, भोपाल की ओर से आयोजित मेगा प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप कैंप में शहरवासियों का उत्साह देखने को मिला। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया और विभिन्न स्वास्थ्य जांचों के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।शिविर का उद्देश्य गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। यहां फैटी लिवर, हड्डी एवं जोड़, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय, किडनी, महिला स्वास्थ्य और नेत्र संबंधी जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में फाइब्रोस्कैन, बोन मिनरल डेंसिटी, डायबिटिक न्यूरोपैथी स्क्रीनिंग, लिपिड प्रोफाइल, एचबीए1सी, बीएमआई, लिवर फंक्शन टेस्ट, टीएसएच, सीरम क्रिएटिनिन, रैंडम ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी जांचें की गईं। मेडिसिन, नेत्र रोग, ऑर्थोपेडिक्स तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों ने मरीजों को परामर्श दिया।मरीजों और उनके परिजनों ने शिविर में उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञ परामर्श की सराहना करते हुए हर माह ऐसे निःशुल्क या रियायती स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया।शिविर की सफलता में क्लिनिक की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन का मार्गदर्शन डॉ. अभिनव कृष्ण सोनी, डॉ. दिव्या रायचंदानी, डॉ. प्रखर जैन और डॉ. शिल्पा हुरमाडे ने किया।

इंडियन बैंक का 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के तहत वॉकथॉन

नई दिल्ली। इंडियन बैंक ने स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत देशभर में वॉकथॉन, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इस वर्ष अभियान की थीम "स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत" रखी गई है। चेन्नई में आयोजित वॉकथॉन का नेतृत्व इंडियन बैंक के एमडी एवं सीईओ बिनोद कुमार ने किया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी, शिव बजरंग सिंह और मिनी टीएम सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रसिद्ध भारतीय हॉकी खिलाड़ी एवं ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के पूर्व कप्तान वासुदेवन बास्करन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

धानुका एग्रीटेक का वेटसिट नियो लांच

नई दिल्ली। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने भारतीय कृषि क्षेत्र में फसल सुरक्षा और पोषण उत्पादों के प्रभावी इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए पौधों पर आधारित बायोसॉल्यूशन एडजुवेंट वेटसिट नियो लांच किया है। यह नया उत्पाद फसलों पर स्प्रे की बेहतर कवरेज, स्प्रे ड्रिफ्ट में कमी और एग्रोकेमिकल के अधिक प्रभावी अवशोषण में मदद करेगा। खासतौर पर मोमी सतह वाली पत्तियों की फसलों में इसका उपयोग लाभकारी हो सकता है। कंपनी के अनुसार, वेटसिट नियो को कृषि में इस्तेमाल होने वाले फसल सुरक्षा और पोषण उत्पादों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। धानुका एग्रीटेक प्रबंधन के अनुसार, पारंपरिक स्प्रे तकनीक में पत्तियों की मोमी सतह के कारण दवाओं का पर्याप्त फैलाव और अवशोषण एक चुनौती है। वेटसिट नियो इस समस्या के समाधान में मदद कर सकता है।



सैमसंग, एप्पल, सोनी, एलजी और नाइकी की कम कीमतें अमेजन पर

बेंगलुरु। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरुआत 8 अक्टूबर से होगी। त्योहारी बिक्री में सैमसंग, एप्पल, सोनी, एलजी, शाओमी, नाइकी और लोरियल पेरिस जैसे प्रमुख ब्रांडों के उत्पादों पर साल की सबसे कम कीमतों का दावा किया गया है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, सौंदर्य, घर-रसोई और रोजमर्रा की जरूरतों पर ग्राहकों को कई तरह के सौदे मिलेंगे। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव के मुताबिक, ग्राहक एसबीआई बैंक कार्ड पर 10 फीसदी तत्काल छूट, अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5 फीसदी तक नकद वापसी, कूपन, बिना ब्याज की किस्त और पुराने उत्पाद के बदले छूट का लाभ उठा सकेंगे। प्राइम सदस्यों के लिए अतिरिक्त बचत भी उपलब्ध होगी।

अमेजन नाउ का 120 से ज्यादा शहरों में विस्तार

मुंबई। अमेजन ने त्वरित डिलीवरी सेवा अमेजन नाउ का विस्तार देश के 120 से अधिक शहरों तक कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, महज दो सप्ताह में सेवा की पहुंच दोगुनी हुई है। अब अमृतसर, अबोहर, जालंधर, अंबाला, मंगलूरु, मणिपाल, विशाखापत्तनम, कोच्चि, चंगनास्सेरी, भुवनेश्वर और कारवार जैसे शहरों के ग्राहक भी मिनटों में सामान मंगा सकेंगे। अमेजन नाउ पर किराना, फल-सब्जियां, जमे हुए खाद्य पदार्थ, व्यक्तिगत देखभाल, फैशन, सौंदर्य, छोटे घरेलू उपकरण और रसोई से जुड़े हजारों उत्पाद उपलब्ध हैं। ऑर्डर की आपूर्ति करीब 800 सूक्ष्म और शहरी पूर्ति केंद्रों के नेटवर्क से की जा रही है। कंपनी के अनुसार, हर तिमाही ऑर्डर दोगुने हो रहे हैं।

चॉकलेट यूनिट में बिल्ली की गंदगी कीड़े और एक्सपायर्ड रंग मिले

चॉकलेट से लेकर खाद्य तेल तक घेरे में, गंदगी मिलने पर दो कंपनियों के लाइसेंस निलंबित

तेल फैक्ट्री में सीवेज का पानी, चूहे और जंग लगे टैंक पाए गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने शिवम एग्रो और टीसीएफ चॉकलेट्स एंड गिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। 1 अक्टूबर 2026 को हुई कार्रवाई के बाद दोनों कंपनियों को लाइसेंस बहाल होने तक खाद्य कारोबार बंद रखने और कमियां दूर करने के बाद अनुपालन रिपोर्ट जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। टीसीएफ चॉकलेट्स की यूनिट में जांच के दौरान प्रोसेसिंग क्षेत्र में बिल्ली की गंदगी और कीड़े-मकौड़े पाए गए। कुछ स्थानों पर खुली नालियां भी मिलीं। कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता मानकों का पालन नहीं हो रहा था। चॉकलेट में इस्तेमाल होने वाले कुछ खाद्य रंग और फ्लेवर समाप्त हो चुकी अवधि के पाए गए।



कच्चे माल के पास सफाई में इस्तेमाल होने वाले रसायन रखे मिले। चॉकलेट का तरल स्थानांतरित करने वाले प्लास्टिक पाइप भी खाद्य-ग्रेड प्रमाणित नहीं पाए गए।

जांच में कर्मचारियों की चिकित्सकीय जांच, कीट नियंत्रण और प्रयोगशाला परीक्षण से जुड़े जरूरी रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं मिले। पिछली जांच में यूनिट का अनुपालन स्कोर महज 14 प्रतिशत दर्ज किया गया था। कंपनी के खिलाफ कार्रवाई एक उपभोक्ता की शिकायत के बाद की गई, जिसने ई-कॉमर्स मंच से खरीदी चॉकलेट की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था।

शिवम एग्रो की फैक्ट्री में भी गंभीर खामियां सामने आईं। एफएसएसएआई टीम को परिसर में सीवेज का गंदा पानी जमा मिला। जगह-जगह मक्खियां, कचरा और मकड़ियों के जाले पाए गए। तेल बनाने और पैकिंग वाले हिस्से में चूहों की मौजूदगी मिली, जबकि कीट नियंत्रण व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी। तेल की मिश्रण प्रक्रिया में जंग लगे लोहे के टैंक और बर्तनों के इस्तेमाल की बात जांच में सामने आई।

प्लांट में 19 हजार ट्रैक्टरों का उत्पादन

सोनालीका ने 6 माह में पार किया 1 लाख ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में भारत की नंबर-1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपने 30वें वर्ष में बिक्री का नया रिकॉर्ड कायम किया है। कंपनी ने अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच महज छह महीनों में 1 लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया। खास बात यह है कि करीब आठ साल पहले जिस बिक्री स्तर को हासिल करने में कंपनी को पूरा एक साल लगा था, अब वही उपलब्धि छह महीने में हासिल कर ली गई है।

कंपनी के मुताबिक यह सफलता ट्रैक्टरों में लगातार तकनीकी सुधार, किसानों के साथ मजबूत जुड़ाव, बेहतर उत्पादन योजना और डीलर नेटवर्क के साथ प्रभावी तालमेल का परिणाम है। कंपनी ने इस उपलब्धि को अपने 'खुद से जीतने का दम' अभियान से जोड़ा है, जिसका उद्देश्य किसानों को अपने ही प्रदर्शन के रिकॉर्ड तोड़ने के लिए प्रेरित करना है। त्योहारी सीजन में बढ़ने वाली मांग को देखते हुए सोनालीका ने उत्पादन और सप्लाई को भी मजबूत किया है। होशियारपुर स्थित कंपनी के प्लांट में 19 हजार ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन दर्ज किया गया है।



इससे बाजार में ट्रैक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने के साथ डीलर नेटवर्क को भी मजबूत किया गया है।इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि प्रगति की असली पहचान खुद से आगे निकलना है।

विदेशी मुद्रा की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय

आरबीआई के नियमों से बैंकों को विदेशी मुद्रा कारोबार में 4,000 करोड़ का झटका

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय बैंकों को 2026 की पहली छमाही में विदेशी मुद्रा कारोबार में करीब 50 करोड़ डॉलर यानी लगभग 4,000 करोड़ रुपए का बाजार मूल्यांकन नुकसान उठाना पड़ा। क्रिसिल कोएलिशन ग्रीनविच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह नुकसान भारतीय रिजर्व बैंक के नियामकीय बदलावों के बाद बैंकों द्वारा विदेशी मुद्रा पोजीशन घटाने से हुआ।

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के 27 मार्च के निर्देश के बाद अधिकृत डीलर बैंकों के लिए कारोबारी दिन खत्म होने पर घरेलू रुपए से जुड़ी शुद्ध खुली विदेशी मुद्रा पोजीशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी गई थी। बैंकों को 10 अप्रैल तक अपनी अतिरिक्त पोजीशन घटानी पड़ी। कम समय में बड़े पैमाने पर पोजीशन में बदलाव के चलते उनकी विदेशी मुद्रा



कारोबारी पुस्तिका पर दबाव बढ़ा।

हालांकि बाद में बाजार में खरीद-बिक्री के अंतर यानी स्प्रेड में बढ़ोतरी और पोजीशन के सामान्य होने से बैंकों ने करीब 40 करोड़ डॉलर के नुकसान की भरपाई कर ली। यह बदलाव ऐसे समय आया, जब रुपये में उतार-चढ़ाव तेज था, विदेशी निवेशकों की निकासी जारी थी और कंपनियों की ओर से मुद्रा जोखिम से बचाव की मांग बढ़ी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कड़े नियमों से बैंकों की विदेशी मुद्रा जोखिम अपने पास रखने और बाजार में नकदी उपलब्ध कराने की क्षमता भी प्रभावित हुई।

चिंतन

देश के भविष्य में निवेश है खेल पर हो रहा खर्च

एशियाई खेलों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के लिए गर्व का विषय है, लेकिन पदकों की चमक के साथ एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। क्या भारत को खेलों पर सरकारी खर्च और बढ़ाना चाहिए? इसका उत्तर केवल पदक तालिका में नहीं है। असल सवाल यह है कि क्या भारत उस खेल संस्कृति का निर्माण कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में देश को विश्व की बड़ी खेल शक्तियों के बीच खड़ा कर सके। एशियाई खेल 2026 अभी जारी हैं। 2 अक्टूबर तक भारत ने 16 स्वर्ण समेत 76 पदक हासिल किए हैं। यह प्रदर्शन बताता है कि भारतीय खेल जगत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लेकिन तुलना करें तो 2022 के हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे। इसलिए मौजूदा प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल पदकों की संख्या से करना उचित नहीं होगा। असली उपलब्धि उस व्यवस्था की है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए पहले से कहीं बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए हैं। सरकार का खेल बजट भी इसी बदलाव का संकेत देता है। वित्त वर्ष 2026-27 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के लिए 4,479.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 3,346 करोड़ से काफी अधिक है। 'खेलो इंडिया' और राष्ट्रीय खेल महासंघों की सहायता के लिए भी अगले पांच वर्षों के लिए बड़ा वित्तीय प्रावधान किया गया है। एशियाई खेलों की तैयारी में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए लगभग 800 करोड़ से अधिक खर्च किया गया। इससे पता चलता है कि भारत अब खिलाड़ियों को केवल प्रतियोगिता से पहले प्रशिक्षण देने की सोच से आगे बढ़कर दीर्घकालिक तैयारी की ओर बढ़ रहा है। फिर भी सवाल है कि क्या इतना पर्याप्त है? भारत की आबादी और युवा शक्ति को देखते हुए शायद यह पर्याप्त नहीं है। देश में करोड़ों बच्चे और युवा हैं, लेकिन उनमें से कितनों को गुणवत्तापूर्ण खेल मैदान, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक उपकरण और नियमित प्रतियोगिताओं की सुविधा मिलती है? यही वह अंतर है जिसे भरना होगा। हर जिले में अच्छे खेल मैदान हों। स्कूलों में खेल शिक्षक और प्रशिक्षक हों। प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान के लिए नियमित प्रतियोगिताएं हों। यदि भारत वास्तव में खेल महाशक्ति बनना चाहता है तो यह पूरा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा। इसके आर्थिक लाभ भी हैं। खेल उपकरणों का निर्माण, फिटनेस उद्योग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, कोचिंग, खेल आयोजन, प्रसारण और खेल पर्यटन जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। यदि भारत खेल उपकरणों का बड़ा विनिर्माता बनता है तो यह खेल बजट को एक व्यापक आर्थिक निवेश में बदल सकता है। भारत को ओलंपिक और उसके आगे की तैयारी अभी से करनी होगी। इसके लिए केवल कुछ स्टार खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की रणनीति पर्याप्त नहीं होगी। हमें ऐसी व्यवस्था चाहिए जिसमें हर वर्ष हजारों प्रतिभाएं खोजी जाएं, उनमें से सैकड़ों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण मिले और उनमें से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का अवसर मिले। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि खेलों पर इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। सवाल यह होना चाहिए कि इस निवेश को और प्रभावी कैसे बनाया जाए। भारत के लिए खेल अब केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं। यह स्वस्थ भारत, युवा भारत, रोजगार के नए अवसरों और दुनिया में भारत की बढ़ती पहचान से जुड़ा क्षेत्र है। इसलिए खेल बजट में वृद्धि को खर्च नहीं, भविष्य में निवेश के रूप में देखना होगा।



शाह का दौरा

रामयश केवट

गांव, गरीब व किसानों को दी ताकत

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के फैसलों से मध्य प्रदेश को बुनियादी ढांचे, सहकारिता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस सुधार और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन व्यवस्था के तहत इन परियोजनाओं ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास को एक नई दिशा और गति प्रदान की है।

सहकारिता और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को साकार करते हुए शाह ने प्रदेश में कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। भोपाल में 16.80 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का लोकार्पण करेंगे तो वहीं उज्जैन में 255 करोड़ की लागत से बनने वाले वृहद डेयरी प्लांट का शिलान्यास होगा। इसके अलावा भोपाल में सहकारिता क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक राज्य स्तरीय डेयरी परीक्षण प्रयोगशाला और शिवपुरी में मिनी डेयरी संयंत्र का शुभारंभ किया जाएगा। कामधेनु योजना के तहत पशुपालकों को वित्तीय सहायता और दुग्ध उत्पादक गोपालक दीदीयों को डीबीटी के माध्यम से सीधी प्रोत्साहन राशि देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसलिए, कहा जाता है कि मध्य प्रदेश को विकास का शहंशाह बनाने में केंद्रीय मंत्री अमित शाह का बड़ा योगदान रहा है।

चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में शाह ने मध्य प्रदेश से एक ऐतिहासिक शुरुआत की। उन्होंने भोपाल में देश में पहली बार हिंदी भाषा में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रथम वर्ष की हिंदी पाठ्यपुस्तकों का विमोचन कर मध्य प्रदेश को मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाला पहला राज्य बनाया। इसके साथ ही भोपाल स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के 'अत्रि परिसर' का शिलान्यास कर उच्च शैक्षणिक अवसंरचना को सुदृढ़ किया गया। सांस्कृतिक पुनरुत्थान और जनजातीय गौरव को सहेजने की दिशा में शाह का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा है।

जबलपुर में राजा शंकर शाह व रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस, ग्वालियर में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के स्मरण तथा सतना में शबरी माता जयंती जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय नायकों के सम्मान और विरासत के संरक्षण हेतु विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' परियोजना के विस्तार तथा चित्रकूट और ओरछा जैसे सांस्कृतिक केंद्रों के विकास में केंद्रीय सहयोग सुनिश्चित किया गया। आंतरिक सुरक्षा और प्रशासनिक सुधारों के तहत मध्य प्रदेश ने नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई। शाह द्वारा फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के विस्तार और बालाघाट जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बलों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस करने पर बल दिया। मप्र को पूरी तरह से नक्सल मुक्त कर दिया। बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना को गति दी गई। ये सभी प्रयास मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर और देश का अग्रणी राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

शाह के 2-3 अक्टूबर के भोपाल दौरे में मध्य प्रदेश को कई परियोजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन्हें प्रदेश के लिए अहम बताया है।



मुख्य कार्यक्रम बीएचईएल दशहरा मैदान में है, जहां राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन होगा। इसमें 35 हजार से अधिक पशुपालकों और दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों के पहुंचने की उम्मीद है। सबसे बड़ी सौगात डेयरी और सहकारिता क्षेत्र को मिलेगी। शाह भोपाल सहकारी दुग्ध संघ परिसर में 16.80 करोड़ रुपए की लागत से बने फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ करेंगे। इसमें केंद्र सरकार का 6 करोड़ रुपए का अनुदान शामिल है और यहां रोजाना 40 हजार लीटर दूध का प्रसंस्करण हो सकेगा। उज्जैन में 255 करोड़ रुपए के नए डेयरी प्लांट की परियोजना भी इसी कार्यक्रम से जुड़ी है। भोपाल में उच्च तकनीक वाली दुग्ध गुणवत्ता जांच प्रयोगशाला का शिलान्यास भी होगा। भोपाल और इंदौर दुग्ध संघों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को बोनस बांटा जाएगा। यह राशि लगभग 12 करोड़ रुपए बताई गई है। गोशालाओं को आर्थिक सहायता दी जाएगी, गोपालक दीदीयों का सम्मान होगा और भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के स्वीकृति पत्र बांटे जाएंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में शाह भोपाल बायपास पर भौंरी के पास भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के विस्तारित अत्रि परिसर का शिलान्यास करेंगे। परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण भी उनके कार्यक्रम में शामिल है। बुनियादी ढांचे में भोपाल पश्चिमी बायपास का भूमिपूजन होगा। लगभग 3,774 करोड़ रुपए की यह 35.61 किलोमीटर लंबी फोर-लेन परियोजना मंडीदीप के पास इटायाकलां से शुरू होकर कोलार और रातीबड़ होते हुए फंदा कलां तक जाएगी। इसमें फ्लाईओवर, ग्रेड सेपरेटर और रेलवे ओवरब्रिज के साथ रातापानी क्षेत्र के पास वन्यजीवों के लिए एलिवेटेड रास्ते भी होंगे। इससे भोपाल शहर में घुसे बिना इंदौर की ओर सीधा मार्ग मिलने और शहर का ट्रैफिक दबाव घटने की उम्मीद है।

न्याय व्यवस्था के मोर्चे पर शाह बीएचईएल दशहरा मैदान में नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित पांच दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह 3 से 7 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें डायल-112 से सूचना मिलने से लेकर साक्ष्य संकलन, फॉरेंसिक जांच और न्याय मिलने तक की पूरी प्रक्रिया क्राइम सीन के 3डी मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले और लाइव डेमो के जरिए दिखाई जाएगी। साइबर सुरक्षा के लिए सेफ क्लिक अभियान, ई-जीरो एफआईआर और 'से नो टू ड्रग्स' जैसी पहलों की जानकारी भी नागरिकों को मिलेगी। विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए लाइव डिजिटल क्विज़ भी होगा। इसके साथ शाह पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे, जिसमें गृह विभाग और केंद्रीय गृह मंत्रालय के बीच के मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को नवीन न्याय संहिताओं में हुए महत्वपूर्ण बदलावों, अन्वेषण में तकनीक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के बढ़ते उपयोग तथा अपराध नियंत्रण की आधुनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना है। प्रदर्शनी के माध्यम से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया से लेकर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन और उनके परीक्षण तक की प्रक्रिया को सरल एवं सहज तरीके से समझाया जाएगा।

गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने संसद के दोनों सदनों में कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों को सफलतापूर्वक रख कर 370 व 35 ए के प्रावधान को निष्प्रभावी बनाया, जिससे जम्मू और कश्मीर पूरी तरह से भारतीय संविधान के दायरे में आया। मोदी सरकार द्वारा मुस्लिम महिलाओं को सामाजिक न्याय और गरिमा दिलाने के लिए लाए गए तीन तलाक विरोधी विधेयक के दौरान उन्होंने संसद में सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। शाह ने इसे महिलाओं के अधिकार, समानता और सम्मान से जुड़ा हुआ ऐतिहासिक कदम बताया, जिससे मुस्लिम महिलाओं को इस सामाजिक और कानूनी कुप्रथा से मुक्ति मिली। यही वजह है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सुरक्षा मजबूत होती दिखती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

> केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के फैसलों से मध्य प्रदेश को बुनियादी ढांचे, सहकारिता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस सुधार और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन व्यवस्था के तहत इन परियोजनाओं ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास को एक नई दिशा और गति प्रदान की है। मप्र को नक्सल मुक्त कराने में भी शाह की बड़ी भूमिका है। अब उनका नया अभियान नशा मुक्ति है। उन्होंने देश में 'से नो टू ड्रग्स' जैसी पहल भी शुरु करवाई है।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विमान हादसा

प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल



कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम...

जब हौसला बना 174 जिंदगियों का कवच...! जब सूझबूझ ने बनाया महामानव ...! आज की दुनिया में जब हम सुपरहीरो की कहानियां पर्दे पर देखते हैं, तो असली हीरो की पहचान भूल जाते हैं। 30 सितंबर की रात 34,000 फीट की ऊंचाई पर एक भारतीय कैप्टन ने साबित कर दिया कि असली हीरो कैप नहीं पहनते, वर्दी पहनते हैं। उनका नाम है - कैप्टन स्मित मच्छार। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं। यह फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 की सच्ची दास्तान है, जो दुबई से तेल अवीव जा रही थी। वो 90 सेकंड जब मौत सामने थी...! फ्लाइट जॉर्डन के हवाई क्षेत्र से गुजर रही थी। कॉकपिट में अचानक कयामत टूट पड़ी। रिपोर्ट्स,एजेंसी व एआई के मुताबिक, ओमानी मूल के सह-पायलट ने क्रैश एक्स और चाकू से कैप्टन स्मित पर जानलेवा हमला कर दिया। उसका मकसद विमान को क्रैश कराना था। हमले में कैप्टन स्मित गंभीर रूप से घायल हो गए।शरीर से खून बह रहा था। इसी बीच विमान ने 90 सेकंड में 34,000 फीट से 16,600 फीट तक गोता लगा दिया। लगभग 14,000 फीट की सीधी गिरावट। यात्रियों में चीख-पुकार...! केबिन में अफरा-तफरी...! आम तौर पर ऐसी स्थिति में पायलट होश खो देता है। पर गुजरात के सावरकुंडला के इस प्रतिभा पुत्र ने अदम्य साहस दिखाया। लहूलुहान होने के बावजूद अटूट संकल्प...! भारी खतरे का सामना करते हुए गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने तीन काम किए जो एविएशन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। पहला, उन्होंने ट्रांसपोंडर कोड 7700 सेट किया। यानी इमरजेंसी सिग्नल, और दूसरा कोड जो गैर-कानूनी हस्तक्षेप को दर्शाता है। दूसरा, अपनी आखिरी ऊर्जा बटोरकर, फर्श पर लहूलुहान पड़े-पड़े उन्होंने कॉकपिट के दरवाजे का लॉक खोला। तीसरा, दर्द को भूलकर उन्होंने विमान को स्थिर करने की कोशिश जारी रखी। विमान में मौजूद फ्लाईदुबई के दो अन्य पायलटों ने मोर्चा संभाला और विमान को सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा दिया। उस विमान में 174 यात्री थे, जिनमें ज्यादातर इजरायली नागरिक थे। आज वे सभी अपने परिवार के साथ हैं, तो सिर्फ कैप्टन स्मित की वजह से। कैप्टन स्मित मच्छार मूल रूप से मुंबई के हैं। उन्होंने 2011 में स्पाइसजेट से अपना करियर शुरू किया। 11 साल तक लाइन-ट्रेनिंग कैप्टन और सीनियर कमांडर रहे। जून 2022 में वे फ्लाईदुबई में डायरेक्ट-एंट्री कैप्टन बने। उनके पास बोइंग 737 पर 9750 घंटे से ज्यादा का अनुभव है। कभी परिवार के टेक्सटाइल बिजनेस के लिए मैनेजमेंट पढ़ने वाले स्मित ने एक एविएशन सेमिनार में अपना जुनून पहचाना और आज वे दुनिया के लिए मिसाल बन गए। भारत से लेकर इजरायल तक सलाम...! इस दिलेरी ने दो देशों के प्रधानमंत्रियों को एक मंच पर ला दिया। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि -भारत को कैप्टन मच्छार पर गर्व है। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें 'सच्चा हीरो' बताया। उन्होंने 174 लोगों की जान बचाई। वे एक सच्चे हीरो हैं। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी कहा - 'इंडियन, इजरायली, एमिराती - अलग-अलग राष्ट्रीयता, पर एक असाधारण साहस का कार्य। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने कहा -ए ट्रू रियल लाइफ हीरो, तो सुरेश रैना ने उन्हें 'गुजरात का भूमिपुत्र' कहकर गर्व जताया। गुजरात सरकार ने उन्हें 'गुजरात गौरव पुरस्कार' देने की घोषणा की है। आज कैप्टन स्मित अबू धाबी के अस्पताल में भर्ती हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार वे खतरे से बाहर हैं। तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। यह कहानी हमें सिखाती है कि वर्दी सिर्फ नौकरी नहीं, जिम्मेदारी है। कैप्टन स्मित ने जब कॉकपिट का दरवाजा खोला, तो उन्होंने सिर्फ दरवाजा नहीं, 174 परिवारों के लिए जिंदगी का दरवाजा खोल दिया। यही सबसे बड़ी बात है, जिसे दुनिया अब समझ रही है। कैप्टन स्मित मच्छार ने 9/11 जैसी त्रासदी रोक दी ...! इजरायली पीएम नेतन्याहू ने इसीलिए कहा - उन्होंने एक भयावह हवाई त्रासदी को टाल दी।" फर्क सिर्फ इतना है, 9/11 में हमले के बाद हीरो बने, यहां कैप्टन स्मित ने हमले को ही हीरोइज्म में बदल दिया। इसीलिए आज भारत ही नहीं, तेल अवीव की सड़कों पर भी लिखा है –"थैंक यू ,कैप्टन स्मित –यू आर रियल आयरन डोम इन द स्काइ" सचमुच, कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम... !



(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता इंसान



संकलित

दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें।

करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित

प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

सटाका



आज की पाती

खादी से स्वदेशी और स्वरोजगार की राह

महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराने के लिए स्वदेशी अपनाओ पर भी जोर दिया था। उन्होंने देश में स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए ऊन, रेशम और सूत के धागों को कात कर खादी को बढ़ावा देने के लिए काम किया था। पहले तो खादी को हाथ से चरखा कात कर तैयार किया जाता था, हालांकि अब इसके लिए मशीनें भी आ गई है। महात्मा गांधी ने उस समय खादी के निर्माण को रोजगार का भी बहुत अच्छा साधन माना था। महात्मा गांधी ने खादी के लिए कहा था कि 'मैं स्वराज का विक्रेता हूं और मैं खादी का भक्त हूं। मेरा लोगों को हर ईमानदारी से खादी पहनने के लिए प्रेरित करना प्रथम कर्तव्य है।' – **जगदीश बजाज**, रोहतक

ट्रेंड

परवीन को बधाई

एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के 65 किलो बॉक्सिंग इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने पर परवीन को बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और लगन से मिली यह जीत इतिहास में दर्ज हो गई है और हर भारतीय को आप पर गर्व है। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



गर्व की बात

हर भारतीय के लिए यह गर्व की बात है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैश्विक शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की है। आज दुनिया भारत की ताकत देख रही है, भारत की आवाज सुन रही है और शांति के लिए भारत के प्रयासों को स्वीकार कर रही है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली



बापू का संदेश

सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए, बापू ने देश को आजादी का रास्ता दिखाया। आज, जब समाज में बंटवारे की कोशिशें दिखाई दे रही हैं, तब बापू का सत्य, अहिंसा, निर्भयता, सद्भाव और सर्व-कल्याण का संदेश हमें और भी मजबूत बनाता है।
- **हेमंत सोरेन**, सीएम, झारखंड



चुनाव आयोग

देश के युवा अपने वोट और संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर हैं। वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया पर उठ रहे गंभीर सवालों के बीच चुनाव आयोग अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। वोट की चोरी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी; मुख्य चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देना ही होगा।
- **कुमारी सैलजा**, सांसद, कांग्रेस



करंट अफेयर

हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का कार्यालय बनाया



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का एक नया कार्यालय शुरू किया है, जो सीधे उन्हें रिपोर्ट करेगा। यह उनके कार्यकाल में धर्म से जुड़ा नवीनतम सुधार है। हेगसेथ ने बुधवार को एक भाषण में कहा कि यह कार्यालय ' 'उच्चस्तरीय धार्मिक सहायता' ' उपलब्ध कराने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, ' 'जब हम भौतिक युद्ध लड़ रहे हैं, तो हम सभी जानते हैं कि असली लड़ाई आध्यात्मिक है।' ' पेंटागन के अनुसार, धार्मिक मामलों का कार्यालय (ओआरए) सैन्य पादरियों और धार्मिक सहायता के लिए रक्षा विभाग के उच्चतम स्तर पर काम करेगा। हालांकि, यह किसी को धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करेगा, किसी एक धर्म को प्राथमिकता नहीं देगा और किसी भी धर्म को मानने या न मानने वाले सैन्यकर्मियों के अधिकारों को कम नहीं करेगा। इस पहल की आलोचना भी हुई है। चर्च और राज्य को अलग-अलग रखने के लिए काम करने वाले संगठन 'अमेरिकन्स यूनाइटेड फॉर सेपरेशन ऑफ चर्च' की प्रमुख रेचल लेजर ने कहा कि रक्षा विभाग का दायित्व सैन्यकर्मियों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पहल अमेरिकी सैन्य नीति में ईसाई धर्म की भूमिका बढ़ाती है।

ऑफ बीट

क्या वाकई में 'राइट-ब्रेन' वाले लोग ज्यादा रचनात्मक होते हैं?



क्या आप तार्किक हैं, बारीकियों पर ध्यान देते हैं या गणित में अच्छे हैं? तो संभव है कि आपको 'लेफ्ट-ब्रेन' वाला कहा जाए। वहीं, रचनात्मक, कलात्मक और सहज-बोध वाले लोगों को अक्सर 'राइट-ब्रेन' वाला माना जाता है। हालांकि वैज्ञानिक शोध इस लोकप्रिय धारणा का समर्थन नहीं करता कि किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व या रचनात्मकता मुख्य रूप से मस्तिष्क के एक हिस्से पर निर्भर करती है, लेकिन इस पर बहस भी नहीं थमती। यह विचार लंबे समय से रहा है कि कुछ लोगों के मस्तिष्क का बायां हिस्सा अधिक प्रभावी होता है, जबकि कुछ लोगों का दायां हिस्सा। माना जाता है कि यही अंतर उनकी सोचने की शैली और व्यक्तित्व को तय करता है। लेकिन इस धारणा की शुरुआत मस्तिष्क के दोनों हिस्सों के वास्तविक अंतर से हुई थी। 1860 के दशक में फ्रांसीसी चिकित्सक पॉल ब्रॉका ने पाया कि बोलने की क्षमता मुख्य रूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से से जुड़ी है। इससे पहली बार यह संकेत मिला कि मस्तिष्क के दोनों हिस्सों की अलग-अलग भूमिकाएं हो सकती हैं। अध्ययनों से पता चला कि बायां हिस्सा भाषा जैसे कार्यों में अधिक विशेषज्ञ है, जबकि दायां हिस्सा भावनात्मक और गैर-मौखिक सूचनाओं के प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क के कार्यों का इस तरह अलग-अलग हिस्सों में केंद्रित होना केवल इंसानों तक सीमित नहीं है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उपनगरों में आयोजन कर अर्पित की पुष्पांजलि

कहीं झाड़ू लगाई, कहीं पौधे रोपकर मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



भारत को स्वच्छ रखने के लिए हमें अपना योगदान देना चाहिए:अशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, घनश्याम लालवानी, महेश गुरबानी, मनोहर सतानी, विशणु मारण, प्रकाश वीधानी, सुरेश सिंगरोली, राजेश लीलानी, आत्माराम सूर्यवंशी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, शम्मी गंगवानी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि देश की आजादी में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान है।

उन्होंने पुरी दुनिया को यह दिखाया की भारत हिंसा से नहीं बल्कि अहिंसा के जरिए देश और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं रख सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने अपने कार्यकाल में किसान और जवान को भारत की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा जिस प्रकार इस देश की रक्षा के लिए वीर जवानों का योगदान है। उसी प्रकार देश के विकास के लिए किसानों का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता महेश गुरबानी ने तथा आभार उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने व्यक्त किया।

गांधी जयंती पर विधायक पटवा ने लगाई झाड़ू, सफाईकर्मियों का किया सम्मान

विधायक ने सफाईकर्मियों का अभिनंदन कर उपहार भेंट किए

- गांधी चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद लूपिन पार्क में पौधरोपण और सफाई अभियान चला
- मंगल मार्केट में दुकानदारों से संवाद कर स्वच्छता का दिया संदेश



मंडीदीप। गांधी जयंती पर नगर में स्वच्छता और जन-जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विधायक सुरेंद्र पटवा, नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्री सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी जगदीश सोनी सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान विधायक ने बच्चों से संवाद कर उन्हें टॉफी बांटी। इसके बाद विधायक लूपिन पार्क पहुंचे, जहां पौधरोपण के साथ सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद मंगल मार्केट में भी विधायक पटवा, जीवन सिंह पाल सहित अन्य लोगों ने सड़क पर झाड़ू लगाई। विधायक ने फल विक्रेता राजकुमार प्रजापति सहित अन्य दुकानदारों से संवाद कर सड़क पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुकानदार कचरा डस्टबिन में डालें और डोर-टू-डोर कचरा वाहन में ही दें। आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी निभानी होगी। कार्यक्रम के बाद सामुदायिक भवन में नगर पालिका के करीब 200 सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। विधायक ने सफाईकर्मियों का अभिनंदन कर उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि सफाई केवल नगर पालिका या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर के साथ आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की पहल करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेम शंकर साहू नपा सीएमओ सुधीर उपाध्याय मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव विनोद जैन सहित अन्य वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

शिव मंदिर परिसर चलाया में स्वच्छता अभियान

औबेदुल्लागंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत नगर के वार्ड 13 स्थित रेलवे कॉलोनी के शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से अपने आसपास के सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के डॉ. भूपेन्द्र नागर ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और संस्कार है। धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और नगर को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री माधव यादव, वार्ड पार्षद हेमलता चौरसिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, एल्डरमैन रामकिशोर नंदवंशी, योगेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता नीरज चावला सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस का आयोजन माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

मंडीदीप। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस मंडीदीप की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपेश मीणा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर मीणा ने कहा कि देश में गोडसे की विचारधारा ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है। भारत गांधी के विचारों का देश था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा और राष्ट्रहित के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति योगदान पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने अपने कार्यों और विचारों से देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, पूर्व पार्षद, वर्तमान जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।





कालियासोत नदी की सफाई कर विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मंडीदीप। गांधी जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडीदीप इकाई के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत एसएफडी एवं विकासार्थ विद्यार्थी के माध्यम से कालियासोत नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने नदी में विसर्जित पीओपी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं एवं खंडित मूर्तियों को बाहर निकालकर व्यवस्थित रूप से नष्ट करने के लिए भेजा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पीओपी से निर्मित प्रतिमाओं के नदी में विसर्जन से जलस्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रभावित होता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नगरवासियों से नदी एवं जलस्रोतों को स्वच्छ रखने तथा आगामी नवरात्रि में पीओपी से निर्मित मूर्तियां खरीदने से बचने का आग्रह किया। साथ ही पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं को प्राथमिकता देने और धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विदिशा विभाग के विभाग संयोजक धनंजय पटेरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जिला संयोजिका प्राची मालवीय, नगर एसएफडी सह-संयोजिका इशू लोवंशी, नगर सह-मंत्री विशेष गुप्ता, नगर खेलो भारत संयोजक आदर्श पटेल, नगर खेलो भारत सह-प्रमुख पीयूष लोवंशी, विद्यालय प्रमुख प्रशांत द्विवेदी, विद्यालय सह-प्रमुख प्रिया, नगर कला मंच प्रमुख करुणा साहू, नगर कार्यकारिणी सदस्य हर्ष विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर हाट बाजार में की साफ-सफाई

औबेदुल्लागंज। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद औबेदुल्लागंज द्वारा विभिन्न गतिविधियां की गई, जिसमें नगर में सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों एवं कार्यालय में आशीर्वाद का दीया प्रज्वल्लित कर एकता का सन्देश दिया गया। उक्त मुहिम अंतर्गत ही सेवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन भी कार्यालय प्रांगण में विधायक की उपस्थिति में किया गया। अभियान में स्वच्छता के प्रति आम जान को जागरूक करने एवं सफाई कर्मियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य के दृष्टिगत सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने का सन्देश देते हुए नगर की प्रथम नागरिक लक्ष्मी सोनू चौकसे सहित पार्षद, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुजीत यादव, सुनील सेरिया, नगर परिषद की सीएमओ किरण रहंगडाले एवं अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रम दान कर हाट बाजार प्रांगण में साफ-सफाई की।



कांग्रेस ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

औबेदुल्लागंज। शुक्रवार को गांधी जयंती पर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण किया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि गांधीजी ने सदैव अहिंसा के मार्ग पर चलना सिखाया है। सभी को उन्हीं के पद चिन्ह पर चलना चाहिए। यह गांधीजी की प्रतिमा तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ और तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी के कार्यकाल में स्थापित हुई, जिससे हम गांधी जयंती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मना रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, मंडलम अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, नगर अध्यक्ष दुर्गेश यादव, जमुना राजपूत, राजू मेहरा, उत्तम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



खबर संक्षेप

श्री जिनेंद्र भगवान की शोभायात्रा 4 को

औबेदुल्लागंज। पर्युषण पर्व के उपरांत प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली श्री जिनेंद्र भगवान की भव्य शोभायात्रा एवं क्षमावाणी कार्यक्रम इस वर्ष 4 अक्टूबर, रविवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील जैन तामोट, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन, सुनील वर्धमान, प्रदीप जैन एवं तरुण जैन ने बताया कि शोभायात्रा दोपहर 1 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, स्टेशन रोड से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा पूज्य ऐलक 105 श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में निकाली जाएगी। शोभायात्रा बस स्टैंड एवं कीर्ति स्तंभ होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद भगवान श्री जिनेंद्र का अभिषेक, शांतिधारा, आरती एवं पूजन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में विमान उत्सव प्रभारी अंशुल जैन एवं सह प्रभारी शुभम जैन वर्धमान सहित जैन समाज के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समाजजनों ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता रहे, इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। जैन समाज के पदाधिकारियों ने सकल जैन समाज के सभी परिवारों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्यार्जन करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के बाद सकल जैन समाज के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

शुभांक

कल्याणः	1235		
दिनः	378	84	347
रातः	590	45	780
ताराः			
दिनः	345	20	127
रातः	189	89	126

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल चलने का कहा तो चप्पल पहनकर भागा युवक

पत्नी को ससुराल लेने पहुंचा पति, साथ चलने से इंकार करने पर खा लिया जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया जाहिर पीर में पत्नी को मायके लेने पहुंचे पति का पत्नी और ससुराल पक्ष से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की युवक ने जहर खा लिया। विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जहर खाने वाले युवक को अस्पताल चलने का कहा था, लेकिन वह कहने लगा कि चप्पल पहनकर चलता हूं। पुलिस ने उसे चप्पल पहनने का समय दिया और चप्पल पहनते ही उसने दौड़ लगा दी। हालांकि पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस में मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कल्लू सूर्यवंशी (32) मीरा नगर मंदिर के पास ईश्वर नगर शाहपुरा में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था। उसकी पत्नी से अक्सर कहासुनी होती थी। कहासुनी के बाद पत्नी गत दिनों उसे छोड़कर अपने मायके पिपलिया जाहिर पीर आ गए। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे के आसपास कल्लू अपनी पत्नी को लेने पिपलिया जाहीर पीर पहुंचा। उसने पत्नी को साथ चलने का कहा, लेकिन पत्नी ने साथ चलने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर एक बार फिर उसकी पत्नी से कहासुनी और विवाद हो गया।

पुलिस ने पकड़कर किया अस्पताल में भर्ती, इलाज के दौरान मौत

विवाद के बाद ससुराल पक्ष ने कल्लू को अपने घर जाने का कहा, लेकिन कल्लू पत्नी के लिए जाना नहीं चाहता था। लिहाजा विवाद बढ़ने लगा। इसी बीच ससुराल पक्ष से किसी ने पुलिस को विवाद की सूचना दे दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती कल्लू ने जहर खा लिया था।

बोला- रुको चप्पल पहन लूं, फिर चलता हूं

जहर खाने की बात पता चलते ही पुलिस ने उसे अस्पताल चलने का कहा। कल्लू ने कहा बिना चप्पल पहने घर से बाहर नहीं जाऊंगा। वह चप्पल ढूंढने लगा। चप्पल मिलते ही उसने दौड़ लगा दी। पुलिस ने पूछा करो उसे पकड़ लिया और जबरन अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचने पर वह कहने लगा मुझे कुछ नहीं हुआ है। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे कहा कि जहर का असर थोड़ी देर बाद होगा। इसके बाद कल्लू को 108 की मदद से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने तक जहर ने असर दिखना शुरू कर दिया था। हमीदिया अस्पताल में कुछ ही समय चले इलाज के बाद शाम को कल्लू की मौत हो गई।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित सोनपुरा मोहल्ला खजूरी में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि शोकाकुल परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस रानी राजपूत पिता गोविंद राजपूत (33) सोनपुरा खजूरी में रहती थीं। वह गृहणी थी, जबकि पति खेती किसानी करते हैं। परिवार में दो बच्चे हैं। गोविंद राजपूत ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह बाहर वाले कमरे में सो रहा था, जबकि पत्नी अंदर वाले कमरे में बच्चों के साथ सो रही थी। सुबह उसकी नींद खुली तो वह बच्चों के कमरे में पहुंचा था। इस दौरान उसने रानी को फांसी के फंदे पर लटके देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

करंट लगने से हुई थी वन्य प्राणी की मौत

बाघिन की मौत के मामले में तीसरे आरोपी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



रातापानी टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे धान के खेत में बाघिन का शव मिलने के मामले में वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वन विभाग द्वारा की गई जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपी जसमन बारेला, भूरा बारेला को बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

वहीं, एक अन्य आरोपी सरदार बारेला को भी शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वन विभाग की प्रारंभिक जांच के अनुसार करंट लगाए जाने की घटना से यह मामला जुड़ा हुआ है। मामले में वन विभाग द्वारा आगे की जांच एवं कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में वन मंडल अधिकारी औबेदुल्लागंज के मार्गदर्शन में अधीक्षक रातापानी टाइगर रिजर्व के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारी दाहोद एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिए सुझाव

मास्टर प्लान में संत नगर को कमर्शियल क्षेत्र घोषित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर को मास्टर प्लान में कमर्शियल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा गया है। पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी ने लिखे पत्र में कहा गया है कि संत हिरदाराम नगर मध्यप्रदेश का प्रमुख कपड़ा व्यापारिक केंद्र है और यहां से मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में बड़ी मात्रा में माल भेजा जाता है।



क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से विकसित किए जाने पर शासन को राजस्व के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे तथा यह प्रदेश के बड़े व्यापारिक केंद्र के रूप में और विकसित हो सकता है।पत्र में सुझाव दिया गया है कि संत हिरदाराम नगर के पूरे क्षेत्र को कमर्शियल घोषित किया जाए। साथ ही मास्टर प्लान में संत हिरदाराम नगर के आसपास फंदा क्षेत्र में बैरागढ़ कलां की जमीन को आवासीय घोषित करने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि मास्टर प्लान के ड्राफ्ट में इस क्षेत्र की अपेक्षा की गई है। इसके अलावा तालाब से 50 मीटर बाद जमीन के व्यावसायिक उपयोग की अनुमति देने तथा तालाब के किनारे गुजरात के अहमदाबाद की तर्ज पर टाउन स्क्वायर विकसित करने का सुझाव दिया गया है।

प्रदेश के सातों शासकीय आयुर्वेद कॉलेजों को मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के 10 आयुर्वेद कॉलेज समेत देशभर के जहां 56 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को इसी सत्र 2026-27 की मान्यता नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नई दिल्ली ने रोक दी है।

वहीं पर मध्यप्रदेश के सातों शासकीय आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, इंदौर, बुरहानपुर को मान्यता मिल गई है और आयुष नीट काउंसलिंग 2026-27 में ये कॉलेज शामिल हो गए हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद कॉलेज को बीएएमएस यूजी की 75 व एमडी एमएस पीजी की 74 सीटें, शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज इंदौर को यूजी की 75 सीटें व पीजी की 15 सीटों की मान्यता मिली है। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि यह पहली बार होगा इंदौर कॉलेज के लिए कि 15 विषयों में पहली बार पीजी प्रारंभ होगा, जिसमें रचना शरीर, क्रिया शरीर व शालाक्यतंत्र में 5-5 सीटों की अनुमति दी गई है। शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रीवा को यूजी की 75 व पीजी की 6 सीटें, शासकीय आयुर्वेद कॉलेज ग्वालियर को यूजी की 75 व पीजी की 5 सीटें, शासकीय आयुर्वेद कॉलेज उज्जैन को यूजी की 75 सीटें व पीजी की 17 सीटें, आयुर्वेद कॉलेज जबलपुर को यूजी की 75 सीटें, आयुर्वेद कॉलेज बुरहानपुर को यूजी की 73 सीटें यानी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को यूजी स्नातक की 523 सीटें व पीजी की 117 सीटों को मान्यता मिली है।

शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने नवनिध पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

- मप्र के राज्यपाल पटेल ने विद्यार्थियों की उपलब्धि की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



गांधी जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल के गांधी भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में नवनिध हसोमल लखानी पब्लिक स्कूल, बैरागढ़ के छात्र-छात्राओं को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैरागढ़ के नवनिध हसोमल लखानी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को राज्यपाल के हाथों सम्मान मिलना विद्यालय के लिए गौरव का विषय रहा। स्कूल के विद्यार्थी राज्यपाल मंगुभाई पटेल के हाथों सम्मानित होने पर गौरान्वित महसूस कर रहे थे।

सात साल बाद फिर से भारत भवन में सजेगी बच्चों की साहित्यिक दुनिया

10-11 अक्टूबर को 'बुकरू फेस्टिवल ऑफ चिल्ड्रन्स लिटरेचर', छह देशों के लेखक-चित्रकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत भवन में 10 और 11 अक्टूबर को 'बुकरू फेस्टिवल ऑफ चिल्ड्रन्स लिटरेचर' का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस आयोजन में 24 वक्ताओं के 42 सत्र आयोजित होंगे, जिसमें 6 देशों के ऑथर, इलस्ट्रेटर (चित्रकार) भी शामिल होंगे जो बच्चों के लिए साहित्य, कल्पना और रचनात्मकता को ओर भी बेहतर ढंग से प्रस्तुत करेंगे। बाल साहित्य से सराबोर इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 4 से 14 वर्ष तक के बच्चे किताबों, कहानियों, कला व संवाद के जरिए सीखने और कल्पना करने के नए अनुभवों से रूबरू होंगे। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित होने वाला यह आयोजन बच्चों को किताबों की दुनिया से जोड़ने के साथ उनके भीतर सवाल पूछने, सोचने और अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का अवसर देगा।

इन देशों के ऑथर होंगे शामिल

- बेटिंग ब्रेकर- डेनमार्क
- कैरोलिना सेलास- पुर्तगाल
- मार्क यान्सेन- नीदरलैंड
- लैरी ली- सिंगापुर
- ऐन कैथरीन- जर्मनी
- टैन्सी ट्रॉय- अमेरिका



चित्र 2019 में आयोजित हुए 'बुकरू फेस्टिवल' का।

कहानी ट्री के नाम होगा दूसरा दिन

वहीं, 11 अक्टूबर रविवार को 'कहानी ट्री' के अंतर्गत सत्र का शुभारंभ अतुल वाधवानी की कहानी 'दोस्त खरगोश' से होगी। इसके बाद नारायण देवन की कहानी 'द पेपरकॉर्न हू फॉरगॉट हिज नेम एंड...' प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद शाम 4 बजे 'व्हाट इफ यू स्टॉप्ड बीइंग यू?' कहानी प्रस्तुत होगी, जिसे टैंसी ट्रॉय ने लिखा है।

कहानी-केंद्रित विभिन्न गतिविधियों के नाम होगा प्रथम दिन

सुबह 11 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित फेस्टिवल के प्रथम दिन 10 अक्टूबर को कहानी-केंद्रित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ लेखिका तेजी ग्रोवर के सत्र 'बीज का कमाल' से होगा वहीं वृंदा राठी का भी एक सत्र आयोजित किया जाएगा।



सात साल बाद दोबारा यह आयोजन करना हमारे लिए गर्व की बात



इस फेस्टिवल को आयोजित करने वाले व्यंकटेश मुथुस्वामी और स्वाती रॉय ने कहा कि साल 2019 में हमने भारत भवन में ही चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल आयोजित किया था और उसके बाद सात सालों बाद हम दौबारा यह आयोजन भारत भवन में करने जा रहे हैं। और हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि इसमें डेनमार्क, पुर्तगाल, नीदरलैंड सहित छ देशों के ऑथर का शामिल होना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय हार्मोनिका महोत्सव-2026 के 13वें संस्करण का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री के विशेष आग्रह पर 87 वर्षीय कलाकार ने दी आ जा सनम मधुर चांदनी में हम... पर प्रस्तुति

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 16 राज्यों के 180 कलाकारों हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माउथ ऑर्गन भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी के समान है। दोनों में सातों स्वर समाहित हैं। ईश्वर ने हमारे रोम-रोम में स्वरों का स्पंदन दिया है, बारिश की बूंद के आधार पर पैदा होने वाली ध्वनि से महादेव का डमरू दुनिया का पहला वाद्य यंत्र बना।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 13वें भारतीय हार्मोनिका महोत्सव 2026 के अंतर्गत इंडियन माउथ ऑर्गन प्लेयर्स मीट : 2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर 87 वर्षीय वी.एम. त्रिवेदी और भारतीय हार्मोनिका ग्रुप के संस्थापक अनुपम पॉल ने आ जा सनम मधुर चांदनी में... जैसी सुमधुर धुनों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। इनसेट : माउथ आर्गन पर प्रस्तुति देते बुजुर्ग।

7से 87 वर्ष तक के माउथऑर्गन प्लेयर्स ने लिया हिस्सा

सांई तेजस ने दी शम्मी कपूर के फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति

इस अवसर पर कर्नाटक के बेंगलुरू से आए सांई तेजस ने शम्मी कपूर के फिल्मी गीतों पर हार्मोनिका की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माउथ आर्गन वादकों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की।



रघुपति राघव राजा राम.... की प्रस्तुति रही खास

इसके बाद माउथ ऑर्गन की धुनों से सराबोर इस कार्यक्रम में 7 से 87 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 180 कलाकारों ने एक ही मंच पर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया। 16 राज्यों से आए इन कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया जिसका शुभारंभ 17 वर्षीय सिद्धि सोनी ने किया। सिद्धि ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन... से शुरूआत कर रघुपति राघव राजा राम.... सहित अनेक भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।





13 साल की उम्र में थामा सुरों का दामन, 'दूल्हा बनके आ गओ जीजा' से मिली पहली पहचान

रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध बुंदेली लोकगायक सुनील लोधी से हरिभूमि से खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि चर्चा



13 साल की उम्र से गायन करता आ रहा हूं। बचपन में गायिकी की शुरुआत लता मंगेशकर के गानों की नकल करने से हुई। फिर मुझे पहली लोकप्रियता दूल्हा बनके आ गओ जीजा... गीत से मिली, जिसे यूट्यूब पर अपलोड किया तो मुझे गाने मिलने लगे। इसके बाद मुंबई के वर्सोवा बीच की एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसे देख हनुमान अंश के डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी ने संपर्क किया। तब तक हनुमान अंश के सभी गीत रिकॉर्ड पहो चुके थे, लेकिन विशाल एक और गाने की तलाश में थे और फिर मैंने उन्हें चार गाने सुझाए, जिसमें से एक मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान... भी था।

यह कहना है प्रसिद्ध बुंदेली लोकगायक सुनील लोधी का, जो शुक्रवार को रवींद्र भवन में 'एकै राम रहीम' में प्रस्तुति देने आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपनी जर्नी के बारे चर्चा की।

मेरे गुरु जुबीन नौटियाल से मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण

गायक जुबीन नौटियाल से मिलना मेरे लिए काफी खास रहा, वो मेरे गुरु हैं और जब वो मेरे कार्यक्रम में आए तो वाकई में दिल गद-गद हो गया, और गर्व से भर गया। अब मैं जल्द ही टी सीरीज लेबल के लिए गाने गाते नजर आऊंगा, जिसमें अमूमन भक्ति गीत ही होंगे।

आंखों की रोशनी आने के बाद मां-बाप और हनुमान जी को देखना चाहूंगा

सीएम मोहन यादव और हनुमान अंश की प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर ने मेरी आंखों के इलाज की बात कही है, आंखों की रोशनी आने पर मैं सबसे पहले अपने मां-बाप और हनुमान जी को देखना चाहूंगा, क्योंकि उन्हीं के गाने से मुझ जैसे व्यक्ति को लोग जानने लगे हैं। मैं कहता हूं कि आज लोग मुझे देख रहे हैं पसंद कर रहे हैं यह मेरे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।

भजन, राष्ट्रगीत की प्रस्तुतियों से गूंजा समारोह



लायंस ऑफ भोपाल ने मनाई गांधी एवं शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लायंस ऑफ भोपाल की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय रहे, जबकि अध्यक्षता लायंस ऑफ भोपाल के समन्वयक लायन हरिओम जटिया ने की। कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

प्रारंभ में लायन महेश मालवीय एवं लायन हरिओम जटिया ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हरिओम जटिया ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की भावना आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। समारोह में आर.के. शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा भजन, राष्ट्रगीत एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों और प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। उपस्थितजनों ने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। समारोह में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयपाल सचदेव, लायन एम.के. जैन, लायन कमल भंडारी, कैबिनेट सेक्रेटरी लायन शीला तिवारी, रीजन चेयरपर्सन लायन फौजिया अली सहित विभिन्न लायंस क्लबों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पोदार जंबो किड्स में गांधी और शास्त्री जयंती पर अनोखा पारिवारिक उत्सव

खादी और सूती के पारंपरिक परिधानों में माता-पिता और दादा-दादी ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कालजयी विचार नन्हे बच्चों की असीम कल्पनाशीलता से मिलते हैं, तो नजारा कितना खूबसूरत होता है। इसका जीवंत उदाहरण शुक्रवार को पोदार जंबो किड्स स्कूल में देखने को मिला। संस्थान द्वारा दोनों महान विभूतियों की जयंती के उपलक्ष्य में एक बेहद अनूठा और प्रेरणादायक पारिवारिक उत्सव सीड्स ऑफ पीस, हार्वेस्ट ऑफ होप आयोजित किया गया। इसमें खादी और सूती (कॉटन) के पारंपरिक परिधानों में बच्चों के साथ उनके माता-पिता और दादा-दादी/नाना-नानी ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन वैभव को प्रस्तुत करने का प्रयासः डॉ. इलैयाराजा

मप्र पर्यटन की प्रमोशनल फिल्म 'द सितारिस्ट' को ई4एम प्राइम टाइम अवार्ड्स में मिला गोल्ड अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पर्यटन की प्रदेश के नैसर्गिक सौंदर्य, वैभवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करती प्रमोशनल फिल्म 'द सितारिस्ट' को ई4एम प्राइम टाइम अवार्ड्स में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मप्र पर्यटन की फिल्म को उत्कृष्ट रचनात्मकता और प्रभावी संचार के लिए यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया गया है। फिल्म के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध पर्यटन अनुभवों को आधुनिक, भावनात्मक और आकर्षक अंदाज में सामने रखा गया है। सचिव पर्यटन और पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने बताया कि मप्र की पहचान केवल इसके प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी समृद्ध कला, संस्कृति, संगीत और परंपराएं भी इसकी विशिष्ट पहचान हैं। 'द सितारिस्ट' इसी सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन वैभव को एक संवेदनशील एवं रचनात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास है। इस अवॉर्ड से सम्मानित होना मप्र पर्यटन की डेस्टिनेशन प्रमोशनल पहल के लिए गौरव की बात है।



इस फिल्म में प्रख्यात सितार वादक एवं संगीतकार पं. रवि शंकर की पुत्री और शिष्या अनुष्का शंकर मुख्य भूमिका में रहीं। जो एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कलाकार हैं, जिन्हें ब्रिटिस हाउस आफ कामन शिल्ड, सांगलाइन म्यूजिक अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हैं। अनुष्का शंकर 14 बार ग्रेमी अवार्ड के लिए भी नामांकित हो चुकी हैं। यह फिल्म रचनात्मक संस्था स्पेन कम्युनिकेशन के सहयोग से बनाई गई है।

बुंदेली लोकगायक सुनील लोधी के भजनों ने बांधा समां

मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान...गीत से भक्तिमय हुआ सभागार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती अवसर पर रवीन्द्र भवन में आयोजित एकै राम रहीम भजन संध्या... कार्यक्रम में बुंदेली लोक गायक सुनील लोधी एवं दल द्वारा प्रस्तुत कर्णप्रिय भजनों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। विधायक भगवानदास सबनानी एवं अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई।



एकै राम रहीम भजन संध्या...

रघुपति राघव राजाराम से की शुरुआत

युवा गायक सुनील लोधी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए वैष्णव जण ते तेने कहिए एवं रघुपति राघव राजाराम भजन से कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए हनुमान अंश फिल्म के गीत मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान.... प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

भोपाल प्रेस क्लब का सेमिनार एवं पत्रकार सम्मान समारोह 5 को

भोपाल। भोपाल प्रेस क्लब के तत्वावधान में 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी पत्रकारिता' विषय पर महत्वपूर्ण सेमिनार एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सोमवार, 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे होटल राजहंस रीजेन्ट, आईएसबीटी के पास आयोजित होगा। कार्यक्रम में सांसद भोपाल आलोक शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, वहीं वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय एवं अजय बोकिल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर राजधानी के एक दर्जन पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें राजीव सोनी, जगदीश द्विवेदी, प्रकाश भटनागर, योगीराज योगेश, सुनील गंगराडे, अभिनव गोयल (आकाशवाणी), नीलम शर्मा, मनीष श्रीवास्तव, ममता यादव, अनुराधा त्रिवेदी, रघुवीर तिवारी एवं सचिन बैंस शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने गांधी और शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

सादगी, साहस और राष्ट्रसेवा से भरे उनके जीवन की गाथाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी, प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमेशा पथप्रदर्शक बनी रहेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि सादगी, साहस और राष्ट्रसेवा से भरे उनके जीवन की गाथाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता के स्मारक राजघाट और शास्त्री के स्मारक विजय घाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और भारत की प्रगति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमेशा पथप्रदर्शक बनी रहेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी का शाश्वत संदेश सभी को बेहतर समाज और विकसित भारत की दिशा में मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि बापू का पूरा जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का प्रकाश स्तंभ रहा और यह हर युग में मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा।

राजघाट और शास्त्री के स्मारक विजय घाट गए

पीएम मोदी, सोनिया और राहुल ने एक दूसरे को जोड़े हाथ, खरगे से की बात



सियासी हमलों के बीच शुक्रवार को संसद भवन से दिलचस्प वीडियो सामने आया। गांधी और शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के मौके पर प्रधानमंत्री , कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक साथ दिखे। सभी ने एक दूसरे को हाथ जोड़े। इस दौरान खरगे और पीएम मोदी बातचीत भी करते दिखे। पीएम मोदी के साथ स्पीकर ओम बिरला, भाजपाअध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू भी थे।

सेवाग्राम आश्रम में सर्वधर्म प्रार्थना की

वर्धा। महाराष्ट्र के वर्धा स्थित प्रतिष्ठित सेवाग्राम आश्रम में गांधी की जयंती मनाई गई। सर्वधर्म प्रार्थना और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत भक्ति गीतों के साथ आश्रम परिसर में नई तालीम से बापू कुटी तक निकाली गई शोभायात्रा से हुई। सुबह बापू कुटी में सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई और 'सूतक यज्ञ' के माध्यम से गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रचनात्मक कांग्रेस करेगी विविधता को संरक्षित

कांग्रेस के प्रकोष्ठ 'रचनात्मक कांग्रेस' ने इस अवसर पर भारत की विविधता को संरक्षित करने और स्वतंत्रता संग्राम तथा संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। संगठन ने कहा कि यह संकल्प गांधी के मूल्यों के साथ विरासत और उन संवैधानिक मूल्यों को समाहित करता है, जो देश की नींव हैं। रचनात्मक कांग्रेस ने कहा कि भारत की समृद्ध विविधता उसकी पहचान है।



गुरुग्राम में 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के तहत सफाई अभियान शुरू

गुरुग्राम। गुरुग्राम में गांधी जयंती पर 'स्वच्छता ही सेवा 2026' और 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कचरे के लिए संवेदनशील स्थलों (जीवीपी) को कचरा मुक्त बनाने के अभियान की शुरुआत की गई।

खबर संक्षेप

अमरावती में भीषण टक्कर, 7 की मौत

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में समृद्धि हाईवे पर गुरुवार को एक ट्रक और टेंपो पिकअप के बीच



टक्कर हो गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 19 दूसरे घायल हो गए। यह हादसा धामनगांव रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टेंपो में श्रद्धालु सवार थे जो राज्य के बुलढाणा में मौजूद मशहूर तीर्थस्थल शेगांव से दुर्गा प्रतिमा लेकर वर्धा जा रहे थे, तभी ट्रक से टक्कर हुई।

आत्मसम्मान से मरूं कांग्रेस से इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे विश्वेंद्र सिंह ने



शुक्रवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला उन्होंने प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर आरोप लगाने और भरतपुर-डीग की पार्टी इकाइयों पर निकाय चुनाव में असल पार्टी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाने के बाद लिया।

पूर्वी चंपारण में 4 बच्चियों की डूबने से मौत

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में शुक्रवार सुबह तालाब में नहाने के दौरान चार बच्चियों की



डूबने से मौत हो गई। यह घटना जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के इनरवाभार पंचायत के बांकट गांव में साढ़े नौ बजे हुई। मृतकों की पहचान बांकट गांव निवासी सोनावती कुमारी, उसकी बहन फूलवती, सोनाली और प्रतिभा के रूप में हुई है।

साइनबोर्ड पर हिंदी लिखी तो 2 अधिकारी निलंबित

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को यहां कहा कि राज्य के अधीन आने वाले राजमार्ग के एक



साइनबोर्ड पर आधिकारिक दो-भाषा नीति का उल्लंघन कर हिंदी शब्दों का इस्तेमाल करने के कारण 2 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने कहा कि हिंदी शब्दों को साइनबोर्ड से मिटा दिया गया है और अफसरों पर विभागीय कार्रवाई होगी।

आराधना मिश्रा यूपीसीसी की नई अध्यक्ष नियुक्त

लखनऊ। कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने यूपी में प्रतापगढ़ की रामपुर खास सीट से विधायक व वरिष्ठ नेत्री



आराधना मिश्रा 'मोना' को यूपी कांग्रेस कमेटी (यूपीसीसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इमरान मसूद को उत्तर प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। आराधना मिश्रा कांग्रेस के वरिष्ठ और दिग्गज नेता राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की पुत्री हैं।

जंतर-मंतर पर सीईसी के खिलाफ कई पार्टियों ने किया प्रदर्शन

आप नेता आतिशी, भारद्वाज, सिंह व छात्रों सहित 700 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आप नेताओं, आइसा, एसएफआई और अन्य छात्र संगठनों पर पुलिस की कार्रवाई



दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, आतिशी और संजय सिंह के साथ-साथ कुछ छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित 700 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। राजनीतिक दल और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) तथा अन्य छात्र संगठनों के सदस्य मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्थल पर किसी भी अनधिकृत जमावड़े को रोकने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

■ एसआईआर में गड़बड़, सीईसी इस्तीफा दें

पुलिस ने नहीं दी थी सभा की अनुमति

पुलिस ने जंतर-मंतर और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं, अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है और प्रदर्शनकारियों को स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर बैरिकेड लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस के जवान भी बार-बार सार्वजनिक घोषणा कर रहे थे और लोगों से जंतर-मंतर पर इकट्ठा न होने के लिए कह रहे थे क्योंकि विरोध स्थल पर किसी भी सभा की अनुमति नहीं दी गई थी।

एसएफआई ने पुलिस पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग का लगाया आरोप

एसएफआई की महासचिव आइशी घोष ने कहा कि डीवाईएफआई और एसएफआई के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस राजधानी में अपराधों को रोकने में सक्षम नहीं है, लेकिन जब ज्ञानेश कुमार जैसे किसी व्यक्ति की सुरक्षा की बात आती है, तो वे सड़कों पर उतर आते हैं।

प्रदर्शन स्थल और आसपास के इलाकों में इंटरनेट बंद

पुलिस ने कहा कि उसने आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को नॉर्थ एवेन्यू में रोक दिया, जिससे वे प्रदर्शन स्थल की ओर नहीं बढ़ सके। भारद्वाज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद उन्हें और झा को हिरासत में लिया गया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आंदोलन जारी रखने और जंतर-मंतर पहुंचने का आग्रह किया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि आप नेताओं, आइसा, एसएफआई और अन्य छात्र संगठनों सहित लगभग 700 प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर और उसके आसपास से हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन स्थल और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं।

दीपके का तंज

डीसीपी तो शाह का जनरल डायर है

जंतर-मंतर के आसपास के इलाकों में धारा 163 लागू की गई है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी सचिन शर्मा ने सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। डीसीपी सचिन शर्मा के सुरक्षा इंतजामों की जानकारी देते हुए एक वीडियो पर सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने तीखी टिप्पणी की है। अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो के कैप्शन में लिखा- ये तो अमित शाह का जनरल डायर है।

वोटों की आवाज को किसी भी ताकत से दबाया नहीं जा सकता: जाखड़

जाखड़ को संगठन के कार्यालय से जंतर-मंतर की ओर पैदल मार्च के दौरान हिरासत में लिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर आरोप लगाया कि एनएसयूआई के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं पर पुलिस कार्रवाई की गई थी। जाखड़ ने कहा कि लोगों के वोटों की आवाज को किसी भी ताकत से दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि संगठन का लोकतंत्र के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रहेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को अवैध ढांचों, अतिक्रमण को हटाने को कहा

अब 8 सप्ताह का समय दे रहे अवमानना की कार्रवाई होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को पटना में नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में बने सभी अवैध ढांचों और अतिक्रमण को हटाने के लिए 8 सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 21 जुलाई को शीर्ष अदालत ने राज्य को 6 सप्ताह का समय दिया था, ताकि बाढ़ क्षेत्र में मौजूद अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाया जा सके। 28 सितंबर को बिहार के महाधिवक्ता एसडी संजय ने पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत के निर्देशों का आंशिक पालन हुआ है। हालांकि उन्होंने कहा कि नेपाल में आई हालिया प्राकृतिक आपदा के कारण गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे यह पूरा इलाका जलमग्न हो गया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे बढ़ाना मुश्किल हो गया। पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम अंतिम बार 8 सप्ताह का समय देते हैं। अगर निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तो हमें बिहार के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को तलब करेंगे और अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

केपीएससी में धांधली नए सिरे से जांच रोकी 12 तक जवाब मांगा

उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) की पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती में कथित अनियमितताओं की नए सिरे से जांच करने और एसआईटी गठित करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ



ने नोटिस जारी किया है। सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। कोर्ट ने 12 अक्टूबर तक राज्य सरकार से जवाब मांगा है। जिसमें 400 पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं और केपीएससी की अन्य भर्तियों से जुड़े आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर उच्च न्यायालय में मूल याचिकाकर्ताओं से 12 अक्टूबर तक जवाब मांगा है।

एसआईटी में आपत्ति हो तो हलफनामा दाखिल करें

राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एसआईटी में नियुक्त अधिकारियों पर यदि कोई आपत्ति हो तो उसका उल्लेख करते हुए अतिरिक्त हलफनामा सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे।

राहुल से मिल वड़िंग का छलका दर्द

साढ़े चार साल मैंने काम किया अब मुझे आराम करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने दिल्ली में राहुल गांधी से भेंट की। अमरिंदर ने कांग्रेस हाईकमान को अपना इस्तीफा भी सौंप दिया। वड़िंग ने उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बायो में खुद को पंजाब प्रदेश कांग्रेस का पूर्व अध्यक्ष बताया था। अमरिंदर ने कहा साढ़े चार साल मैंने काम किया है, मुझे लगता है कि कुछ वक्त आराम भी करना चाहिए।

परगट सिंह बने पंजाब के नए अध्यक्ष

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन परगट सिंह को पंजाब कांग्रेस का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वे 2012 में अकाली दल के टिकट पर चुनाव जीतकर राजनीति में आए, 2017 में कांग्रेस में शामिल हुए और जालंधर कैंट से लगातार तीन बार विधायक चुने गए। अब उन्हें पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपी है।

कोलकाता में जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला

बीमा कंपनी ने खारिज कर दिया क्लेम, अब देने होंगे 1 करोड़

बिना सबूत आवेदन रद्द करना सेवा में कमी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



अगर किसी व्यक्ति ने लाइफ इंश्योरेंस करवाया हो और पॉलिसीधारक की मौत हो जाए, फिर इंश्योरेंस कंपनी क्लेम खारिज कर दें तो ऐसी स्थिति में परिवार क्या करेगा? कुछ ऐसा ही एक मामला कोलकाता से सामने आया है, जहां पर जिला उपभोक्ता आयोग ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को पॉलिसीधारक के बेटे को 1 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कंपनी को 99.41 लाख के साथ 50 हजार रुपए मुआवजा और 10 हजार रुपए कानूनी खर्च का देने को कहा। क्लेम को बिना सबूत के खारिज करना कंपनी की सेवा में कमी है।

यूसीसी पर लगी राष्ट्रपति की मुहर

राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो गया

अब गुजरात में एक समान कानूनी ढांचा होगा लागू, अधिसूचना जल्द

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गया है। गुजरात यूनिफॉर्म सिविल कोड, 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद राज्य सरकार ने राजपत्र अधिसूचना भी जारी कर दी है और राज्य में कानून को लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। मार्च 2026 में गुजरात यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पारित किया था। यह विधेयक विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन



रिलेशनशिप से जुड़े मामलों के लिए धर्म की परवाह किए बिना एक समान कानूनी ढांचा तैयार करने का प्रावधान करता है। राज्य सरकार जल्द अधिसूचना जारी करेगी।

विवाह और कानूनी मामले बदलेंगे

यूसीसी के लागू होने के बाद विवाह और उससे जुड़े कानूनी मामलों में कई महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। इसमें विवाह का पंजीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान है। लिव-इन रिलेशनशिप को भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकृत कराना होगा। कानून का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति से जुड़े मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लागू करना है।

एनसीडब्ल्यू ने केंद्रीय महिला-विकास मंत्रालय को सौंपी सिफारिशें

निजी क्षेत्र की 'महिलाओं' को मिलेगा 26 सप्ताह का अवकाश!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के ज्यादातर विकसित देशों की तरह क्या कभी भारत में भी मातृत्व या बाल देखभाल अवकाश को लेकर सरकारी और निजी क्षेत्रों में समानता देखने को मिलेगी? सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से सवाल काफी बड़ा और महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को अपनी सिफारिशें केंद्रीय महिला एवं विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी), कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) और श्रम-रोजगार मंत्रालय को सौंप दी हैं। दोनों क्षेत्रों की तुलनात्मक व्याख्या के साथ मामले पर देश में लैंगिग आधार पर महिला, पुरुष के बीच बराबरी कायम करने, असंगठित क्षेत्रों के समावेश, परिवार अनुकूल



कार्यस्थलों के जरिए देश में मातृत्व और बाल देखभाल व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना ही सिफारिशों का एकमात्र उद्देश्य है। यह जानकारी आयोग ने 2 अक्टूबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर दी है।

सरकारी क्षेत्र में मिलता 6 माह का अवकाश

एनसीडब्ल्यू की सिफारिशों के मुताबिक, सरकारी क्षेत्र की तर्ज पर ही निजी क्षेत्र में भी जैविक से इतर दत्तक या सरोगेसी के माध्यम से मातृत्व सुख प्राप्त करने वाली महिलाओं को भी कुल 26 सप्ताह (6 महीने) का वेतन सहित अवकाश मिलना चाहिए। अभी उन्हें 12 सप्ताह (लगभग 3 महीने) का अवकाश मिलता है। बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं को लेकर की गई आयोग की इस सिफारिश का आधार सर्वोच्च न्यायालय का एक फैसला है। जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 की धारा 60 (4) में संशोधन करने की सिफारिश एनसीडब्ल्यू ने सरकार से की है। इसके अलावा आयोग का ये भी मानना है कि केवल जैविक रूप से मातृत्व के आधार पर भेदभाव करने के स्थान पर बाल केंद्रित देखभाल व्यवस्था को अपनाया जाना चाहिए।

730 दिनों का बाल देखभाल अधिकार लागू हो

सिफारिशों में साझा देखभाल के मद्देनजर आयोग ने वर्तमान में बनी महिला केंद्रित बाल देखभाल व्यवस्था को लैंगिग रूप से तटस्थ बनाने की सिफारिश भी केंद्रीय मंत्रालयों से की है। जिसके तहत माता या पिता, दोनों में से कोई भी इसका लाभ उठा सकेगा। एनसीडब्ल्यू का कहना है कि 730 दिन के अवकाश को दोनों अभिभावकों के बीच समान रूप से विभाजित किया जाना चाहिए। प्रत्येक को 365 दिन का अवकाश मिलेगा। यदि दोनों एक ही संगठन में कार्यरत हैं, तो वे साझा अवकाश पूल के विकल्प का भी चुनाव कर सकते हैं।

पीएमओ अफसर बताकर 'नबन्ना' में घुसी

मंत्री से मिल दिल्ली भागी महिला, पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री कार्यालय की एक उच्च पदस्थ अधिकारी होने का दावा करने वाली महिला को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। उस पर आरोप है उसने फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके बंगाल राज्य सचिवालय नबन्ना में प्रवेश किया था। आकांक्षा विद्यार्थी ने बुधवार को झूठे बहाने बना पश्चिम बंगाल के लोक निर्माण मंत्री अजय पोद्दार से मुलाकात तय की। बातचीत के दौरान पोद्दार को उसके असंगत बयानों पर संदेह हुआ और उसने उसकी योग्यता पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। जब विद्यार्थी को अहसास हुआ कि उसकी पहचान उजागर हो गई है, तो वह अचानक परिसर छोड़कर चली गई। अधिकारियों को पता चला कि विद्यार्थी पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर चुकी थी। गुरुवार को सेंट्रल दिल्ली में विद्यार्थी को उसके घर पर ढूंढा और आखिरकार उसे हिरासत में ले लिया।

पुतिन ने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं। वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं

23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में पुतिन बोले

यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए पीएम मोदी के पास अच्छे सुझाव

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। पुतिन ने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं।

वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बहुत अच्छे सुझाव देते हैं, जिनका मकसद ऐसे समाधान तलाशना होता है जो दोनों पक्षों को स्वीकार हों, खास तौर पर ऐसे समाधान जिन पर दोनों पक्ष सहमत हो सकें।

उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिए ऋण देने के लिए तैयार | भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता की सराहना की



व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

पीएम मोदी का रूख निष्पक्ष

पुतिन ने कहा कि संघर्ष विराम में प्रधानमंत्री मोदी की गहरी रुचि है और उनके पास ऐसे बहुत अच्छे विचार हैं, जिनका उद्देश्य दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तलाशना है। इस अर्थ में पीएम मोदी निश्चित रूप से तटस्थ रुख अपनाते हैं, लेकिन संघर्ष को समाप्त करने में उनकी दिलचस्पी है। मुझे लगता है कि मेरा यह बात सीधे तौर पर कहना मेरा कर्तव्य है। हम पीएम मोदी के विचारों के लिए उनके आभारी हैं।

पश्चिम देश बढ़ा रहे तनाव

पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूरोप पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश आने वाले वर्षों में रूस के साथ युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं, बाल्टिक सागर में सैन्य अभ्यास कर रहे हैं और रूसी जहाजों को जब्त कर रहे हैं। उन्होंने उन दावों को भी बेतुका बताया, जिनमें कहा जा रहा है कि रूस किसी अन्य देश पर हमला कर सकता है या ड्रोन और तोड़फोड़ के जरिये अस्थिरता फैलाने वाली गतिविधियां बढ़ा सकता है।

परिवहन में संभावना

भारत के साथ आर्थिक गलियारों पर चर्चा जारी

पुतिन ने भारत के साथ परिवहन और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रूस ने एक चीनी कंटेनर जहाज और दक्षिण कोरियाई जहाज के साथ पायलट परियोजना की है और भारतीय मित्रों के साथ भी बातचीत चल रही है। रूस इन संभावनाओं वाले अंतरराष्ट्रीय गलियारों के संयुक्त इस्तेमाल के पक्ष में है। पुतिन ने उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका विकास केवल रूस पर निर्भर नहीं है। रूस इस परियोजना के लिए ऋण संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार है, लेकिन अभी ईरान को अपने हिस्से का काम पूरा करना है। गलियारे का एक हिस्सा अजरबैजान से होकर जाएगा और इस मुद्दे पर राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ संपर्क है। इस मामले में कोई समस्या नहीं है और अजरबैजान भी सहमत है।

हमला हुआ तो करेंगे सभी हथियारों का इस्तेमाल

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोपीय देशों पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा है, लेकिन अगर रूस के खिलाफ सीधा हमला होता है, जिसमें कालिनिनग्राद या रूस का कोई अन्य क्षेत्र शामिल हो सकता है, तो देश के पास मौजूद सभी हथियारों के इस्तेमाल का सवाल अनिवार्य रूप से और तुरंत सामने आएगा।

भारतीय संस्कृति अन्य के लिए मिसाल

पुतिन ने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुछ ऐसा है जो इसे बेहद खास बनाता है। यहां एक तरफ इतनी विविधता और अलग-अलग पहचान हैं, तो दूसरी तरफ एकता भी है।

खबर संक्षेप

कांगो में इबोला से 4000 से अधिक लोगों की मौत

बुनिया। कांगो में इबोला के प्रकोप से मरने वालों की संख्या 4,000 के पार पहुंच गई है और अधिकारियों के सामने वायरस के प्रसार को



रोकने की चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक इबोला के 8,300 पुष्ट मामलों में 4,018 लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या पुष्ट मामलों की लगभग आधी है और इसे इतिहास में इबोला का सबसे तेजी से फैलने वाला प्रकोप बताया जा रहा है। कांगो ने 15 मई को इस प्रकोप की घोषणा की थी। यह दुर्लभ बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है, जिसके लिए अभी कोई ज्ञात उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है।

मीठी नदी घोटाला मामले में डिनो मोरिया अरेस्ट

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया को मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग



(ईओडब्लू) ने कथित मीठी नदी डीसिल्टिंग घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले मुंबई में बांद्रा स्थित उनके घर पर डिनो मोरिया से करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। यह मामला मुंबई की मीठी नदी में डीसिल्टिंग और कायाकल्प (के काम में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को कथित तौर पर 65.54 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ईओडब्लू इस मामले में जांच कर रही है।

भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास

तरनतारन में 2 पाक घुसपैठिए ढेर, चेतावनी के बाद फायरिंग


सीमा पर बीएसएफ फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ तरनतारन

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खालड़ा क्षेत्र में गुरुवार देर रात घुसपैठ की बड़ी कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। राजोके बीओपी के पास भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास कर रहे दो घुसपैठियों को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया। दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 12:35 बजे राजोके बीओपी पर तैनात बीएसएफ जवानों को सीमा पार से संदिग्ध गतिविधि महसूस हुई। नाइट विजन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने पर जवानों ने पाकिस्तान की तरफ से तीन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ते देखा।

- सुरक्षा बलों द्वारा पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू

शव कब्जे में लिए पहचान नहीं हो पाई

कार्रवाई के बाद दोनों के शवों को सुरक्षा बलों ने कब्जे में ले लिया। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रारंभिक तौर पर दोनों के पाकिस्तान से संबंधित होने की बात सामने आ रही है, लेकिन बीएसएफ की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी पाकिस्तानी रेंजर्स को भी दी है। सीमा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां इस घटना को भी तस्करी के संभावित एंगल से जांच रही हैं। सूत्रों के अनुसार, आशंका है कि मारे गए घुसपैठिए नशे या हथियारों की तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि, बीएसएफ अधिकारियों ने इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

कैमरे में कैद हुए 3 से 4 संदिग्ध

रात में नाइट विजन कैमरों से निगरानी के दौरान तीन से चार संदिग्धों की गतिविधि देखे जाने की बात सामने आई है। फायरिंग के बाद दो घुसपैठियों के मारे जाने की पुष्टि हुई, जबकि अन्य संदिग्धों के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसी कारण शुक्रवार को सीमा से सटे इलाके में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या कोई अन्य घुसपैठिया भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने में सफल हुआ या नहीं। साथ ही घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में किसी हथियार, मादक पदार्थ या अन्य संदिग्ध सामग्री की बरामदगी को लेकर भी तलाशी ली जा रही है।

अमेरिका में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत-फ्रांस के बीच चर्चा

व्यापार-निवेश सहयोग को नई गति देने पर बनी सहमति, एफटीए को भी आगे बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक आकर्षण मामलों के मंत्री निकोलस फोरिसिएर के साथ मुलाकात कर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि बैठक में भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्य फोकस भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) को आगे बढ़ाने, भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण सहयोग का विस्तार करने, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण और संयुक्त नवाचार पहलों को बढ़ावा देने पर रहा। उन्होंने कहा कि वह इस वर्ष के अंत में फ्रांसीसी मंत्री के भारत दौरे का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जहां दोनों देश द्विपक्षीय आर्थिक एजेंडा को आगे बढ़ाने पर और विस्तार से चर्चा करेंगे।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) को आगे बढ़ाने, भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण सहयोग का विस्तार करने, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण और संयुक्त नवाचार पहलों को बढ़ावा देने पर रहा

आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल फ्रांस के मंत्री निकोलस फोरिसिएर के साथ चर्चा करते हुए

बैठकों में वैश्विक आर्थिक साझेदारी पर जोर

ये बैठकें जी20 सम्मेलन के दौरान गोयल की अन्य प्रमुख वैश्विक नेताओं के साथ हुई चर्चाओं के बाद हुईं। इन बैठकों में मुक्त व्यापार समझौते, निवेश प्रवाह, बाजार पहुंच, डब्ल्यूटीओ सुधार, तकनीकी सहयोग और वैश्विक आर्थिक साझेदारी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। अर्थव्यवस्थाओं और क्षेत्रीय समूहों के साथ अपने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर, यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस शेफचोविच, ब्राजील के विदेश मंत्री मॉरो विएरा, मेक्सिको के अर्थव्यवस्था सचिव मार्सेलो एब्रार्ड और पोलैंड के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमांस्की सहित कई नेताओं से भी मुलाकात की।

सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया के मंत्री से की मुलाकात


माजिद कसाबी, गोयल

गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल-कसाबी के साथ भी मुलाकात की। इस बैठक में प्रस्तावित भारत-गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते और व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। दक्षिण कोरिया के व्यापार मंत्री पार्क जंग-सुंग के साथ हुई बैठक में भारत-दक्षिण कोरिया सीईपीए को अपग्रेड करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। वार्ता के दौरान संतुलित व्यापार वृद्धि, भारतीय कृषि, फार्मास्यूटिकल और समुद्री उत्पादों की बेहतर बाजार पहुंच तथा भारत में दक्षिण कोरियाई विनिर्माण निवेश बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

कनाडा के साथ सीईपीए पर समीक्षा

पीयूष गोयल ने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू के साथ भी बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) पर चल रही वार्ताओं की समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने बातचीत को तेज करने और वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के साझा लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता दोहराई।


मनींदर सिद्धू, गोयल


ट्रंप और मोदी फाइल फोटो

भारत-यूएस व्यापार समझौता

राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी जल्द करेंगे एक और वार्ता

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौते पर तुरंत किसी फैसले के आसार नहीं है, हालांकि दोनों पक्षों ने उन पेचीदा मुद्दों या बाधाओं की पहचान कर ली है जिन्हें सुलझाया जाना बाकी है। मिलवॉकी में ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा के लिए बहुत जल्द एक बार फिर फोन पर बातचीत कर सकते हैं। ग्रीर ने कहा कि मंत्री गोयल और मेरे बीच सार्थक बातचीत हुई है। चूंकि हमारी टीम इस समय यहीं देश में मौजूद हैं, इसलिए उनके बीच बैठकों का दौर जारी है। हम भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

समुद्री सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने से जुड़े मामले पर मंथन

नौसेना के कमांडर सम्मेलन का समापन वरिष्ठों ने रणनीतिक तैयारियों को परखा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में बीते 29 सितंबर से जारी नौसेना का तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन समाप्त हो गया है। जिसमें बल ने घरेलू और वैश्विक स्तर पर दुनिया के कई भागों में जारी सैन्य संघर्षों के बीच अपनी रणनीतिक और लॉजिस्टिक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की है। नौसेनाप्रमुख सहित देश में मौजूद समुद्री सेना की तीन अन्य कमांड (पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी) के प्रमुखों और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।


नौसेना के कमांडर सम्मेलन

प्रशिक्षण, एचआर प्रबंधन में सुधार पर हुई चर्चा

सम्मेलन के दौरान नौसेना के कमांडरों ने न केवल रणनीतिक तैयारियों को जांचा-परखा। बल्कि लॉजिस्टिक, मरम्मत और प्रशिक्षण, एचआर प्रबंधन के मामले में सुधारों के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इन तमाम मसलों पर आपसी संवाद करने का एकमात्र उद्देश्य वर्तमान समय में तेजी से उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के मध्य उन्नत तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के समावेश और मानवरहित विमानों या ऐसे प्लेटफार्म की बढ़ती भूमिका का आकलन करना था। कमांडर सम्मेलन नौसेना का एक द्विवार्षिक आयोजन है।

ईरान पर नए हमलों की तैयारी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने 9000 सैनिक पश्चिम एशिया भेजे

एजेंसी ▶▶ लंदन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर धमकी दी है कि ईरान पर अमेरिका के नए सिरे से हमले हो सकते हैं। उन्होंने


डोनाल्ड ट्रंप

कहा कि अमेरिका में तीन नवंबर के चुनाव के बाद ईरान में बमबारी बढ़ाना संभव है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अपनी रणनीति के बारे में ज्यादा नहीं बता सकते। इसी के मद्देनजर ट्रंप प्रशासन करीब नौ हजार सैनिकों को जहाजों के एक समूह के जरिये पश्चिम एशिया भेज रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया की ओर जा रहे जहाजों के इस समूह में 7,000 से ज्यादा नौसैनिक और मरीन कॉर्प्स के 2,000 सैनिक हैं। इस समूह में यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत का स्ट्राइक ग्रुप शामिल है। यह हाल ही में यूएसएस चोसिन क्रूजर के साथ रवाना हुआ था। इसमें यूएसएस मेकिन आइलैंड एम्फीबियस रेडीनेस ग्रुप भी शामिल है।

लद्दाख की बंजर धरती में महकेगी 'केसर'

4 हजार वर्गमीटर में रोपे गए 90 हजार ईरानी कंद


(इनसेट में) रोपाई करते वीके सक्सेना

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अब बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करने का प्रयोग किया जा रहा है। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 'एक्स' पर शुक्रवार को लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लद्दाख में पहली बार बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करने के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रयोग किया जा रहा है। इस बुवाई अभियान का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया। उन्होंने कहा कि स्पितुक फारका के कमांड एरिया में गेट नंबर-27 के पास करीब 4,000 वर्गमीटर जमीन पर 90 हजार उच्च गुणवत्ता वाले ईरानी केसर के कंद रोपे गए हैं। इन कंदों का कुल वजन करीब 800 किलो है।

स्पेन की नौसेना के साथ संयुक्त गतिविधियों में रहेगी भागीदारी

नियमित समुद्री तैनाती के बीच स्पेन पहुंचा नौसेना का युद्धपोत 'त्रिशूल'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारतीय नौसेना का अग्रिम पंक्ति का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल अपनी मौजूदा तैनाती के तहत स्पेन के वेलेंसिया पहुंच गया है। जिसमें वह भारत के इस मित्र देश की नौसेना के साथ पहले से निर्धारित की गई संयुक्त गतिविधियों में भाग लेगा। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि त्रिशूल युद्धपोत वर्तमान में भूमध्य सागर, अटलांटिक और उसके आसपास के क्षेत्रों की अपनी नियमित समुद्री तैनाती पर है। जिसके तहत ही अब उसने स्पेन को अपने पड़ाव के रूप में चुना है।

▶▶ त्रिशूल युद्धपोत की यह तैनाती नौसेना की रणनीतिक तैयारी, अंतरराष्ट्रीय पहुंच और सुरक्षित, स्थिर समुद्री वातावरण में अत्यंत महत्वपूर्ण


आईएनएस त्रिशूल स्पेन के वेलेंसिया बंदरगाह पर

रणनीतिक अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा

त्रिशूल युद्धपोत की यह तैनाती नौसेना की रणनीतिक तैयारी, समुद्री गतिविधियों से लेकर अंतरराष्ट्रीय पहुंच और एक सुरक्षित, स्थिर समुद्री वातावरण की दिशा में जरूरी योगदान को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। साथ ही स्पेन के बंदरगाह में डाले गए युद्धपोत के लंगर के दौरान यह कई पेशेवर गतिविधियों में शामिल होगा। जिसमें एक दूसरे के जंगी पोतों का भ्रमण करना, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सेदारी अहम रहेगी। इस कवायद के जरिए दोनों नौसेनाओं को आपस में अपने रणनीतिक अनुभवों का आदान-प्रदान करने और आपसी समझ को भी बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

वरुण युद्धाभ्यास में शामिल हुआ त्रिशूल

स्पेन पहुंचने से पहले नौसैन्य युद्धपोत त्रिशूल ने फ्रांस की नौसेना के साथ टूलॉन में द्विपक्षीय वरुण युद्धाभ्यास में भाग लिया था। इस वर्ष इसका 24 वां संस्करण आयोजित किया गया था। अभ्यास के दौरान पेशेवर गतिविधियों को बखूबी अंजाम दिया गया। साथ ही बंदरगाह और समुद्री जैसे दो चरणों को दोनों नौसेनाओं ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके बाद स्पेन पहुंचना एक प्रकार से नौसेना का मित्र देशों या भागीदार नौसेनाओं के साथ की जाने वाली समुद्री गतिविधि से जुड़ा हिस्सा है।

भगवान शिव के त्रिशूल से मिला नाम

यहां बता दें कि त्रिशूल युद्धपोत नौसेना का तलवार श्रेणी का एक बेहद शक्तिशाली और गोपनीय ढंग से हमला करने वाला एक गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है। जिसका नाम भगवान शिव के शक्तिशाली अस्त्र त्रिशूल के नाम पर पड़ा है। रूस में इसका निर्माण किया गया था और नौसेना में यह युद्धपोत 2003 में शामिल हुआ। समुद्री तैनाती के दौरान त्रिशूल युद्धपोत का मुख्य कार्य दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और सतह पर मौजूद लक्ष्यों पर सटीक वार उन्हें नष्ट करने का है।

अमेरिकी एयरबेस पर हुई बड़ी सुरक्षा चूक

ब्रिटिश-ईरानी नागरिक गिरफ्तार 'आतंकवादी' साजिश का शक

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड में अमेरिका द्वारा संचालित एक एयरबेस के पास हुई सुरक्षा घटना की जांच के सिलसिले में ब्रिटिश पुलिस ने ब्रिटेन और ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले 27 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में कार्रवाई की है। व्यक्ति को गुरुवार को लंदन में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ब्रिटेन की राजधानी में दो ठिकानों की तलाशी ली गई। यह मामला रॉयल एयर फोर्स यानी आरएएफ फेयरफोर्ड में सप्ताहांत के



दौरान हुई सुरक्षा घटना से जुड़ा है। इस एयरबेस का इस्तेमाल अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने ईरान पर हमले के लिए किया है। रविवार को आरएएफ फेयरफोर्ड के पास व्हेलफोर्ड गांव में पुलिस को सूचना मिलने के बाद 20 साल की उम्र के पांच ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

भारत को एक मिनट में मिले 2 गोल्ड, बॉक्सर अंकुश और रेसलर सुजीत बने चैंपियन

एशियन गेम्स 2026 में शुक्रवार का दिन भारत के लिए बेहद खास रहा। कुश्ती और बॉक्सिंग में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में गोल्ड मेडल डाल दिए। इसी गोल्डन सिलसिले में पहलवान सुजीत कलकल और बॉक्सर अंकुश पंघाल ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर भारत का नाम रोशन किया।

एजेंसी ▶▶ नागोया

सबसे पहले कुश्ती के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल ने शानदार मुकाबला जीतकर भारत को कुश्ती में गोल्ड दिलाया। सुजीत ने फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडिएव को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह 2026 एशियन गेम्स में भारत का कुश्ती में पहला गोल्ड भी है।

इसके तुरंत बाद बॉक्सिंग में अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। अंकुश ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और शानदार प्रदर्शन के साथ एशियन गेम्स का खिताब अपने नाम किया।

बॉक्सिंग में एक दिन तीन गोल्ड मेडल

भारतीय बॉक्सिंग टीम ने इस दिन तीन गोल्ड मेडल पूरे किए। इससे पहले लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा भी अपने-अपने फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी थीं। यानी एशियन गेम्स के इस दिन भारत के लिए बॉक्सिंग और कुश्ती से लगातार गोल्ड आने का सिलसिला देखने को मिला।





सेपकटकरा : भारत को मिला कांस्य

भारतीय टीम शुक्रवार को एशियाई खेलों की सेपकटकरा प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान जापान से 0-2 से हार गई और इस तरह से उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत सेमीफाइनल मैच 12-15, 13-15 से हार गया। भारतीय टीम ने दूसरे सेट में जापान को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में वह जीत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। इससे पहले भारत ने अपने सभी मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने ग्रुप चरण में लाओस (2-0), वियतनाम (2-0) और म्यांमार (2-1) को हराया था। दूसरी ओर जापान ने ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसकी शुरुआत इंडोनेशिया से 1-2 की हार से हुई थी। इसके बाद उसने सिंगापुर और कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्रिकेट : आज टीम इंडिया के सामने पाकिस्तान की चुनौती



नागोया। विश्व चैंपियन भारत शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान की युवा टीम के खिलाफ अपने अनुभवी सितारों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। दोनों देशों के बीच यह मुकाबला एशियाई खेलों की पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का अब तक का सबसे अधिक राजनीतिक तनाव वाला फाइनल होगा। मैदान पर दोनों टीमें जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और मैदान के बाहर भी दोनों के बीच तनातनी बनी रहने की संभावना है। पिछले साल एशिया कप के दौरान शुरू हुई हाथ न मिलाने की परंपरा के कारण इस मुकाबले से पहले या बाद में भी खिलाड़ियों के एक-दूसरे से हाथ मिलाने की संभावना बेहद कम है।

लगातार बारिश के कारण दोनों टीमों को मैदान पर सीधे सेमीफाइनल मुकाबले में उतरना पड़ा। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल आसानी से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस तरह दोनों को स्वर्ण पदक के लिए सिर्फ दो मुकाबले जीतने पड़े हैं। भारत के अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण और नये टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा।

पुरुष हॉकी : टीम की नजरें स्वर्ण पर, आज मलेशिया से खिताबी भिड़ंत

काकामिगाहारा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है। दूसरी ओर मलेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा मलेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यह मुकाबला अच्छा रहेगा।



महिला डिंगी सेलिंग : नेत्रा ने कांस्य पदक किया अपने नाम

गामागोरी सिटी। भारत की नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को एशियाई खेलों की महिला डिंगी सेलिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने चौथे एशियाई खेल अभियान में पहला पदक हासिल किया। चेन्नई की 29 वर्षीय नेत्रा ने कुल 14 अंक हासिल किए। दो बार की इस ओलंपियन ने फाइनल रेस में सात और क्वालीफिकेशन रेस में भी सात अंक जुटाए और तीसरे स्थान पर रहीं। थाईलैंड की सोफिया मॉन्टगोमरी ने पांच अंक के साथ स्वर्ण, जबकि सिंगापुर की जेनिया आंग ने 13 अंक के साथ रजत पदक जीता। नेत्रा ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, 'मेरी भावनाएं मिली-जुली हैं। यह मेरे चौथे एशियाई खेल हैं और आखिरकार यहां से कोई पदक लेकर लौटना अच्छा लग रहा है। मैंने हालांकि कई गलतियां कीं और काफी अंक गंवाए।' सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और सबसे कम कुल अंक वाला खिलाड़ी विजेता बनता है। नेत्रा ने अपनी अंतिम दो रेस में से एक में जीत हासिल की, जबकि दूसरी रेस में वह छठे स्थान पर रहीं।

तीरंदाजी : महिला रिकर्व टीम ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण



नागोया। महिला रिकर्व टीम ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष रिकर्व और मिश्रित रिकर्व टीमों ने रजत पदक अपने नाम कर एशियाई खेलों की तीरंदाजी में शुक्रवार के दिन को भारत के लिए शानदार बना दिया। रिकर्व टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से पहले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज सभी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर चुके हैं। भारत ने तीरंदाजी में अब तक कुल सात पदक जीत लिए हैं, जिनमें चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अंकिता भकत, कीर्ति शर्मा और 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ की महिला रिकर्व टीम दिन का पहला पदक दिलाया। भारतीय तिकड़ी ने तेज हवा के कारण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच धैर्य बनाए रखते हुए गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-3 (54-54, 56-56, 55-51, 54-54) से हराकर यादगार जीत दर्ज की।

खबर संक्षेप



प्रणवी को एकल बढ़त स्वर्ण पदक की उम्मीद

नागोया। भारत की प्रणवी उर्स ने शुक्रवार को तीसरे दौर में चार अंडर 66 का स्कोर बनाकर तीन स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली और एशियाई खेलों की महिला गोल्फ प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक के लिए खुद को मजबूत दावेदार बना दिया। पहली बार एशियाई खेलों में भाग ले रही मैसूर की इस 23 वर्षीय खिलाड़ी का कुल स्कोर 15 अंडर 195 है और वह सिंगापुर की शैनन टैन से तीन शॉट आगे है, जो तीसरे दौर में एक-ओवर 71 के स्कोर के साथ लड़खड़ा गईं और नीचे खिसक गई। शैनन से एक स्ट्रोक पीछे चीन की यिन रुओनिंग हैं। उन्होंने चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 11-अंडर 199 का स्कोर हासिल किया। प्रणवी के स्कोर में पांच बर्डी शामिल थीं, जबकि उन्होंने पार-फोर 14वें होल पर एक बोगी लगाई। उन्होंने पहले, तीसरे और आठवें होल में बर्डी बनाई।

समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगी नीरू



नागोया। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा रविवार को एशियाई खेलों के समापन समारोह में भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी। नीरू ने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक और एक टीम रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी अपना तीसरा पदक जीतने के एक दिन बाद भारत लौट गई थी। अब वह समापन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने के लिए शनिवार सुबह नागोया वापस जाएंगी। भारत की उपमाशन प्रमुख अंजलि भागवत ने शुक्रवार को बताया, 'नीरू समापन समारोह में महिला ध्वजवाहक होगी।

गेंदबाजी की 'गुत्थी' सुलझाने उतरेगा भारत

भारत और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी वनडे आज

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

पहले दो मैच में जीत हासिल कर चुकी भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गेंदबाजी की गुत्थी सुलझानी होगी, जिसमें अनुभवी रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। भारत ने सीरीज में दबदबा बनाए रखा है, लेकिन उनके प्रदर्शन के बजाय चर्चा पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने पर केंद्रित रही है, क्योंकि पिछले वनडे में 800 से अधिक रन बने थे। इन परिस्थितियों की आलोचना करने वालों में भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी शामिल हैं, जो बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहते हैं। सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त ले चुकी भारतीय टीम अब अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



युजवेंद्र चहल ने लाल गेंद क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय टीम से बाहर चल रहे लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले महीने लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित मैदान पर नॉर्थम्पटनशर की ओर से मिडलसेक्स के खिलाफ अपना आखिरी इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके चहल लाल गेंद की क्रिकेट में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने 49 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिनमें 6 बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने के



कारनामे सहित 148 विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर की तरफ से अपने अंतिम प्रथम श्रेणी सत्र में चहल ने 5 मैचों में 21 विकेट लिए, जिसमें डरहम के खिलाफ एक मैच में 9 विकेट लेना भी शामिल है।

टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था

चहल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'मैंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच लॉर्ड्स में खेला था। यह कहते हुए मैं भावुक हो रहा हूं क्योंकि टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था। एक ऐसा सपना, जिसे मैंने कई साल तक संजोकर रखा। भले ही यह सपना पूरा न हुआ हो, लेकिन मैं अपने अब तक के सफर से पूरी तरह संतुष्ट हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए लाल गेंद का क्रिकेट केवल एक अन्य प्रारूप नहीं था। यहीं मैंने धैर्य, जज्बा, दृढ़ता और घंटों तक मैदान पर रहकर हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने के आनंद का मतलब सीखा।'

नेशंस लीग फुटबॉल : जर्मनी ने सर्बिया को दी शिकस्त

जर्मनी कोच जुर्गेन क्लोप ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी के मुख्य कोच के रूप में जुर्गेन क्लोप ने आखिरकार पहली जीत का स्वाद चखा जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में भी पुर्तगाल ने नेशंस लीग फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क को 4-2 से हराया। फ्लोरियन विर्ट्ज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत में जर्मनी ने म्यूनिख में ग्रुप ए2 में सर्बिया को 2-0 से हराया।

पूर्व खिलाड़ी 59 वर्षीय क्लोप नीदरलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ और यूनान के हाथों मिली 0-1 की चौंकाने वाली हार के बाद अपने शुरुआती तीनों मैचों में जीत से महरूम रहने वाले जर्मनी के पहले कोच बनने की कगार पर थे। टॉम बिशॉफ 39वें मिनट में ने गोल कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। विर्ट्ज ने इसके बाद मैक्सिमिलियन मिटेलश्टेट के क्रॉस पर शानदार गोल करके जर्मनी की बढ़त 2-0 कर दी।



कोच और रोनाल्डो में मतभेद

पुर्तगाल ने दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में कोपेनहेगन मे डेनमार्क को 4-2 से हराया। कोच जॉर्ज जीसस के साथ कथित मतभेद के बाद रोनाल्डो ने एक दिन पहले ही टीम का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। रोनाल्डो की जगह खेल रहे गोंकालो रामोस ने जोआओ कैंसेलो के शुरुआती गोल में मदद की।

गोल नहीं कर सके हालैंड

वेल्स ने कार्डिफ में 10 खिलाड़ियों वाली नॉर्वे की टीम को 2-1 से हराकर ग्रुप ए4 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मुकाबले में नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड गोल नहीं कर सके। हालैंड के लिए यह अपने देश की ओर से पिछले 18 प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में केवल दूसरा मैच था, जिसमें वह गोल नहीं कर सके।

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज पर जमाया कब्जा

इंडिया ए ने कराया ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ पुडुचेरी

ऑस्ट्रेलिया ए के इंडिया ए ने दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच को बचा लिया है। मैच की चौथी पारी में जीत के लिए 365 रनों का लक्ष्य दिया था।

मैच में एक दिन से ज्यादा का समय बचा हुआ था। इसके बाद भी मुश्किल विकेट पर इंडिया ए ने मैच को ड्रॉ करवा दिया है। आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया ए को 9 विकेट की जरूरत थी लेकिन उनके गेंदबाज 8 ही भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर पाई। दो मैचों की इस सीरीज को इंडिया ए ने 1-0 से अपने नाम किया।



इंडिया ए ने चौथी पारी में 310 रन बनाए

इंडिया ए ने अपनी चौथी पारी में 9 विकेट पर 310 रन बनाए। जब टीम का 9वां विकेट गिरा तो 18 गेंद का खेल बाकी थी। नचिकेत भुटे ने प्रफुल हिंगे के साथ मिलकर टीम को बचा लिया। भुटे ने 21 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए।

कोलकाता पहुंची ब्राजील की फुटबॉल टीम, आज होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय फुटबॉल टीम अभी तक के अपने सबसे बड़े मुकाबले में शनिवार को जब पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैत्री मैच खेलने के लिए उतरेगी तो वह बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेगी। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी और विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील पहली बार भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसकी टीम में रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस, मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस और अनुभवी



मार्क्विनहोस शामिल हैं। ब्राजील की टीम ऐसे शहर पहुंची है, जहां उनकी पीली जर्सी के दीवानों की कमी नहीं है। विश्व कप के दौरान यह शहर ब्राजील और अर्जेंटीना की जर्सी रंग से पटा रहता है। कागजों पर भले ही यह मुकाबला बेमेल नजर आ रहा हो लेकिन 138वें स्थान पर काबिज भारत के लिए अपनी प्रगति को परखने का यह शानदार मौका है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 26/वर्ष 2026-27/कार्य.यं. — नरसिंहपुर, दिनांक 28/09/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

क्रं	टेण्डर आई डी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रू लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्रं	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2026_PWDRB_513899_2	नरसिंहपुर	मजबूतीकरण	नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर मगरधा सांकल सिंहपुर मैनावारी पहुंच मार्ग शहरी क्षेत्र मिसिंग लंबाई 3.60 कि. भी. (विद्युतीकरण कार्य सहित) का मजबूतीकरण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण)	462.12	4,62,500	15,000	द्वितीय आमंत्रण	05 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
				योग	462.12					

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10/10/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समावार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 10/10/2026, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर

G-19377/26

" स्वच्छता ही सेवा "

सराफा व्यापारी की दुकान से 205 ग्राम गोल्ड चोरी का खुलासा, बाल अपचारी ने की थी चोरी

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, 40 लाख का गोल्ड बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कोतवाली पुलिस ने सराफा व्यापारी की दुकान से 205 ग्राम गोल्ड चुराने वाले बालअपचारी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उक्त मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को देवांश अग्रवाल (27) गुरुजुपुरा थाना कोतवाली ने शिकायत करते हुए बताया था कि उनकी झंकार गोल्ड के नाम से ज्वैलरी शॉप है। दुकान में एक नौकर को तीन महीने से काम कर रहा है। 27 को उनका नौकर 12 बजे दुकान पहुंचा। इस दौरान वह दुकान से 205 ग्राम सोने का टुकड़ा व दूसरे डिब्बे में गोल्ड के कुछ जेवर और नगदी 6 हजार रुपए चुराकर ले गया। कोतवाली पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच की। 26 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर बालअपचारी को गांधी नगर से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी करने की बात स्वीकार ली। जिससे चोरी किए गए सोने के टुकड़े और जेवर के बारे में पूछताछ की गई। बाल अपचारी ने सोने का टुकड़ा एवं जेवर अपने मित्र प्रिंस यादव व मोंटू को देना और अन्य सामान प्रिंस यादव के दोस्त अनुराग के घर रखने की बात स्वीकारी। पुलिस ने आरोपी मोंटू उर्फ मानव और अनुराग से चोरी गए सामान के संबंध में पूछताछ की गई। जिन्होने सामान प्रिंस यादव को देना बताया। बाद में आरोपी प्रिंस यादव की तलाश की गई। आरोपी प्रिंस यादव को आरिफ नगर प्रिंस के पास से पुलिस अभिरक्षा में लेकर चोरी किया सामान के संबंध में पूछताछ कर आरोपी के बताये स्थान से एक सोने का टुकड़ा व सोने के जेवर बरामद किए गए। प्रकरण में अन्य आरोपी पुष्पेन्द्र जोशी व कपिल जोशी की तलाश की जा रही है।

मुंह पर कपड़ा बांधकर पहुंचे युवकों ने पेट्रोल पंप की मशीन में की तोड़फोड़

भोपाल। बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता ट्रांस्पोर्ट नगर में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप देर रात पहुंचे बाइक सवार बदमाशों में एक बदमाश ने मशीन में तोड़फोड़ कर दी। उसने रॉड से दो मशीनों में तोड़फोड़ की है। जब तक कर्मचारी मशीन के पास पहुंचते आरोपी भाग निकले थे।

रात में ड्यूटी कर रहे सेल्समैन ने ने पहले पेट्रोल पंप संचालक को जानकारी दी फिर बाद में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार आरोपियों पर तोड़फोड़ का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अशोक मीणा जमुनिया कला बिलखिरिया में रहता है और कोकता ट्रांस्पोर्ट नगर में प्रेस्टीज कॉलेज के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में सेल्समैन है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात उसकी नाइट ड्यूटी थी।

वह पेट्रोल पंप में अंदर ऑफिस में अन्य सेल्समैन के साथ सोया हुआ था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचे। वह मशीन के पास पहुंचे और पीछे बैठे युवक ने रॉड निकालकर मशीन में तोड़फोड़ कर दी। तीनों युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे।

थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए है। वीडियो देखने पर पता चला कि बाइक सवार तीनों बदमाश लूटपाट या चोरी की नीयत से नहीं आए थे। वह नशे में धुत नजर आ रहे थे। आते ही उन्होंने तोड़फोड़ की और भाग निकले।

भोपाल में एक साल से नहीं चला बड़ा पीयूसी जांच अभियान; 2025 में सिर्फ 77 चालान

पीयूसी के बिना धड़ल्ले से दौड़ रहे वाहन चेकिंग के नाम पर सिर्फ हेलमेट-सीट बेल्ट तक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में वाहन बिना पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सर्टिफिकेट के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसके बावजूद पीयूसी जांच को लेकर न तो नियमित अभियान चल रहा है और न ही बड़े स्तर पर कार्रवाई हो रही है। ट्रैफिक पुलिस की रोजाना चेकिंग में भी मुख्य फोकस हेलमेट और सीट बेल्ट पर ही रहता है। ऐसे में वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण शहर की हवा को प्रभावित कर रहा है।

इस साल अब तक सिर्फ 53 वाहनों पर ही कार्रवाई | वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण शहर में हवा को प्रभावित कर रहा

यूपी के कुछ जिलों में पीयूसी नहीं तो पेट्रोल नहीं का नियम



पड़ोसी राज्य यूपी के कुछ जिलों में 1 अक्टूबर से बिना पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों को पेट्रोल नहीं देने की व्यवस्था लागू की गई है। मप्र में भी पीयूसी को लेकर कई नियम और व्यवस्थाएं बनाई गई हैं, लेकिन इनका पालन प्रभावी तरीके से नहीं हो पा रहा है। पीयूसी की वैधता खत्म होने के बाद भी वाहन सड़कों पर चलते रहते हैं।

हेलमेट के हजारों चालान बने

थाना यातायात सूत्रों के अनुसार भोपाल में वर्ष 2025 में पीयूसी उल्लंघन के करीब 77 चालान बनाए गए। इनमें वर्ष के अंतिम चार महीनों में 35 चालान हुए। वहीं, वर्ष 2026 में अब तक करीब 53 चालान बनाए जा चुके हैं। इसके मुकाबले हेलमेट और सीट बेल्ट उल्लंघन के मामलों में हजारों चालान किए गए हैं।



अभियान चलाते हैं....

मप्र में फिलहाल पीयूसी नहीं तो पेट्रोल नहीं जैसी कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। कमर्शियल वाहनों को बिना पीयूसी के परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिए जाते हैं। इसका सख्ती से पालन होता है। प्राइवेट वाहनों में जरूर ऐसी स्थिति देखने को मिलती है, लेकिन इनके खिलाफ परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाए जाते हैं।

किरण शर्मा, डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर

परिवहन विभाग के पास नहीं है ऐसे वाहनों का रिकॉर्ड

सूत्रों के अनुसार परिवहन विभाग के पास ऐसा कोई स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे यह पता चल सके कि प्रदेश में कितने वाहनों के पीयूसी सर्टिफिकेट की वैधता खत्म हो चुकी है। मप्र में पीयूसी की वैधता सामान्य तौर पर छह महीने की होती है। ऐसे में समय सीमा खत्म होने के बाद वाहनों की निगरानी और कार्रवाई की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

पिछले साल दिसंबर में शुरू हुआ अभियान 3-4 दिन में थम गया

राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए तत्कालीन संभाग आयुक्त संजीव कुमार सिंह ने 5 दिसंबर को बैठक में पीयूसी जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। 16 दिसंबर से अभियान शुरू होना था, लेकिन यह तीन-चार दिन से ज्यादा नहीं चल सका। इसके बाद करीब एक साल बीतने को है, लेकिन राजधानी में पीयूसी को लेकर कोई बड़ा अभियान नहीं चलाया गया।

भोपाल आरटीओ में रजिस्टर्ड वाहन

बीएस-2	2,82,529
बीएस-3	5,71,609
बीएस-4	2,88,876
बीएस-6	5,66,862

वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने नहीं देना पड़ेगा 2003 का रिकॉर्ड

एसआईआर में कटे नो-मैपिंग वाले दो लाख वोटर्स के दोबारा जुड़ेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फरवरी माह में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर के दौरान मृत, शिफ्टेड, एबसेंट और डबल केटेगरी के चार लाख से अधिक वोटर्स के नाम काटे गए थे। भारत निर्वाचन आयोग ने नए नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 में वर्ष-2003 और माता-पिता के रिकार्ड का नया कॉलम भी जोड़ दिया था। अब फार्म-6 में बदलाव करते हुए रिकार्ड का कॉलम हटा दिया है। जिससे भोपाल में नो मैपिंग वाले करीब दो लाख ऐसे मतदाता जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई थी, वह नाम जुड़वाने के लिए दोबारा से आवेदन कर सकेंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे ने बताया कि नए नाम जुड़वाने के लिए वर्ष-2003 और माता पिता के रिकार्ड का कॉलम हटा दिया गया है। नए नाम जुड़वाने के लिए अब यह रिकार्ड देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आधार कार्ड, मार्कशीट और माता या पिता के वोटर के आधार पर नया नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शास. हमीदिया महाविद्यालय में आयोजन

स्वच्छता व सामाजिक जागरुकता का दिया संदेश, कैडेट्स ने स्वच्छता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल में एनसीसी डायरेक्टोरेट एमपी एंड सीजी के निर्देशानुसार एसएससीडी गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर एनसीसी आर्मी विंग के 50 कैडेट्स द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई तथा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय महात्मा गांधी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता था। प्रतियोगिता में एलसीपीएल गौरव पाल ने प्रथम, कैडेट प्रकाश मालवीय ने द्वितीय तथा कैडेट वेदांत जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना मिश्रा, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, प्राध्यापक आरके विजयवर्गीय, डॉ. सारिका मिश्रा, डॉ. रश्मि सोनी एवं डॉ. ममता कुशगोटिया तथा समस्त वाणिज्य विभाग उपस्थित रहा। कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. माया बकोरिया के मार्गदर्शन में हुआ।

खबर संक्षेप

भाभा विवि के छात्र गोविंद का इसरो में वैज्ञानिक पद पर चयन

भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय के एम.टेक वीएलएसआई डिजाइन के छात्र गोविंद सिंह का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक अभियंता 'एसी' के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है।



गोविंद सिंह की पोस्टिंग यूआर राव सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में हुई है, जो इसरो का प्रमुख उपग्रह केंद्र है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसाद पिल्लई, प्रति कुलपति डॉ. भारती सातनकर, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज शुक्ला, कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकर, डॉ अशोक कुमार झाला, प्रो सुरेश गावंडे व फैकल्टी सदस्यों ने गोविंद सिंह को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

तीन दिवसीय जिउतिया व्रत नहाय खाय से हुआ शुरू

भोपाल। संतान की दीर्घायु,आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना से भोजपुरी समाज द्वारा मनाया जाने वाला जीवित्पुत्रिका (जीउतिया) व्रत तीन अक्टूबर को समाज की महिलाओं द्वारा मनाया जाएगा ।तीन दिवसीय व्रत की शुरुआत 2 अक्टूबर को नहाय खाय से हुई। भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा के अध्यक्ष राहुल दुबे और सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि आज माताएँ स्नान कर सात्विक भोजन की। परंपरानुसार साग,मड़ुआ की रोटी और तरोई की सब्जी शामिल है। तीन अक्टूबर को निर्जला व्रत रखकर भगवान जीमूतवाहन की पूजा की जाएगी। चार अक्टूबर को पारण होगा। इस अवसर पर खटलापुरा घाट पर सैकड़ों महिलाएँ एकत्रित होकर पूजा करेंगी। समिति द्वारा घाट पर साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था कराई गई है।

प्रौद्योगिकी से जुड़े मॉडल, प्रयोगों और नवाचारों का अवलोकन किया

सेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान मेले में बढ़ाया वैज्ञानिक जिज्ञासा का दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सेज इंटरनेशनल स्कूल कोलार के कक्षा नौवीं से लेकर ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मेला का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न मॉडल, प्रयोगों और नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप में समझने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से नई जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों से संवाद कर विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीन प्रयोगों और तकनीकी विकास के बारे में जानकारी ली। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच, रचनात्मकता एवं समस्या-समाधान कौशल को प्रोत्साहित किया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की पढ़ाई से आगे बढ़कर व्यावहारिकता से जोड़ना रहा। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर सेज ग्रुप के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन विज्ञान को समझने के साथ-साथ नई सोच और रचनात्मकता के लिए प्रेरित करते हैं।

महिलाओं ने सुरक्षित आवाजाही के लिए उठाई आवाज



भोपाल। भोपाल में सुरक्षा और सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं की सुरक्षित आवाजाही के मुद्दे को लेकर शुक्रवार शाम शहर की महिलाओं और युवतियों ने पैदल मार्च निकाला।

प्रधानमंत्री मोदी से किया विशेष आग्रह

कैप्टन स्मित मच्छार को 'सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक' से सम्मानित किया जाएः कैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि फ्लाईदुबई विमान दुर्घटना जैसे एक बड़े संभावित संकट को अपनी अद्भुत वीरता, साहस, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा से टालने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को देश के प्रतिष्ठित सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया जाए।

विषम परिस्थितियों में त्वरित निर्णय और कर्तव्य के प्रति समर्पण मानवता एवं राष्ट्र गौरव का अनुपम उदाहरण है। सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक भारत उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने स्वयं के जीवन को खतरे में डालकर दूसरों के प्राण बचाने के लिए असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

भारतीय कैप्टन स्मित के लिए गूंजे प्रार्थना के स्वर



फ्लाईदुबई की फ्लाइट में भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर शुक्रवार को सेवा संकल्प युवा संगठन के युवाओं ने मरघटिया महावीर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर हनुमानजी महाराज से प्रार्थना की। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि कैप्टन स्मित ने गंभीर चोटों के बावजूद 174 यात्रियों की जान बचाई उस पर पूरे देश को गर्व है। पूरा देश उनके साथ है। महामृत्युंजय का जाप सब जगह चल रहा है। उनकी हिम्मत, धैर्य और सूझबूझ ने इतने लोगों की जान बचाई।

उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

आधा दर्जन से अधिक उप कुलसचिव स्तर के अधिकारी बने कुलसचिव

स्वाति वशिष्ठ हिंदी विवि, डीके बग्गा विक्रम विवि, डॉ. संभालेंगे डीएवीवी कुलसचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों में पदस्थ उप कुलसचिव स्तर के अधिकारियों को पदोन्नत करते हुए कुलसचिव के पद पर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में पदस्थ रहीं स्वाति वशिष्ठ को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय का कुलसचिव बनाया गया है।

वे पांढुर्णा कलेक्टर नीरज वशिष्ठ की पत्नी हैं। डीके बग्गा को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन से कुलसचिव पद पर जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर भेजा गया है। डॉ. प्रज्जवल खरे को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का कुलसचिव बनाया गया है।

रचना ठाकुर को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू, इंदौर में कुलसचिव पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में पदस्थ अनिल कुमार शर्मा को कुलसचिव पद पर पदोन्नत कर पदस्थ किया गया है। डॉ. अजय वर्मा भी पदोन्नति के बाद क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन में ही कुलसचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कुछ अन्य नाम भी शामिल हैं।

286 प्रशिक्षु अधिकारियों का तीन माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्रारंभ

मप्र पुलिस अकादमी में 92वें सूबेदार, उप निरीक्षक बैच का प्रशिक्षण शुरू, तकनीकी व प्रशासनिक तौर पर होंगे पारंगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पुलिस अकादमी भोपाल में 92वें सूबेदार, उप निरीक्षक बैच के बुनियादी प्रशिक्षण का शुभारंभ निदेशक, विशेष पुलिस महानिदेशक पुलिस अकादमी रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। इस आधारभूत प्रशिक्षण में वर्ष 2025 बैच के चयनित कुल 286 प्रशिक्षु सूबेदार, उप निरीक्षक (182 पुरुष एवं 104 महिला) शामिल हैं।

प्रशिक्षण में पारंपरिक पुलिसिंग के आधारभूत ज्ञान के साथ वर्तमान समय की पुलिसिंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक, साइबर अपराध अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक पुलिसिंग एवं प्रशासनिक दक्षता जैसे विषयों को विशेष रूप से शामिल किया गया है।



आंतरिक प्रशिक्षण में कानून, प्रशासन एवं आधुनिक पुलिसिंग पर जोर

तीन माह के बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को आंतरिक प्रशिक्षण के तहत पुलिस संगठन एवं प्रशासनिक व्यवस्था, कानून का प्रारंभिक एवं व्यावहारिक ज्ञान-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण अधिनियम, पुलिस कार्यप्रणाली एवं पुलिस रेग्यूलेशन, व्यक्तित्व विकास, मानव व्यवहार, पुलिस में नैतिकता एवं प्रबंध कौशल एवं कम्प्यूटर अवेयरनेस एवं पुलिस कार्यों में कम्प्यूटर का प्रभावी उपयोग विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इन विषयों का मिलेगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों में कानून एवं न्यायिक व्यवस्था की समझ, उप निरीक्षक, सूबेदार के अधिकार एवं सीमाओं का ज्ञान, विभिन्न राज्य एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय, सामुदायिक पुलिसिंग तथा अपराध अनुसंधान की व्यावहारिक दक्षता विकसित करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930